* ओड़िशा संस्करण

16 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 356

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

827 माध्यमिक शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

श्रीमती महुआ माजी
माननीया सांसद, राज्यसभा

श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा रांची

श्री सी.पी. सिंह
माननीय विधायक, विधानसभा रांची

दिनांक : 16 अक्टूबर, 2023 | समय : अपराह्न 1 बजे
स्थान : स्व॰ रामदयाल मुण्डा फुटबॉल मैदान मोराबादी, रांची

P.R. 309188 (School Education and Literacy) 23-24

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

सर्राफा

सोना (बिक्री)	56,400 रु./10 ग्राम
चांदी	75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in

जातीय राजनीति के शोर में अलग से गूंज रहा ओबीसी का मुद्दा

■ 47 फीसदी ओबीसी वोटरों को अपने पक्ष में आकर्षित करने में जुटीं पार्टियां

■ दलितों-पिछड़ों के समूह से अलग इस वर्ग का हमेशा से रहा है अलग रुझान

■ बड़ा सवालः इस बार चुनावों में किस तरफ झुकेगा ओबीसी वोटरों का पलड़ा

चुनावी बुखार में तप रहे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में आजकल जातीय राजनीति की धूम मची हुई है। हर दल राजनीति के अपेक्षाकृत इस नये स्वरूप से बचना तो चाहता है, लेकिन वोटों की लालच उसे घुमा-फिरा कर फिर से इसी तालाब में धकेल देती है। जातीय राजनीति के इस शोर में दलितों और पिछड़ों की बात तो हो रही है, लेकिन ओबीसी, यानी अन्य पिछड़ा वर्गों की बात कम ही सुनाई पड़ती है, जबकि हकीकत यह है कि देश में ओबीसी जातियों की आबादी करीब 47 प्रतिशत है और यह किसी भी चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। स्वाभाविक है कि इतनी विशाल आबादी को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए हर दल अपने तरीके से कोशिश करने लगा है। 2014 और 2019 के चुनाव में ओबीसी का झुकाव आम तौर पर भाजपा की तरफ रहा था, जिसका मुख्य कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इसी समुदाय से आना था। लेकिन इस बार जातीय जनगणना के मुद्दे पर लीड लेकर कांग्रेस और विपक्षी दलों ने भाजपा के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। महिला आरक्षण बिल में ओबीसी कोटा और जातिगत सर्वेक्षण की मांग कर ओबीसी वोटरों की गोलबंदी की कोशिश में जुटी कांग्रेस की यह चाल ऊपर-ऊपर तो प्रभावी दिख रही है, लेकिन अब तक यह तय नहीं है कि इस बार ओबीसी समुदाय का पलड़ा किस तरफ झुकेगा। देश के चुनावी माहौल में ओबीसी कार्ड की स्थिति और इसके संभावित झुकाव के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

राकेश सिंह

चुनावी तपिश में तप रहे पांच राज्यों के साथ पूरे देश में इन दिनों जाति का मुद्दा सियासत के केंद्र में है। इसे लेकर सत्ता पक्ष या विपक्ष में कोई अंतर नजर नहीं आ रहा है, हालांकि अब तक इस मुद्दे का पलड़ा किस तरफ झुका हुआ है, इसका संकेत नहीं मिल सका है। लेकिन इस जाति की सियासत के शोर में एक ऐसा वर्ग हाशिये पर धकेल दिया गया है, जो देश भर के चुनाव परिणाम को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। सबसे बड़ा आश्चर्य तो इस बात को लेकर है कि इस वर्ग की चुनावी क्षमता और ताकत का अंदाजा होने के बाद अब राजनीतिक दल इसे साधने की कोशिश में जुट गये हैं। यह वर्ग है ओबीसी का, जिसे अन्य पिछड़ा वर्ग कहते हैं। एक अनुमान के अनुसार देश की आबादी का 47 प्रतिशत हिस्सा ओबीसी समुदाय का है। कहा जाता है कि यह आबादी जिस तरफ झुक जाती है, चुनावी जीत उसकी ही होती है। इसलिए अगले महीने होनेवाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और फिर अगले साल होनेवाले संसदीय चुनावों में इस समुदाय को साधने की तमाम कोशिशें शुरू हो गयी हैं।

ओबीसी समुदाय किसके साथ

भारत का चुनावी इतिहास बताता है कि ओबीसी समुदाय 2014 से पहले तक आम तौर पर विभाजित रहा था। लेकिन 2014 में पहली बार इसने भाजपा के पक्ष में वोट किया। इसका मुख्य कारण नरेंद्र मोदी का ओबीसी समुदाय का होना था। चुनावों में भाजपा ने जीत हासिल की और नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बन गये। अगले पांच साल उनकी सरकार के कामकाज और दुनिया भर में भारत की स्थिति में सुधार को ओबीसी समुदाय ने अपनी जीत के तौर पर लिया। इसलिए 2019 में एक बार फिर इस समुदाय ने कुछेक अपवादों को छोड़ कर भाजपा का साथ दिया और पार्टी को प्रचंड बहुमत हासिल हो गया।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 15 फीसदी ओबीसी वोट, जबकि भाजपा को 44 फीसदी ओबीसी वोट मिला था। यहां तक कि सामाजिक न्याय की राजनीति करनेवाले दलों के हिस्से में भी 41 फीसदी ओबीसी वोट ही आया था, जबकि 1996 में भाजपा को 21 फीसदी, सामाजिक न्याय वाले दलों को 54 फीसदी और कांग्रेस को 24 फीसदी ओबीसी वोट मिला था। ये आंकड़े ही बता देते हैं कि क्यों राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव, लालू प्रसाद और नीतीश कुमार को ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाने की जरूरत है।

इस बार स्थिति अब तक साफ नहीं

लेकिन इस बार स्थिति अब तक साफ नहीं है। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ओबीसी कार्ड जम कर खेल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं, गोया उनके पास कोई गेम चेंजिंग आइडिया आ गया है। भले ही विपक्षी गठबंधन के सभी दल जातीय जनगणना के पक्ष में न हों, पर राहुल गांधी इसे मुख्य चुनावी मुद्दा बता रहे हैं। कांग्रेस शासित राज्यों में जातिगत जनगणना की गारंटी दी जा रही है। यहां तक कि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री ने भी अपने अधिकारियों को बिहार के अधिकारियों से जातिगत जनगणना की प्रक्रिया की जानकारी लेने को कहा है। असम के मुख्यमंत्री सामाजिक-आर्थिक जातिगत जनगणना कराने की घोषणा कर चुके हैं। ओड़िशा में नवीन पटनायक जातिगत सर्वे करवा चुके हैं और पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट का इंतजार है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री के पास ओबीसी सर्वे की रिपोर्ट तैयार पड़ी है, जिसे उचित समय पर सार्वजनिक करने की बात की जा रही है। आचार संहिता लागू होने से पहले राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जातीय सर्वे की घोषणा तो कर ही चुके हैं, राहुल गांधी की मौजूदगी में ओबीसी का आरक्षण 21 फीसदी से बढ़ा कर 26 करने का एलान भी कर चुके हैं। अब नीतीश कुमार सरकार की अगली रिपोर्ट का इंतजार हो रहा है। उसमें पता चलेगा कि किस जाति के कितने लोग सरकारी नौकरी में हैं, किस पद पर हैं, निजी क्षेत्र में किस जाति के कितने लोग हैं, कितनों के पास कार-मोटरसाइकिल या साइकिल है और कितनों के पास कितनी जमीन है। इससे यह भी पता चलेगा कि सुशासन बाबू के राज में सामाजिक न्याय की दिशा में कितना काम हुआ, महादलितों, महापिछड़ों और पसमांदा मुस्लिमों की आर्थिक हालत कैसी है? नीतीश कुमार इसे समझ रहे हैं, तभी तो कह रहे हैं कि सर्वे कराने का मकसद राजनीति करना नहीं, बल्कि ओबीसी की वास्तविक संख्या का पता लगा कर उसके हिसाब से विकास की योजनाएं बनाना है।

यही बात राहुल गांधी भी कर रहे हैं। वह समझ रहे हैं कि ओबीसी जनगणना को युवा ओबीसी को मिले रोजगार के मौकों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण से जोड़ना है। पढ़ाई और नौकरी युवा ओबीसी को लंबे समय तक विपक्षी गठबंधन से जोड़े रख सकती है। कांग्रेस समझ रही है कि उसे सत्ता में आना है, तो अपने वोट बैंक में भारी-भरकम इजाफा करना है। ऐसा वोट बैंक महापिछड़े ही हैं।

इस हिसाब से आगामी दिसंबर से देश में सियासत करने का तरीका बदलने वाला है। अगर कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और तेलंगाना में जीत हासिल की, तो ऐसा नरैटिव स्थापित किया जायेगा, जैसे यह ओबीसी वोट की गोलबंदी से हुआ है। वैसी स्थिति में जातीय सर्वे की घोषणा कर दी जायेगी। आगामी जनवरी में जब भाजपा अयोध्या में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन समारोह करवा रही होगी, तब विपक्ष के भीतर से ओबीसी सर्वे की मांग उठ रही होगी। बिहार का सर्वे सामने आया, तो प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विपक्ष का पाप बताया। मोदी ने अगले दिन गरीब को सबसे बड़ी जाति बताया, तो कांग्रेस पर मुसलमानों का हक छीनने का अजीबो-गरीब आरोप जड़ दिया। मोदी के इस बयान के गहरे अर्थ हैं। गरीबों की बात कर मोदी ने हर उस वर्ग को प्रभावित करने की कोशिश की है, जो आज भी दो जून की रोटी के लिए जिंदगी की जंग लड़ रहा है। उसका तो सारा दिन रोटी की जुगाड़ में कट जाता है। जात-पात के लफड़े उसे समझ में नहीं आते। उसे जहां दो जून की रोटी दिखती है, वह वहीं अपना श्रम बेचने लगता है। मजदूर की भूमिका में ये लोग यह नहीं देखते कि वे हिंदू के यहां काम कर रहे हैं या मुसलमान के यहां। अगड़ों के यहां काम कर रहे हैं या पिछड़ों के यहां। उन्हें तो सिर्फ दो जून की रोटी की चिंता है। मोदी इस बात को भलीभांति समझते हैं। इसीलिए उन्होंने गरीबों की संख्या सबसे बड़ी बतायी है। जाहिर है, उसे अपने पक्ष में करने के लिए ही केंद्र सरकार ने मुफ्त में अनाज और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी हैं। इसका क्रम आगे भी जारी रहेगा। ये ऐसी सुविधाएं हैं, जिन्हें लेने के बाद लोग अंतरात्मा की आवाज पर वोट करते हैं और उसी में भाजपा का पलड़ा भारी हो जाता है। गरीबों को ही ध्यान में रख कर भाजपा की रणनीति का एक रास्ता रोहिणी कमीशन की ओबीसी कोटे को चार श्रेणियों में बांटने की सिफारिश की तरफ जाता है, पर इसके अपने राजनीतिक जोखिम हैं। भाजपा को सवर्णों का भी ध्यान रखना है, जो उसका कोर वोट बैंक है। संघ ने वर्षों की मेहनत के बाद ओबीसी को भाजपा के पक्ष में लाने में सफलता पायी है। दलितों में महादलित और पिछड़ों में महापिछड़ों को लेकर भाजपा नये सिरे से गोलबंदी करने की सोच रही है। अगर ऐसा हुआ, तो देश में नये सिरे से जातीय गोलबंदी होगी और इस सोशल इंजीनियरिंग की गंगा में कौन बचेगा, कौन बह जायेगा, अंदाजा लगाना मुश्किल है।

राजनीतिक हलचल

कांग्रेस ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में उम्मीदवार घोषित किये

कांग्रेस ने मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में अगले महीने से होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए 229 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इनमें मध्यप्रदेश से 144, छत्तीसगढ़ से 30 और तेलंगाना से 55 उम्मीदवारों के नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को पार्टी ने छिंदवाड़ा से टिकट दिया है। सीएम शिवराज सिंह के खिलाफ बुधनी से विक्रम मस्ताल को उतारा गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनकी परंपरागत सीट पाटन से और डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को अंबिकापुर से प्रत्याशी बनाया गया है।

एमपी में कांग्रेस के 144 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी, 96 विधायकों में से 69 को फिर से टिकट

सिंधिया के चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच कांग्रेस ने शिवपुरी से दिग्गज केपी सिंह को उतारा

कांग्रेस ने गोटेगांव से विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति का टिकट काट दिया। उनकी जगह शेखर चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। कटंगी विधायक टामलाल सहारे का टिकट काट कर पूर्व सांसद बोध सिंह भगत, गुनौर से विधायक शिवदयाल बागरी की जगह जीवन लाल सिद्धार्थ, भगवानपुरा में निर्दलीय विधायक केदार डाबर और झाबुआ में वर्तमान विधायक कांतिलाल भूरिया की जगह बेटे विक्रांत भूरिया को उम्मीदवार बनाया है। पिछोर से पांच बार के विधायक केपी सिंह को शिवपुरी से प्रत्याशी बनाया गया है, जबकि पिछोर सीट पर शैलेंद्र सिंह प्रत्याशी बनाये गये हैं। बुधनी विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने विक्रम मस्ताल को टिकट दिया गया है। बुधनी के रहनेवाले मस्ताल टीवी सीरियल एक्टर हैं। उन्होंने 2008 में रामायण सीरियल में हनुमान का किरदार निभाया है। इंदौर-1 में कैलाश विजयवर्गीय के सामने कांग्रेस के संजय शुक्ला चुनाव मैदान में होंगे। कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में गये मंत्री तुलसीराम सिलावट के सामने सांवेर से रीना बौरासी को टिकट दिया है। भोपाल में नरेला सीट पर भाजपा के विश्वास सारंग के सामने मनोज शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। मध्य सीट पर मौजूदा विधायक आरिफ मसूद को टिकट दिया गया है। बैरसिया में पिछला चुनाव हारीं जयश्री हरिकरण को फिर से प्रत्याशी बनाया गया है। खरगोन जिले की भगवानपुरा सीट से निर्दलीय विधायक केदार डाबर को कांग्रेस ने टिकट दिया है। केदार ने पिछला चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस को समर्थन दिया था। दतिया में भाजपा के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के सामने अवधेश नायक को टिकट दिया है। अवधेश भाजपा सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे हैं। सिंधिया के साथ बीजेपी में गये और फिर वापस कांग्रेस में लौटे बैजनाथ यादव को कोलारस से प्रत्याशी बनाया है। यहां भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए वीरेंद्र रघुवंशी को टिकट की उम्मीद थी। सुरखी से परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के सामने जनपद अध्यक्ष नीरज शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है। नरयावली से कांग्रेस ने अपने पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी पर ही दांव लगाया है। विजयपुर में पूर्व विधायक रामनिवास रावत को उम्मीदवार घोषित किया है। जौरा में उपचुनाव हारे पंकज उपाध्याय को मौका दिया गया है। अटेर में पूर्व विधायक हेमंत कटारे को टिकट दिया गया है। मेहगांव में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह के भांजे राहुल भदौरिया को प्रत्याशी बनाया गया है। गुना जिले की बमोरी सीट पर पूर्व मंत्री कन्हैया लाल अग्रवाल के बेटे ऋषि अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। कन्हैया लाल पिछला चुनाव भाजपा के महेंद्र सिंह सिसोदिया से हार गये थे। मुंगावली सीट पर भाजपा के पूर्व विधायक रहे स्व. राव देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। ग्वालियर ग्रामीण सीट पर बहुजन समाज पार्टी से पिछला चुनाव लड़े साहब सिंह गुर्जर को प्रत्याशी बनाया है। भांडेर में पूर्व विधायक फूल सिंह बरैया को टिकट दिया है। पोहरी सीट पर पिछला उपचुनाव लड़े कैलाश कुशवाह को दोबारा टिकट दिया है। शिवपुरी जिले की पिछोर सीट पर केपी सिंह की जगह शैलेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है। शैलेंद्र के पिता भानु प्रताप सिंह पहले विधायक रह चुके हैं। वर्तमान में शैलेंद्र सिंह नगर पालिका अध्यक्ष हैं। कांग्रेस ने 144 में से 65 टिकट 50 साल से कम उम्र के लोगों को दिये हैं। ओबीसी वर्ग के 39 प्रत्याशी हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के 22 और अनुसूचित जनजाति वर्ग के 30 उम्मीदवार के नामों की घोषणा की है। 19 महिलाओं को प्रत्याशी बनाया है। छह अल्पसंख्यक वर्ग के नेताओं को टिकट दिया गया है। पांच जैन और एक मुस्लिम को भी टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने पहली लिस्ट में शिवपुरी विधानसभा सीट को लेकर बड़ा फैसला किया है। यहां से पिछोर के मौजूदा विधायक केपी सिंह को टिकट दिया है। केपी सिंह पिछोर सीट से छह बार चुनाव जीत चुके हैं। वहीं, अटकलें हैं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को बीजेपी शिवपुरी से चुनाव लड़ा सकती है।

छत्तीसगढ़: कांग्रेस की पहली लिस्ट में आठ विधायकों का कटा टिकट

30 में से 14 सीटें एसटी, एससी को तीन, महिलाओं को चार और अल्पसंख्यक को एक टिकट

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने 30 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। उनके साथ ही कई नये चेहरों को साल 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने मौका दिया है। इस बार पार्टी ने आठ विधायकों के टिकट काट दिये हैं। पहले चरण की 20 सीटों पर मतदान होना है। ऐसे में उसके 19 प्रत्याशी घोषित कर दिये गये हैं। सिर्फ जगदलपुर सीट से प्रत्याशी का एलान नहीं किया गया है। छत्तीसगढ़ में आठ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी ने नये चेहरों के साथ-साथ पिछले विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कर विधायक और मंत्री रहे गुरु रुद्र कुमार के विधानसभा क्षेत्र में बदलाव किया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने जिन विधायकों का टिकट काटा है उनमें पंडरिया से विधायक रही ममता चंद्राकर का नाम शामिल है। वहीं, खुज्जी विधायक छन्नी साहू को भी इस बार के चुनाव में मौका नहीं दिया गया है। वजह है जीत के बाद अपनी ही पार्टी से बगावत करना। इसके साथ ही शिशुपाल शोरी, गुरु दयाल बंजारे, भुनेश्वर सिंह बागेल, अनुप नाग, राजमन बेंजाम को भी टिकट नहीं मिला है। इसके अलावा आठवा नाम दंतेवाड़ा विधानसभा देवती कर्मा का है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने राजनांदगांव विधानसभा सीट पर नये चेहरे को मैदान में उतारा है। बता दें कि राजनांदगांव विधानसभा सीट से भाजपा के पूर्व सीएम रमन सिंह मैदान में उतरे हैं। वहीं, उनके खिलाफ गिरीश देवांगन को कांग्रेस पार्टी ने मौका दिया है। छत्तीसगढ़ में 30 में से 14 सीटें एसटी समुदाय को दी गयी हैं। वहीं एससी की तीन सीटें हैं। सिर्फ चार महिलाओं और एक अल्पसंख्यक उम्मीदवार को टिकट दिया गया है। कांग्रेस ने पार्टी के आंतरिक सर्वेक्षण के अनुसार उन विधायकों को टिकट दिया है, जिनकी पकड़ मजबूत है।

तेलंगाना में कांग्रेस ने जारी की 55 उम्मीदवारों की सूची, पहली सूची में शीर्ष नेताओं को टिकट

तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने पहली सूची में अपने 55 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। राज्य में कुल 119 विधानसभा सीटें हैं। तेलंगाना कांग्रेस की पहली सूची में शीर्ष नेताओं को टिकट दिया गया है। सूची में तेलंगाना पीसीसी अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, कांग्रेस विधायक दल के नेता मल्लू भट्टी विक्रमार्क, पूर्व मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, टी जीवन रेड्डी और डुडिला श्रीधर बाबू शामिल हैं। गजवेल निर्वाचन क्षेत्र से थुमकुंटा नरसा रेड्डी को टिकट दिया गया है। यहां बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव चुनाव लड़ेंगे। वहीं, रेवंत रेड्डी और उत्तम कुमार रेड्डी वर्तमान में क्रमशः मल्काजगिरी और नलगोंडा निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोकसभा सदस्य हैं। पूर्व पीसीसी अध्यक्ष उत्तम कुमार रेड्डी की पत्नी पद्मावती रेड्डी को कोडाद क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। पीसीसी अध्यक्ष कोडांगला से और उत्तम कुमार रेड्डी हुजूरनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। निर्मल सीट से कुचडी श्रीहरि राव को मैदान में उतारा है। वहीं, उप्पल से एम पारामेश्वर रेड्डी तो कोलापुर से जुपली कृष्णा राव को टिकट दिया गया है। इनके अलावा, बहादुरपुरा से राजेश कुमार पुलिपाती, गढ़वाल से सरिथा तिरुपथैया, शदनगर से के शानकराइ को टिकट दिया गया है। मौजूदा बीआरएस विधायक मैनापल्ली हनुमाथराव, जो कुछ दिन पहले कांग्रेस में शामिल हो गये थे, को मल्काजगिरी सीट दी गयी है। उनके बेटे रोहित राव मेडक विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। तेलंगाना में 30 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। दक्षिणी राज्य तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान कराया जायेगा। चुनाव नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किये जायेंगे। पार्टी ने जानकारी दी है कि शेष 64 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम एक या दो दिन में तय किये जायेंगे और जल्द ही घोषणा की जायेगी।

16 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 356

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

सीएम आज 827 शिक्षकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

- सभी हाइस्कूल में हुए हैं नियुक्त
- जे गुरुजी एप की भी होगी लांचिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राज्य के हाइस्कूलों में नवनियुक्त 827 शिक्षकों को सोमवार को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इसकी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मोरहाबादी के फुटबॉल स्टेडियम में दोपहर एक बजे से इस बाबत एक समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में सीएम हेमंत सोरेन नियुक्ति पत्र देने के साथ-साथ स्कूली बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा प्रदान कराने को लेकर विकसित किये गये 'जे गुरुजी' एप का भी लोकार्पण करेंगे।

पश्चिमी सिंहभूम में सबसे अधिक शिक्षक होंगे नियुक्त

स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग के मिली जानकारी के अनुसार

नवनियुक्त कुल 827 शिक्षकों में सबसे अधिक शिक्षक पश्चिमी सिंहभूम में नियुक्त होंगे। यहां नियुक्त होनेवाले शिक्षकों की संख्या एक सौ है। अन्य जिलों की बात करें, तो रांची में आठ, गुमला में 13, खूंटी में पांच, लोहरदगा में पांच, सिमडेगा में 24, पलामू में 74, गढ़वा में 32, लातेहार में 70, बोकारो में छह, चतरा में 61, धनबाद में 11, गिरिडीह में 74, हजारीबाग में 35, कोडरमा में 13, रामगढ़ में 35, देवघर में 16, दुमका में 52, गोड्डा में 39, जामताड़ा में 16, पाकुड़ में 12, साहिबगंज में 34, पूर्वी सिंहभूम में 52 और सरायकेला में 40 शिक्षक नियुक्त होंगे। सीएम ने इससे पहले मई में 3469 हाइस्कूल शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया था।

छात्रों को मिलेगा जे गुरुजी एप

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने छात्रों के लिए एक स्पेशल एप तैयार किया है। इसे जे गुरुजी एप नाम दिया गया है। सीएम हेमंत सोरेन इसे भी लांच करेंगे। इस एप को कुछ इस तरह से डिजाइन कराया गया है कि छात्रों को एक क्लिक पर किताब से लेकर टेस्ट सीरीज और सवालों के जवाब भी मिल जायेंगे। यह एप सोमवार से एक्टिव भी हो जायेगा। छात्र इसका इस्तेमाल भी कर सकेंगे। इस एप में लॉगइन करने के लिए विद्यार्थियों को स्टूडेंट आइडी दी जायेगी, जिसकी मदद से लॉगइन करने के बाद विद्यार्थी जब चाहें ऑनलाइन क्लास कर सकते हैं। एप में प्रत्येक चैप्टर के अनुरूप सवाल भी दिये गये हैं, जिन्हें विद्यार्थी ऑनलाइन हल कर सकते हैं।

एप में मिलेगा सही जवाब

शिक्षा परियोजना की ओर से मिली जानकारी के अनुसार इस एप में सवालों के जवाब देने के दौरान किसी प्रश्न का उत्तर गलत होने पर उसके सही उत्तर की जानकारी भी दी जायेगी। विद्यार्थी को बताया जायेगा कि सही उत्तर के लिए वे किताब के उक्त पन्ने को देखें। विद्यार्थी चाहें तो ऑनलाइन कक्षा के वीडियो के माध्यम से प्रश्न के उत्तर को समझ सकते हैं। एप पर कक्षा एक से 12वीं तक की सभी किताबें भी उपलब्ध रहेंगी। वहीं इसमें तकरीबन 27 सौ ऑनलाइन वीडियो के साथ-साथ एनसीइआरटी द्वारा तैयार कराये गये कक्षा संचालन का वीडियो भी रहेगा। एप पर विद्यार्थी की पढ़ाई के अनुरूप उन्हें राज्य स्तर पर रैंक भी दिया जायेगा।

कलश स्थापना के साथ भक्तिमय हुआ माहौल

शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र रविवार को शुरू हुआ। इस मौके पर कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना करतीं महिलाएं। फोटो : प्रदीप ठाकुर

भारत से चंद्रयान-3 की तकनीक नासा ने मांगी

हमने वैज्ञानिकों को चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग समझायी : इसरो प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

रामेश्वरम। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग कराकर भारत ने इतिहास रचा है। भारत की इस कामयाबी का लोहा अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भी माना है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने रविवार को बताया कि नासा के वैज्ञानिकों ने भारत से तकनीकी मांगी है। उन्होंने कहा कि जब इसरो ने चंद्रयान-3 विकसित किया, तो नासा-जेपीएल (जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी) के वैज्ञानिकों को बुलाया। ये वैज्ञानिक दुनिया के कई रॉकेट और कई कठिन मिशनों को अंजाम दे चुके हैं। नासा-जेपीएल से पांच-छह लोग नासा मुख्यालय आये थे। हमने उन्हें समझाया कि कैसे 23 अगस्त को चंद्रयान-3 चांद की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। हमने उन्हें अपनी डिजाइन समझायी। यह भी बताया कि हमारे इंजीनियरों ने इसे कैसे बनाया। इन सब बातों को सुनकर वे इतना ही बोले, नो कमेंट्स। सब कुछ अच्छा ही होने वाला है। सोमनाथ ने ये बातें रामेश्वरम में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा, भारत एक ताकतवर देश है। हमारा ज्ञान और इंटेलिजेंस लेवल दुनिया के सर्वोत्तम देशों में से एक है।

इसरो प्रमुख ने कहा, हम बेस्ट रॉकेट बना रहे

इसरो प्रमुख ने यह भी कहा कि युवाओं को समझना होगा कि आज वक्त कैसे बदल रहा है। आज हम बेस्ट इक्विपमेंट, बेस्ट डिवाइस और बेस्ट रॉकेट बना रहे हैं। ये सब इसलिए हो रहा है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेस सेक्टर को खोल दिया है। उन्होंने कहा, मैं तो युवाओं से कह रहा हूं कि स्पेस सेक्टर में आयें और रॉकेट, सैटेलाइट बनायें और देश को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मजबूत बनायें। केवल इसरो ही नहीं, अंतरिक्ष के क्षेत्र में हर कोई कुछ कर सकता है। भारत में आज पांच कंपनियां रॉकेट और सैटेलाइट बना रही हैं।

गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट 21 को

मदुरै। इसरो 21 अक्टूबर को गगनयान मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट भेजेगा। इसके बाद तीन और टेस्ट फ्लाइट भेजी जायेंगी। यह जानकारी इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने दी। उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर को पहली टेस्ट व्हीकल डेवलपमेंट फ्लाइट (टीवी-डी1) के बाद हमने डी2, डी3 और डी4 की प्लानिंग की है। इस टेस्ट में क्रू मॉड्यूल को आउटर स्पेस में लांच करना, पृथ्वी पर वापस लाना और बंगाल की खाड़ी में टचडाउन के बाद इसे रिकवर करना शामिल है। क्रू मॉड्यूल गगनयान मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को आउटर स्पेस में ले जायेगा। उन्होंने बताया कि गगनयान मिशन के तहत इसरो ने अगले साल की शुरुआत में गगनयान मिशन का पहला अनमैंड मिशन प्लान किया है।

अमर बाउरी बनाये गये भाजपा विधायक दल के नेता

जयप्रकाश भाई पटेल बनाये गये पार्टी के मुख्य सचेतक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। चंदनकियारी के विधायक अमर कुमार बाउरी को भाजपा विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया है। मांडू के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल पार्टी के मुख्य सचेतक होंगे। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने रविवार देर शाम दी।

बाउरी फिलहाल झारखंड भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष हैं। वह रघुवर दास की सरकार में खेल एवं युवा मामलों के मंत्री रह चुके हैं। वह लगातार दूसरी बार बोकारो जिले के चंदनकियारी क्षेत्र से विधायक चुने गये हैं। 2014 में वह पहली बार बाबूलाल मरांडी की तत्कालीन पार्टी झारखंड विकास मोर्चा के टिकट पर चुनाव जीते थे, लेकिन बाद में वह भाजपा में शामिल हो गये थे। विधानसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक बनाये गये जयप्रकाश भाई पटेल झारखंड के कद्दावर नेता रहे टेकलाल महतो के पुत्र हैं। वह पहले झामुमो में थे, लेकिन 2019 के चुनाव से पहले भाजपा ज्वाइन कर लिया था।

अमर कुमार बाउरी

जयप्रकाश भाई पटेल

बता दें कि 2019 के चुनाव के बाद फरवरी 2020 में बाबूलाल मरांडी ने अपनी पार्टी झाविमो का भाजपा में विलय कर दिया था। उसके बाद उन्हें भाजपा ने विधायक दल का नेता बनाया, लेकिन स्पीकर ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं दी। इसके बाद से ही इस मुद्दे को लेकर विवाद चल रहा था। बाद में मरांडी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। उसके बाद से विधायक दल के नेता के रूप में किसी अन्य की नियुक्ति के कयास लगाये जा रहे थे।

एनसीपी के पूर्व सांसद की 315 करोड़ की संपत्ति जब्त

ईडी ने कुर्क की कुल 70 संपत्तियां

मनी लांड्रिंग के मामले में कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लांड्रिंग के एक मामले में एनसीपी के पूर्व सांसद की 315 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने विभिन्न शहरों में मौजूद 70 संपत्तियों को जब्त किया है। मामला बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। ईडी ने बताया कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत एनसीपी के पूर्व राज्यसभा सांसद ईश्वरलाल



शंकरलाल जैन लालवानी की संपत्तियां जब्त की गयी हैं। बता दें कि लालवानी राजमल लखीचंद ज्वेलर्स प्राइवेट लिमिटेड, आरएल गोल्ड प्राइवेट लिमिटेड और मनराज ज्वेलर्स और अन्य के प्रमोटर हैं। ईडी ने जलगांव, मुंबई, थाणे, सिलोड और कच्छ में मौजूद लालवानी और उनकी कंपनियों से जुड़ी संपत्ति को कुर्क किया। जो संपत्तियां जब्त की गयी हैं, उनमें सोने और चांदी के आभूषण समेत बड़ी मात्रा में भारतीय मुद्रा शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत 315 करोड़ रुपये आंकी गयी है। इनके साथ ही कई बेनामी संपत्तियों को भी कुर्क किया गया है।

अगस्त में भी इडी ने की थी छापेमारी

धनशोधन रोकथाम अधिनियम मामले में सीबीआइ ने तीन एफआइआर दर्ज की है। सीबीआइ का आरोप है कि इन कंपनियों को प्रमोटरों की गड़बड़ी की वजह से भारतीय स्टेट बैंक को 352 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इडी ने आरोप लगाया कि प्रमोटरों ने फर्जी आर्थिक दस्तावेजों की मदद से लोन लिया और खातों में हेरा-फेरी की। साथ ही आरोपियों ने पैसे को रियल इस्टेट संपत्तियों में निवेश किया। इडी ने इस मामले में अगस्त महीने में भी छापेमारी की थी।

न्यूज रील्स

दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में भूकंप के तेज झटके

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में रविवार तीसरे पहर करीब चार बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गयी। भूकंप का केंद्र हरियाणा का फरीदाबाद रहा। झटके इतने तेज थे कि लोग घबरा कर अपने-अपने घरों से बाहर निकल गये। कहीं से किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आयी।

डीआरआइ ने जब्त किया 19 करोड़ का सोना

नयी दिल्ली। डीआरआइ ने वाराणसी, नागपुर और मुंबई से कुल 19 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। डीआरआइ द्वारा जब्त कुल सोना करीब 31.7 किलो है और इसकी कीमत करीब 19 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। इस मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआइ ने बताया कि आरोपी बांग्लादेश से भारत में सोना लाकर इसे मुंबई, नागपुर और वाराणसी जैसे शहरों में भेज रहे थे।

मोदी का लिखा 'गरबा' गीत रिलीज

प्रधानमंत्री ने जताया आभार

ध्वनि भानुशाली ने दी है आवाज, तनिष्क बागची ने कंपोज किया

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। शारदीय नवरात्रि शुरू होने के साथ देश भर में जगह-जगह इसकी धूम देखने को मिल रही है। कहीं मां की मूर्ति की स्थापना करने की तैयारी हो रही है, तो कहीं गरबा करने के लिए जगहों को सजाया जा रहा है। अगले नौ दिनों तक जगह-जगह गरबा खेला जायेगा। ऐसे में लोगों ने गरबा करने के लिए अपने गानों की लिस्ट भी तैयार कर ली है। इसी बीच जैकी भगनानी के डायनामिक म्यूजिक लेबल जेजस्ट म्यूजिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिखे एक गरबा गीत पर आधारित म्यूजिक वीडियो को यूट्यूब पर रिलीज कर दिया है।

पीएम नरेंद्र मोदी की कविता से ली प्रेरणा

एक्टर जैकी भगनानी के मुताबिक यह गाना नवरात्रि के त्योहार के लिए एक अलग माहौल तैयार कर रहा है। यह गरबा ट्रैक इस उत्सव के रंग में रंगा है और पीएम नरेंद्र मोदी की एक कविता से प्रेरणा लेते हुए इस गाने को तैयार किया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा लिखा गया यह गाना नवरात्रि के त्योहार के बारे में बताता है, जो अलग-अलग राज्यों के लोगों की संस्कृतियों और परंपराओं को गले लगाते हुए एकजुट करता है। इस गाने को ध्वनि भानुशाली ने गाया है और इसे तनिष्क बागची ने कंपोज किया है।

गर्व और खुशी का पल

जैकी भगनानी ने इस गाने को लेकर बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस उल्लेखनीय संगीत परियोजना का हिस्सा बनना मेरे और जेजस्ट म्यूजिक के लिए बेहद गर्व और खुशी का पल है। 'गरबो' गाने में हमारी सांस्कृतिक और नवरात्रि की भावनाओं को देखा जा सकता है। इसके साथ ही इस गाने में आपको संगीत की ताकत का भी पता चलेगा।

ध्वनि भानुशाली ने किया ट्वीट

इस गाने की सिंगर ध्वनि भानुशाली ने ट्वीट करते हुए लिखा कि नरेंद्र मोदी जी, तनिष्क बागची और मुझे आपका लिखा हुआ गरबा गाना बहुत पसंद आया। हम एक फ्रेश लय और रचना के साथ एक गीत बनाना चाहते थे। इसके साथ ही उन्होंने चैनल का भी आभार जताया।

पीएम मोदी ने भी किया ट्वीट

ध्वनि भानुशाली को टैग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, धन्यवाद गरबा की इस मनमोहक प्रस्तुति के लिए, जो मैंने सालों पहले लिखी थी। यह कई यादों को वापस लाता है। मैंने कई सालों से कुछ नहीं लिखा है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में मैं एक नया गरबा लिखने में कामयाब रहा, जिसे मैं नवरात्रि के दौरान साझा करूंगा।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
04

कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड क्षेत्र के झरपो।, टाटीझरिया और कोल्हू के दुर्गा मंडप में ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ नवरात्रा सह दस दिवसीय शारदीय दुर्गा पूजा की शुरूवात माता के जयकारे के साथ शुरू हो गया चारो तरफ खुशी का माहौल लगने लगा है कलश स्थापना के साथ नवरात्रा शुरू हो गया है मंदिरों एवम घरों में माता के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री की पूजा आराधना के साथ की गई आज माता के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी आज चीनी की भोग लगाने और प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से सन्तान पक्ष में दीघार्यु होने फल मिलता है प्रखण्ड क्षेत्र के हर गांव में भक्तिमय बना हुआ बहुत से भक्तप्रेमी आपने अपने घरों में कलश रखकर आराधना में लगे हुए है चहुओर या देवी सर्व भूतेषु सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता नमत्स्ये नमत्स्ये नमस्तस्ये नमो नमः से गूंज उठा

कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मधुवन, मासीपीढ़ी, केंदुआ में दुर्गा पूजा को लेकर कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली।कलश यात्रा मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव जिप सदस्य कुमकुम देवी उपप्रमुख सुरजी देवी शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने कन्याओं को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया।बता दें कि मासीपीढ़ी और मधुवन में मां दुर्गा के प्रतिमा की पूजा विधि विधान से होती है।गौरतलब है कि केंदुआ मंडप में दुर्गा प्रतिमा नही उठाया जाता केवल नौ नवरात्र दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है।रविवार को प्रखण्ड मुख्यालय समेत 15 विभिन्न जगहों में कलश स्थापना को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। इधर पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में दुर्गोत्सव का धूम है। दुर्गा पूजा को लेकर बरकट्ठा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में भव्य पंडाल बनाया गया। पंडाल को रंग बिरंगे लाइट से सजाया गया। मंदिर का रंग रोगन कार्य जोर शोर से चल रहा है। पूजा को लेकर बाजारों में चहल पहल बढ़ गया है।

लापता बालक का शव तालाब से बरामद

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत मुर्कमनाय से 14 अक्टूबर दोपहर को लापता हुए मासूम बच्चे का शव 15 अक्टूबर की सुबह ग्रामीणों ने उसके घर से 500 मीटर दूर तालाब में तैरता हुआ मिला। शव की पहचान ग्राम मुर्कमनाय निवासी राहुल गोस्वामी के 4 वर्षीय पुत्र शिव कुमार के रूप में किया गया। मासूम का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी लव कुमार, एसआई अनिल टोपो, एसआई शंभूनाथ मिश्रा अपने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मासूम बच्चे का शव तालाब से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम की तैयारी में जुटे परंतु परिजनों एवम ग्रामीणों ने शव को उठाने नही देने लगे। वही इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया गया। सूचना पर कोडरमा डीएसपी दिवाकर प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचे और परिजनों व ग्रामीणों को समझा बुझा कर पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों व ग्रामीणों ने बच्चे की हत्या कर शव को तालाब में फेंक देने की आशंका जाहिर की है।

अग्रवाल समाज ने महाराज अग्रसेन की जयंती मनायी

इचाक (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मोदी मुहल्ला में रविवार आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को अग्रसेन जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के पूर्व सुबह अग्रवाल समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी, जो मोदी मुहल्ला से प्रारंभ होकर नया काली मंडा, इचाक बाजार मुख्य पथ होते हुए बंशीधर कोठी से होकर मोदी मोहल्ला कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। प्रभात फेरी के उपरांत समाज के वरिष्ठ नागरिक और सेवानिवृत्त शिक्षक ओम प्रकाश के कर कमलों द्वारा अग्रसेन महाराज का ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद अग्रसेन महाराज की प्रतिमा को स्थापित कर समाज के लोगों ने पूजा एवं आराधना की और अग्रसेन महाराज के आदर्शों को अपनाने की बात कही। प्रत्येक वर्ष नवरात्र के प्रथम दिन अग्रसेन जयन्ती मनाई जाती है। पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण एवं भंडारा का आयोजन किया गया। संध्या को बच्चो के बीच क्वीज और भाषण प्रतियोगिता समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन।

संदर्भ पुस्तक विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए होगी उपयोगी: प्रभात प्रसाद

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक विष्णुगढ़ निवासी प्रभात प्रसाद ने कक्षा नौवी से बारहवी की भूगोल की संदर्भ पुस्तक का लेखन कार्य किया है।वह भूगोल विषय के लिए संदर्भ पुस्तक के लेखन समिति के सदस्य भी हैं।आपको बता दे विभिन्न विषयों के संदर्भ पुस्तक का लेखन कार्य कर विष्णुगढ़ ही नहीं पूरे हजारीबाग का नाम ऊंचा किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर कहा कि जेसीईआरटी रांची की ओर से लगभग एक वर्ष से विभिन्न विषयों के संदर्भ पुस्तक के लेखन को लेकर कार्य किया जा रहा है।आगे कहा कि विभिन्न जिले के चयनित शिक्षकों ने विभिन्न विषयों का संदर्भ पुस्तक का लेखन किया है। इसको लेकर रांची में कई बार कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पुस्तक के लेखन कार्य के बाद कई बार इसकी प्रूफ रीडिंग की गई। इसके बाद संदर्भ पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है। वर्तमान में यह पुस्तक जेसीआरटी रांची के वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसकी हार्ड कॉपी सरकारी विद्यालयों के पुस्तकालय में उपलब्ध कराई जायेगी। प्रभात प्रसाद ने कहा कि यह पुस्तक विद्यार्थियों को आसानी से भूगोल विषय को पढ़ने एवं समझने में मदद करेगी।वैसे बाजार में विभिन्न विषयों के गाइड बुक उपलब्ध है। गाइड बुक में कई त्रुटियां रहती है। लेकिन जेसीईआरटी द्वारा जारी किए गए, इस संदर्भ पुस्तक में त्रुटि की गुंजाइश बहुत ही कम है। यह विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की दृष्टिकोण से काफी उपयोगी है। यह पुस्तक शिक्षकों के लिए भी उपयोगी है।

कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र शुरू

केरेडारी (आजाद सिपाही) आदि शक्ति मां दुर्गा के पूजन का महापर्व शारदीय नवरात्र रविवार को कलश स्थापना के साथ शुरू हो गयो इस अवसर पर पूजा पंडालो, देवी मंडपो व घरों में भी पुरोहितों के द्वारा शारदीय नवरात्र के पहले दिन विधि विधान से वैदिक मंत्रोचार के साथ अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना कर मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री का आवाहन कर पूजन अर्चन व दुर्गा सप्तसती का पाठ किया गयो प्रखण्ड में चट्टी बरियातू, केरेडारी मुख्य चौक, पचड़ा, पेटो, जोरदाग, बेलतु, गरीं कला, सलगा, बुंडू व हेंदेगीर में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है व आकर्षक पंडाल बनाने का काम अब अंतिम चरम में है केरेडारी मुख्य चौक पूजा समिति व अन्य कई स्थानों पर भी बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई व कलश को मंडपों में स्थापित किया गया है देर शाम पूजा पंडालों में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया।

शाहपुर रेलवे ट्रैक बना रही कंपनी पर हमला करने वाला गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग।

हजारीबाग। कटकमसांडी थाना क्षेत्र के शाहपुर में बुधवार की अर्द्ध रात्रि रेलवे ट्रेक निर्माण कार्य में रॉयल इन्फ्रा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी के साईट पर करीब 12-15 अज्ञात अपराधी ने हमला कर खड़े तीन हाईवा, एक रोलर एवं एक टैंकर में आग लगा दिया गया था। जिसमें से कुछ अपराधी वर्दी में थे। इस घटना को अंजाम देने वाले सिमन्त साव उर्फ सिमन्त कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों ने वहां उपस्थित कम्पनी के कमार्चारियों के साथ मारपीट कर लेवी लेने के उद्धेश्य से धमकाया था एवं उनका मोबाईल अपने साथ अपराधियो द्वारा ले जाया गया था। जिसके आलोक में कटकमसांडी थाना काण्ड सं0 421/23 भादवि एवं 17 सीएलए एक्ट पंजीकृत किया गया था। कांड का उत्भेदन एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हेतू एसपी हजारीबाग के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (मु) हजारीबाग के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल (एस आई टी) गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में इस कांड में सूत्रधार अभियुक्त के रूप में सिमन्त साव उर्फ सिमन्त कुमार की संलिप्तता प्रकाश में आयी। शनिवार रात्रि गुप्त सूचना मिली कि सिमन्त साव उर्फ सिमन्त कुमार बलबल नदी के पास जंगल में देखा गया है। एस आई टी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बलबल नदी के पास जंगल से सिमन्त साव उर्फ सिमन्त कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से घटना के समय प्रयुक्त हुआ वर्दी, बुट बरामद हुआ। सघन पुछ ताछ में सिमन्त साव उर्फ सिमन्त कुमार इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकारते हुए आगे बताया कि मैं घटना के समय प्रयुक्त हुआ वर्दी, बुट छुपाने जा रहा था। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी कट्टा भी बरामद हुआ। इस संबंध में उसने बताया कि इसी देशी कट्टा का भय दिखाकर हमलोग लेवी के लिए धमकाने का काम करते है। इस संबंध में इनके विरुद्ध अलग से कांड दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है। इस कांड में अभी तक एक गिरफ्तारी हो चुकी है एवं अन्य संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतू एस आई टी द्वारा लगातार छापामारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

सिमन्त साव उर्फ सिमन्त कुमार उम्र 20 वर्ष पिता मोदी साव ग्राम खैरा, थाना-पत्थलगड्डा, जिला चतरा।

छापामारी दल

राजीव कुमार पुलिस उपाधीक्षक महोदय (मु) हजारीबाग, उत्तम तिवारी पुलिस निरीक्षक पेलावल अंचल, हजारीबाग, पुअनि प्रशांत कुमार मिश्रा (थाना प्रभारी) कटकमसांडी थाना, पुअनि सुदीप कुमार पाण्डेय कटकमसांडी थाना, पुअनि अमर कुमार कटकमसांडी थाना, हजारीबाग समेत सशस्त्र बल और चालक आरक्षी कटकमसांडी थाना, हजारीबाग शमिल थे।

बरामदगी

एक जंगल बुट, एक उग्रवादी वर्दी, एक अवैध देशी कट्टा

पीएमजीएसवाइ सड़क के निर्माण कार्य का धरमपुर में विधायक ने किया शिलान्यास

12 करोड़ की लागत से दो सड़कों का होगा कायाकल्प

सड़क-टाटीझरिया से धरमपुर भाया खंभवा तक सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत है।

आजाद सिपाही संवाददाता

टाटीझरिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत सड़क -टाटीझरिया से धरमपुर भाया खंभवा तक सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत है। जिसका शिलान्यास रविवार को विधायक जय प्रकाश भाई पटेल, सांसद प्रतिनिधि मांडू विधानसभा क्षेत्र विपिन कुमार सिन्हा, प्रमुख संतोष मंडल, सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक, कैलासपति सिंह, मुखिया कांति देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर धरमपुर में किया। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि सांसद और मैं दोनों मिलकर क्षेत्र में विकास के काम तेजी से कर रहें हैं। आपलोगों की पुरानी मांग थी और सचमुच इस सड़क की स्थिति बहुत खराब है। क्षेत्र की कई अन्य सड़कें खराब है,नई सड़क बनाने की भी आवश्यकता है। राज्य सरकार की वजह से विकास कार्य ठप्प है। इस सड़क के बन जाने से क्षेत्र का विकास होगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि कोडरमा क्षेत्र महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि बरकट्ठा क्षेत्र उपेंद्र, योधी प्रसाद यादव, राजू यादव, होपन सिंह, राजेश, शंकर, अरुण सिंह, हिरामन महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

अभाविप ने किया हजारीबाग नगर इकाई का गठन, नगर अध्यक्ष प्रो रंजन और नगर मंत्री बने रुद्रराज

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग के द्वारा नगर इकाई पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले परिषद गीत से शुरूआत की गयी, इसके बाद मंच पर उपस्थित अभाविप के विभाग प्रमुख प्रो डॉ मनोज कुमार, जिला प्रमुख प्रो देवेंद्र प्रसाद, प्रदेश एसएफएस प्रमुख नवलेश सिंह, निजी विश्वविद्यालय कार्य प्रमुख अमित चौबे, जिला संयोजक प्रभात कुमार, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, विभाग छात्रा प्रमुख अंजली यादव सभी ने स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के तस्वीर के पास दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। मंच संचालन प्रदेश कार्यकारणी सदस्य राज प्रिंस गुप्ता ने किया। मंच पर उपस्थित विभाग प्रमुख प्रो मनोज कुमार ने कहा की विद्यार्थी परिषद सालों भर छात्र हित एवं समाज हित का कार्य करती है, अभाविप महिला सुरक्षा की बात हो, देश की रक्षा की बात हो इन सभी क्षेत्रों में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अग्रणी भूमिका निभाते हैं। जिला प्रमुख प्रो देवेंद्र प्रसाद ने कहा कि आज के युवा देश के भविष्य हैं विद्यार्थी परिषद युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करने सिखाती है।

कलश शोभायात्रा में शामिल हुई अंबा प्रसाद

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरवाडीह में दुर्गा पूजा समिति के द्वारा शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर दिन रविवार को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद शामिल हुई। कलश यात्रा के अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद सर्वप्रथम मंदिर परिसर पहुंचकर माथा टेका व पूजा अर्चना की। तत्पश्चात कलश धारण किए लगभग 300 श्रद्धालुओं के साथ कलश यात्रा में शामिल हुई व श्रद्धालुओं ने बरवाडीह नदी से जल उठाया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के साथ जय माता दी, जय मां दुर्गा के उद्घोष लगाते गए जिन जिन रास्तों से कलश यात्रा गुजरी उन रास्तों पर भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि नवरात्र के पहले दिन दुर्गा मां के प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने मां शैलपुत्री से पूरे क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि एवं खुशहाली हेतु कामना की।

अमनारी का युवक सोनू ड्रीम इलेवन में बना करोड़पति, एक साल से लगा रहा था मैच में सट्टा

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। अभी के युवाओं ने मैच में अपना टीम बनाकर सट्टा लगाना जुनुन हो गया है और इसका नतीजा होता है कि कोई अमीर तो कोई फकीर बन जाता है। अभी चल रहा वल्ड कप में भी युवा अपना किस्मत अजमा रहा है। शनिवार को हुआ भारत - पाकिस्तान मैच में प्रखंड के अमनारी निवासी सोनु कुमार उर्फ सन्नी करोडपति बन गया। सोनु प्रत्येक मैच की तरह इस मैच में भी ड्रीम इलेवन में अपना टीम बनाकर लगाया था और अंतिम तक वह अपना रैंक 909 बना और वह चैम्पियन बन गया। सोनु तीन भाई में दुसरा नम्बर पर है। माता मोसोमात मंजु घर में गृहणी का कार्य करती है। पिता के मृत्यु होने के बाद अपना पढाई छोड दिया था। सोनु के पत्नी और सात माह की बेटी है जो अपने मायके में रहती है। सोनु ने बताया कि छह: माह से प्रत्येक मैच दो से चार टीम बनाता था जिस दिन करोडपति बना उस दिन भी चार टीम बनाया था जिसमें एक में करोडपति तथा दो टीम में पैसा वापस आया और एक में नही आया।

वन अधिनियम के तहत भूमिहीन व्यक्तियों को वन पट्टा देकर जमीन मुहैया करायी जा रही है : संजीव बेदिया

आजाद सिपाही संवाददाता

200 कार्यकर्ताओं ने दूसरे दलों को त्याग कर झामुमो का दामन थामा करमदेव भुइयां अध्यक्ष, आशा सचिव और उगनी देवी अध्यक्ष बनी

बड़कागांव। प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत में प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह की आगुवाई में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक किया की गयी । जिसकी अध्यक्षता प्रकाश ठाकुर एवं संचालन संजय राम ने किया । मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीओ को माला पहनकर और झारखंड मुक्ति मोर्चा का पट्टा देकर सम्मानित किया गया। बेदिया ने कहा हेमंत सरकार द्वारा वन अधिनियम के तहत भूमिहीन व्यक्तियों को वन पट्टा देकर जमीन मुहैया कराने का योजना चल रही है। प्रत्येक सरकारी स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने का भी तैयारी चल रहा है। पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र बनवाने का प्रक्रिया शुरू है।

महत्वपूर्ण न्यूज

प्रेरणा प्रिया और सी के पांडेय के प्रयास से मिला ट्रांसफॉर्मर

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। चेचकप्पी पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचरुखी में 63 केवीए ट्रंसफॉर्मर का उद्घाटन समाजसेवी सी के पाण्डेय, वार्ड सदस्य सरस्वती देवी के द्वारा किया गया। सुरेश सिंह, सुरेश पाण्डेय और बीरेंद्र मेहता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। बता दे कि पिछले तीन महीनों से पंचरुखी का ट्रंसफॉर्मर जल गया था जसकी सुचना चेचकप्पी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव के द्वारा किया गया। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के जेई, एसडीओ, एक्सक्यूटिव एवं जीएम से बात करके 63 केवि का ट्रंसफॉर्मर दिलवाया। जिसके बाद बिजली बहाल हुआ। ट्रंसफॉर्मर मिलने के बाद पंचरुखी की जनता खुशी है एवं जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय को धन्यवाद दिए। जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि पंचरुखी में बिजली नही रहने से विद्यार्थियों को बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा था। समाजसेवी सी के पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र की कोई भी समस्या हो तुरंत सूचना दें।

शिव मंदिर में कलश शोभायात्रा निकाली गयी

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड स्थित बैहरी-सखिया गांव में गोपाल शिवांगना शिव मंदिर के प्रांगण में कलश स्थापना के शुभ अवसर पर कलश शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में कलश यात्री शामिल हुए। यहां पर 13 गांव का मेला लगता है। ग्रामीणों ने कहा की इस मेला परिसर में लगभग 100 वर्षों के अधिक से सभी अखाड़े का मिलन होता है। हजारीबाग का सबसे पहले इसी स्थान मे रामनवमी मेला लगता आ रहा है। इस कलश शोभायात्रा मे सदर विधायक मनीष जायसवाल, समाजसेवी सह कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, सदर उप प्रमुख सह संयुक्त सचिव रविकांत सिंह, गोपाल शिवांगना सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामस्वरूप महतो, कोषाध्यक्ष सुबल कुशवाहा, उपाध्यक्ष राजेश कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष विजय कुमार पासवान, बिनोद कुमार, उपकोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, संयुक्त सचिव सह पूर्व मुखिया अरुण यादव, दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष पूरन महतो, उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, सचिव डब्लू राणा, समाजसेवी अमरदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

मां शैलपुत्री की पूजा के साथ शारदीय नवरात्र प्रारंभ

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कई गांवों में मां शैलपुत्री के पूजा अर्चना के साथ नवरात्र प्रारंभ हो गया है। साथ ही घरों में भी कलश स्थापना किया गया। जयनगर प्रखंड में भक्ति गीतों से वातावरण भक्ति मय हो गया। बता दें कि कई पूजा पंडालों में नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना कर पूजन किया गया। माता शैलपुत्री पार्वती का एक रूप है जो नंदी पर सवार श्वेत वस्त्र धारण किए हुए हाथ में त्रिशूल और हाथ में कमल विराजमान रहता है। मां शैलपुत्री को धूप, दीप, फल, फूल, माला रोली, अक्षत, चढ़ाकर पूजन किया। माता शैलपुत्री को सफेद रंग प्रिय है इसलिए उनको पूजन में सफेद फूल और मिठाई अर्पित करना चाहिए तथा मां शैलपुत्री के मंत्रों का जाप कर पूजन का अंत में शैलपुत्री की आरती करनी चाहिए। जिससे माता प्रसन्न होकर उनकी मनोकामना पूर्ण करती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्र का व्रत और पूजन आश्विन माह के शुक्ल पक्ष में होता है नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के नौ रूपों का पूजन का विधान है जिन्हें नवदुर्गा के नाम से जाना जाता है सभी पूजा पंडालों में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से देवी के मंत्रों का उच्चारण प्रारंभ हो चुका है। बता दें कि पर्वतराज की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है।

क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, अव्वल हुए पुरस्कृत

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। चौपदार बलिया पंचायत भवन में ब्रदर्स एकेडमी के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय नि:शुल्क जीके क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथि लेखक व शिक्षाविद बिपिन कुमार ,प्रमुख फुलवा देवी ,मुखिया प्रतिनिधि चंदन कुमार पूरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालन एकेडमी के निदेशक जितेंद्र राज व उपेन्द्र कुमार ने किया। क्विज में वर्ग छठी से दसवीं तक के सैकड़ो छात्र/छात्रों ने भाग लिया।आयोजक द्वारा छात्र/छात्रों से सामान्य ज्ञान से मौखिक सवाल पूछे गये।सही जवाब देने वाले पचास से अधिक प्रतिभागियों को नकद राशि ,मेडल एवं कॉपी देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। खरांटी निवासी सुंदर प्रजापति के पुत्र प्रीतम ने पांच सौ का नकद ईनाम जीता।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुवे लेखक बिपिन कुमार एवं चंदन पूरी ने कहा कि क्विज से मानसिक चेतना का विकास होता।इस तरह का कार्यक्रम से क्षेत्र में शैक्षणिक माहौल तैयार होता है। प्रमुख फुलवा देवी व मुखिया प्रतिनिधि चंदन पूरी ने आयोजक टीम की प्रशंसा करते हुवे इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रम में मदद करने की सहमति जतायी।

जेबीकेएसएस का सदस्यता अभियान चला

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। झारखंड राजनीति में बदलाव लाने के लिए जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मुंद्रिका सिंह और संचालन अनिता कुमारी ने किया। जिसमें और मुख्य अतिथि जेपीकेएसएस सक्रिय सदस्य नकुल महतो, राकेश मेहता, मिथिलेश कुमार दांगी के द्वारा नयाटांड पंचायत भवन में दर्जनों महिलाएं और पुरुष की उपस्थिति में आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर श्री नकुल महतो ने कहा कि झारखंड के बने हुए 22 साल गुजर गया परंतु हमलोगों का क्षेत्र का विकास अबतक नहीं हुआ है। पूरे झारखंड में छात्र-छात्राओं नौकरी के लिए तरस रहे हैं। हमारे एक गलत फैसले से हमारे जीवन में बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है इसलिए अपने वोट की कीमत पहचाने और सही व्यक्ति को चुनकर अपने क्षेत्र में लाएं। ऐसे व्यक्ति को चुने जो सभी को साथ लेकर चले और क्षेत्र का विकास करें। झारखंड में हम लोगों को 1932 का खतियान लागू करवाना है जिससे हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके जिसके लिए हम लोग आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। वहीं राकेश मेहता ने कहा कि यहां बड़ी-बड़ी कंपनियां आई हुई है परंतु यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है दर-दर भटक रहे हैं बाहरी लोगों को नौकरी दिया जा रहा है , बहु फसल लिए जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की जा रही है आप झूठे केस लोगों पर दर्ज किया जा रहे हैं। अगर आज हम नहीं संभले तो आने वाला हमारा भविष्य पूरे अंधेरे में चला जायेगा।

दारू में 124 वर्षों से मनायी जा रही है दुर्गा पूजा

दारू(हजारीबाग)। दारू प्रखंड क्षेत्र के दारू चौक में स्तिथ पुराना दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा का इतिहास 124 वर्ष पुराना है। यहाँ पर इस दुर्गा मंडप कि स्थापना वर्ष 1899 में भैया बैजनाथ सहाय के द्वारा किया गया था ' दुर्गा पूजा के प्रथम पुजारी आचार्य उदयभान मिश्रा थे दारू में दुर्गा पूजा उस समय से मनाया जा रहा है जब हजारीबाग शहर के साथ साथ बहुत कम जगहों पर पूजा होती थी। पूजा के प्रारंभ में दुर्गा पूजा एक छोटा खपरैल मंडप में होती थी, वर्तमान में यहां पर एक भव्य दुर्गा मंडप बनकर तैयार हो गया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 16 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in

रामगढ़ डीसी ने दिगवार में नवनिर्मित दुर्गा मंदिर का किया उद्घाटन

निकली कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने रविवार को नवरात्र पर्व के मौके पर 35 लाख रुपये से लागत से लाइन टोला दिगवार स्थित नवनिर्मित भव्य दुर्गा मंदिर का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में मौजूद पंडितों ने डीसी चंदन कुमार को रक्षा सूत्र बांधा। साथ ही, विधिवत पूजार्चना कराया। वही, चंदन कुमार ने माता दुर्गा से क्षेत्र की खुशहाली की कामना कर आशीर्वाद मांगा। साथ ही, समिति के लोगों को मंदिर प्रांगण का सुंदरीकरण कराने की बात कही। इससे पूर्व, दुर्गा पूजा समिति के नेतृत्व में सुबह बेला में मन्दिर में पिंडी स्थानांतरण एवं सप्तशक्ति दुर्गा पाठ को लेकर टूटी झरना मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जहां पुरोहित शंभू नाथ पंडा, यज्ञाचार्य रामप्रवेश उपाध्याय, शिवम उपाध्याय, आशुतोष पाठक, ईश्वर नाथ मिश्रा ने यजमान बने वार्ड पार्षद सह समिति अध्यक्ष कुलदीप कुशवाहा, दामोदर गिरी, विजय गिरी, बलराम गिरी, राजेंद्र कुमार, भागीरथ गिरी, गुड्डू महतो, धनु महतो, रामजी महतो, शंकर गिरी, चंदन कुशवाहा सपत्नीक को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा -अर्चना कराया। तत्पश्चात शामिल 211 कलश यात्रियों ने गाजे बाजे के साथ सिर पर पवित्र जल भरा कलश लेकर मंदिर प्रांगण पहुंचे। वही, मंडप परिसर पहुंचने पर कलशो को स्थापित किए जाने के साथ विधिवत पूजा -अर्चना प्रारंभ हुई। मालूम हो कि पास ही स्थित कई दशक पूर्व बने दुर्गा मंदिर काफी जर्जर हो गई थी। ग्रामीणों के सहयोग से नए भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। वही, उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीसी चंदन कुमार, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद नप रामगढ़ कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति समेत कई आगंतुक अतिथियों का अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन पूजा समिति के सचिव सह भाजपा नप अध्यक्ष मनोज गिरी ने की। मौके पर रतन प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष अजय कुशवाहा, अनुपम गिरी, द्वारिका प्रसाद भंडारी, जगदीश महतो, दिवाकर गिरी, रामाशंकर महतो, रवि कुशवाहा, कृष्णा कुमार, दिलीप कुमार, दशरथ महतो, पन्नालाल गिरी, बालेश्वर कुशवाहा, विशेश्वर प्रसाद, हरिनारायण कुशवाहा, किसुन महतो, राहुल गिरी, रामचंद्र महतो, विनोद प्रसाद, अर्जुन कुशवाहा, महेंद्र राम, शशिकांत गिरी, टेकू राम, सुरेंद्र कुमार, संजय साव, राजू राम समेत कई धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

रामगढ़(आजाद सिपाही)। आदिवासी क्लब हेसला के द्वारा पांच दिवसीय खस्सी फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो थे। उनके द्वारा फाइनल मैच का उद्घाटन किया गया। जिसके बाद समापन के दौरान प्राइज वितरण कर दोनों टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और जीतने वाले हेसला वाले टीम को शुभकामनाएं दी। साथ ही हारने वाले टीम गेतलसूद के खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दी। कहा कि हार से ही जीत की प्रेरणा मिलती है। इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। मनोज कुमार महतो ने कहा कि खेल को खेल के भावना से खेलना चाहिए। खेल कूद से शारीरिक मानसिक तनाव दूर होता है। साथ ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक भी हैं।

शारदीय नवरात्र : दूसरा दिन

ब्रह्मचारिणी दुर्गा का ध्यान

दधाना करपद्माभ्याम् अक्षमाला कमण्डलू ।।
देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा ।।
जो दोनों कर कमलों में अक्षमाला और कमण्डलू धारण करती हैं, वे सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मचारिणी दुर्गादेवी मुझ पर प्रसन्न हों।
देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद -2

श्रीदुर्गासप्तशती के प्रथम रहस्य में परा शक्ति महालक्ष्मी के स्वरूप का प्रतिपादन किया गया है। महालक्ष्मी ही देवी की समस्त अवतारों की प्रधान प्रकृति हैं। इसलिए इस प्रकरण को प्राकृतिक या प्राधानिक रहस्य कहते हैं। इसके अनुसार महालक्ष्मी ही सब प्रपंच तथा सम्पूर्ण अवतारों का आदि कारण है। तीनों गुणों की साम्यावस्थारूपा प्रकृति भी उनसे भिन्न नहीं है। सूक्ष्म-सूक्ष्म, दृश्य-अदृश्य अथवा व्यक्त-अव्यक्त-सब उन्हीं के स्वरूप हैं। वे सर्वत्र व्यापक हैं। अस्ति, भाति, प्रिय, नाम और रूप-सब वे ही हैं। वे सच्चिदानन्दमयी परमेश्वरी सूक्ष्मरूप से सर्वत्र व्याप्त होती ही भी भक्तोंपर अनुग्रह करने के लिये परम दिव्य चिन्मय सगुणरूप से भी सदा विराजमान रहती हैं। उनके उस विग्रह की कान्ति तपाये हुए सुवर्ण की भाति है। वे अपने चार हाथों में मातुलुगं(बिजौरा), गदा, खेट(ढाल) और पानपात्र धारण करती हैं तथा मस्तकपर नाग, लिंग, और योनि धारण किये रहती है.भुवनेश्वरी- संहिता के अनुसार मातुलुंग कर्मशक्ति,गदा क्रियाशक्तिका, खेट ज्ञानशक्ति का और पानपात्र तुरीय वृत्ति(अपने सच्चिदानन्दमय स्वरूप स्थिति)का सूचक है। इसी प्रकार नाग से कालका,योनिसे प्रकृतिका और लिंग से पुरुषका ग्रहण होता है। तात्पर्य यह है कि प्रकृति पुरुष और काल-तीनों का अधिष्ठान परमेश्वरी महालक्ष्मी ही हैं। सगुणवाचक सत्य, ज्ञान, चित, महामाया आदि नामान्तरों से इन महालक्ष्मी का निरूपण करना चाहिये। केवल एक नाम महालक्ष्मीमात्र से अथवा अन्य प्रत्यक्ष आदि प्रमाण से उनका वर्णन नहीं हो सकता।

(क्रमशः) प्रस्तुति-डॉ.एन.के.बेरा

मां शैलपुत्री की हुई पूजा-अर्चना

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा कोयलांचल, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को विधि-विधान से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र पाठ का शुभारंभ हुआ। मौके पर मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा अराधना की गई। साथ ही श्री दुर्गा सप्तशती पाठ सहित कई पूजा अनुष्ठान हुए। सयाल उरीमारी कोयलांचल में भी शारदीय नवरात्र पाठ का शुभारंभ हुआ। कोयलांचल के विभिन्न मंदिरो में भी भक्तिभाव शारदीय नवरात्र पाठ का आयोजन हो रहा है। इस वर्ष भी भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो में दो दर्जन से अधिक जगहो पर श्री दुर्गा पूजा शारदीय नवरात्र पाठ का आयोजन हो रहा है। इधर नवरात्र को ले कोयलांचल सहित ग्रामीण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। क्षेत्र के जवाहर नगर, बिरसा चैक, ग्लास फैक्सी, थाना मैदान, रिभर साईड शास्त्री पार्क, नेहरू पार्क व गांधी पार्क, सौंदा डी, सौंदा बस्ती, सेंट्रल सौंदा, लपंगा, पटेलनगर, चैनगडा, बलकुदरा, लबगा, बौनर धौड़ा शितला मंदिर आदि क्षेत्रों में पूजा पंडाल निर्माण का कार्य जोरशोर से चल रहा है। इधर सयाल मोड़ भुरकुंडा स्थित मां शीतला मंदिर में पुरोहित राम कुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान से मां दुर्गा की प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कराई गई। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

अधिवक्ता कार्यालय का हुआ उद्घाटन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बलकुदरा पंचायत के नया टोला में रविवार को अधिवक्ता कार्यालय का उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा एवं जय सरना ट्रस्ट हजारीबाग के केंद्रीय अध्यक्ष धरम गुरु कृष्णा उरांव ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बताया गया की कार्यालय का कार्यभार वकील किरण कुमारी मुंडा संभालेंगी। मौके पर मुखिया विजय मुंडा ने कहा की वकील किरण मुंडा के कार्यालय खुलने से गांव के ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। गांव में किसी प्रकार समस्या या न्यायालय से संबंधित मामला का निवारण आसानी से हो सकेगा। किसी को अब भटकना नहीं पड़ेगा। मौके पर नन्दकिशोर मुंडा, आदिवासी छात्र संघ सदस्य जगरनाथ मुंडा, समाजसेवी दीपक मुंडा, ब्रजेश मुंडा, राजेश मुंडा, नरेश मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

करांटे प्रशिक्षण सह ग्रेडिंग टेस्ट शिविर संपन्न

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। मर्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत सचिवालय परिसर में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें कराटे कोच सेंसाई कंचन दास ने छात्र-छात्राओं को कराटे के फायदों से अवगत कराते हुए मार्शल आर्ट के विभिन्न गुर सिखाए गए। वहीं मुख्य प्रशिक्षक सिंहोन जीबी थापा द्वारा बच्चों को ग्रेडिंग टेस्ट लिया गया। सफल कराटेकारों को मुख्य अतिथि भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सेल्फ डिफेंस के लिए कराटे का गुर जरूर सिखना चाहिए। सिंहोन जीबी थापा ने कहा कि वर्तमान परिवेश में खास करके लड़कियों को मार्शल आर्ट का टेजनिंग जरूर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। औरेंज बेल्ट पाने वालों में गीता, मानसी, मो. अजीज, मो. अनीष, ग्रीन बेल्ट पानो वालो में विकाश भारती, रेयांश राज, शिवांश राज, आमिनी कुजूर आदि शामिल हैं। शिविर में आलिया खान, जान्हवी, चित्रलेखा बौध, सिमरण टोप्पो सीनियर ब्लैक बेल्टर अनमीता कुमारी, श्रृष्टी कुजूर, मयंक, आस्था सिंह, मिहिर पासवान, स्मृति मुंडा, हर्ष राज आदि छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। शिविर को सफल बनाने में सेंसाई कंचन दास, शिक्षक रंजीत कुमार, कमलनाथ सिंह, राजेश मुंडा, सिल्पा टोप्पो आदि का विशेष योगदान रहा।

संजय शाह ने सुमित्रा संस्थान कार्यालय का किया उद्घाटन

कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू विधायक प्रतिनिधि संजय शाह ने मरार- भरेचनगर में सुमित्रा स्मारक सेवा संस्थान के जिले के 5वीं कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा नप अध्यक्ष मनोज गिरी व आजसू नेता नरेश प्रसाद साहू मौजूद रहे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था संचालिका रीना चौधरी व संचालन आशीष चौधरी ने किया। मौके पर रीना चौधरी ने संस्थान द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कुटीर उद्योग के तहत सर्फ बनाने को लेकर प्रशिक्षित सदस्यों द्वारा पंचायत स्तरीय महिलाओं को प्रशिक्षण दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा महिलाओं और नन्हे बच्चो को ग्रामीण स्तर पर शिक्षा बहाल कर शिक्षित करने का कार्य जारी है। मौके पर संजय शाह, मनोज गिरी व नरेश साहू समेत कई वक्ताओं ने संस्थान द्वारा अब तक किये गये कार्यो की सराहना की।

श्रद्धालुओं ने कलश स्थापना की

मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना पर सुख समृद्धि शांति और वैभव प्राप्त होती : ब्रह्मदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। नवरात्रि के प्रथम दिन प्राचीन दुर्गा मंदिर सिरू में नवरात्रा के अवसर पर कलश स्थापना की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रहमदेव महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिरु पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुजीत कुमार महतो शामिल होकर पूजा अर्चना कर सम्पूर्ण विधि विधान से नारियल फोड़कर कलश यात्रा का शुभारंभ करते हुए ब्रहमदेव महतो ने कहा कि धर्म के प्रति लोगों में आस्था और विश्वास बढ़ता है तथा आपस में एकजुटता का परिचय होता है उपस्थित सभी ग्रामीणों को शारदीय नवरात्र पर सभी को सुख समृद्धि वैभव की कामना किया तथा धन्यवाद दिया।प्रत्येक वर्ष ग्रामीण भक्ति भाव से बहुमूल्य समय देकर पूजा अर्चना धूमधाम से कार्य सम्पन्न करते हैं,इस पुण्य कार्य के लिए पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूं दुर्गा पूजा समिति की ओर से इनभाईटर के अभाव के संबंध में मुझे बताया गया आपलोगों का धर्म के प्रति एकता को देखकर मैं कल ही मंदिर में एक इनभाईटर सेट उपलब्ध करा दूँगा सपरिवार शारदीय नवरात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। मौके पर प्राचीन दुर्गा पूजा कमिटी संरक्षक रवि महतो, अध्यक्ष राजकिशोर महतो, सचिव राहुल कुमार महतो, कोषाध्यक्ष चंद्रदेव महतो, उपाध्यक्ष संदीप कुमार महतो, उपसचिव राजेश्वर महतो, कार्यकारिणी सदस्य, पुरुषोत्तम महतो, बालेश्वर महतो, मनोज कुमार महतो, अमृतलाल महतो, दीपेन टाइगर, अक्षय कुमार,सुजीत पटेल, लुतुन कुमार, बिरसा कुमार, संदीप कुमार महतो, प्रमोद कुमार महतो, अजय कुमार, श्रीपद महतो, शिशुपाल कुमार, विवेक कुमार, जितेन्द्र महतो सहित नवकन्या, कलशधारी बहनें सहित सैकड़ों धर्मावलंबियों मुख्य रूप से शामिल हुए।

सांसद और विधायक ने कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना की

आजाद सिपाही संवाददाता

रजरप्पा। रजरप्पा क्षेत्र मे नवरात्र शुरू होते ही दुर्गा पूजा शारदीय नवरात्र पर प्रथम दिन प्रथम दिन विधि विधान से कलश की स्थापना की गई इस मौके पर चितरपुर क्षेत्र के अपने पैतृक आवास सांडी में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी पति पत्नी सहित पूरे परिवार के सदस्य मां भगवती की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ किया नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र पर पूजन पाठ -हवन पूजा अर्चना विधि विधान के साथ कलश स्थापना के साथ ही शुरूआत की गई इस मौके पर गिरिडीह सांसद ने देशवासियों एवं झारखंड वासियों को दुर्गा पूजा सुख शांति समृद्धि और वैभव की कामना किया एवं रामगढ़ जिला और गिरिडीह क्षेत्र की जनता को हर्ष और उल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने की शुभकामना दिया।

सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति की एक बैठक समिति के अध्यक्ष रोशन लाल चौधरी की अध्यक्षता में सिद्धू कान्हू खेल मैदान में संपन्न हुई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार बड़ी ही धूमधाम के साथ रावण दहन समारोह का आयोजन समिति के द्वारा किया जायेगा। समारोह के दौरान विशाल रावण के पुतला के साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाथ का भी विशाल पुतला दहन किया जायेगा। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया।

कौन-कौन थे उपस्थित

बैठक में अध्यक्ष रोशन चौधरी के अलावा सचिव महावीर प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयंका, संरक्षक योगेश बेदिया, मनोज महतो, विमल बुधीया, रविंद्र सिंह छाबड़ा, दिनेश शर्मा, दिनेश प्रसाद, धीरज साहू, मुरारी शर्मा, सतीश कुमार, टीकू कुमार, गंगा भगत, राजेश गुप्ता, आनंद कुमार, अमरजीत, कमलजीत सिंह जग्गी, अभिनव प्रसाद कुशवाहा, वीरू सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने हंटरगंज का दौरा किया

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता रविवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज प्रखंड में तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के कई गांवो में निर्धारित कार्यक्रम के तहत शामिल हुए। सबसे पहले मुरैनवा में एक बैठक में शामिल हुए ।इसके बाद दंतार के बूढ़ीगड़ा गांव में विनय सेंगर के नेतृत्व में वन अधिकार पट्टा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों की समस्या से अवगत हुए। इसके बाद बीते 11 अक्टूबर को टुनटुन मार्केट के आवास पर खुट्टी केवाल खुर्द की दलित युवती की मौत होने के कारण उनके परिजनों से मुलाकात किया तथा उसे उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया । इस मौके पर परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया।मंत्री ने बिहीया स्थित इमलिया साप्ताहिक बाजार में आयोजित कार्यक्रम में बाजार में दुकानदारों के लिए सेड बनाने की घोषणा की ।इसके अलावे कोसमाही एवं काशी केबाल गांव पहुंचें।जहां पीसीसी पथ का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मंत्री के अलावे सांसद प्रतिनिधि सह डीग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो.जैनेंद्र कुमार सिंह,जिला परिषद सुरेश पासवान, जिला वीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव, समाज सेवी सह गांव गणराज के संस्थापक विनय सेंगर ,राजा भारती, शिवरतन यादव ,पोषण भारती सहित काफी संख्या में लोग शामिल थें।

रेलवे कर्मचारियों के लिए किया गया कैंटीन का उद्घाटन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा-2 के सचिव अजीत कुमार ने रविवार को डीजल शेड स्थित रेलवे कर्मचारियों के लिए कैंटीन का उद्घाटन फीता काटकर किया. इस मौके पर उन्होंने संवेदक को हिदायत दी की खाना से लेकर पूरे कैंटीन की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर विकास कुमार सिंह,,अजीत कुमार चौबे, रामराज,गुलाब सिंह मुंडा, प्रवीण कुमार, राजीव रंजन, फारूक अंसारी एस. के. श्रीवास्तव सहित कई रेलकर्मी उपस्थित थे ।

भुरकुंडा में मना हाथ धुलाई दिवस

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत सचिवालय भवन में रविवार को हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्थानीय मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जनों महिला-पुरुषों को ठीक तरह से हाथ धुलाया गया। साथ ही बेहतर तरीके से हाथ धोने का गुर भी सिखाया गया। मौके पर मुखिया अजय पासवान, जलसहिया खुशबू कुमारी, रूपा देवी, बिमला देवी, हेवंती देवी, कुंती देवी, फुलातो देवी, शोभा देवी, शुकिया देवी, आशा देवी, राधा देवी, जमुना देवी, यशोदा देवी, पम्मी देवी, रेखा देवी, बिमला देवी, सुनीता देवी, रूबी देवी, सुवंती देवी, सरिता देवी, शीला देवी, किशुन नायक, सुनिल सिंह, पंकज कुमार आदि ग्रामीण मौजूद थें।

राष्ट्रीय सेवा मंच ने भोजन का किया वितरण

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आये अत्यंत गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरुष व बच्चों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो. रामानुज सिंह व शिक्षक भुपेंद्र वर्णवाल उर्फ रिंकु द्वारा 120 गरीबों के बीच खीर-पुरी व सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्रा की बधाई देते बताया कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक कार्य में सबों को मन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. जयश्री मेहता, राकेश शर्मा, शिवकुमार यादव, संजू सिंह, जयप्रकाश पांडेय आदि का विशेष योगदान रहा।

हरिवंश श्रीवास्तव के निधन पर श्रद्धांजलि सभा

रामगढ़। विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी लंबे समय से संगठन के कार्य करने वाले हरिवंश श्रीवास्तव उर्फ मंगल श्रीवास्तव के निधन पर रविवार को किला मंदिर में बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मंगल श्रीवास्तव के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। श्री ठाकुर ने बताया कि मंगल श्रीवास्तव एक समर्पित मातृभाषी एवं त्याग तपस्या के वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। उनका मार्गदर्शन हमेशा संगठन को मिला, आज उनके नहीं होने से संगठन को बहुत बड़ा छती हुई है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी ठाकुर भूतनाथ सिंह, बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मुकेश पांडे, बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक बंटी अग्रवाल, अजय सिंह, नीतीश राम, मणि शंकर ठाकुर, सुमित अग्रवाल, अमित ठाकुर, आकाश कुमार आदि श्रद्धांजलि दिया।

सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में रविवार को शहर के बाजार टांड़ स्थित सिद्धो-कान्हों जिला मैदान में सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। योग शिविर के शुभारंभ से पूर्व भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी प्रमोद लाल, युवा भारत प्रभारी ठाकुर प्रसाद व समाजसेवी सीए अजीत जायसवाल के नेतृत्व में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां अजय आर्य ने भाजपा के जिला महामंत्री रंजन फौजी को विधिवत हवन कराया। योग प्रशिक्षण शिविर में कुल 55 महिला-पुरुष शामिल होकर योगाभ्यास किया। शिविर में मुख्य रूप से धर्मवीर अग्रवाल, डॉ रंधीर, राम चरित्र वर्मा, मनोज कुमार, मनोज साहू, रवींद्र, प्रहलाद, दिवाकर, महाराणा, शंकर साहू, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, रूपा जायसवाल, स्वाती वर्मा, काजल, बबीता, प्रभावती देवी, किशोर कुमार, अर्जुन राणा, बैजनाथ प्रसाद सहित पतंजलि योग समिति के कई सदस्य शामिल थे।

अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। नारनौलीय अग्रवाल समाज के तत्वावधान में रविवार को शहर के गोला रोड स्थित अग्रसेन धर्मशाला में महाराज अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ नारनौलीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सचिव विजय अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने महाराज अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण व समाज का झंडोत्तोलन कर किया। इस दौरान अग्रवाल समाज के बच्चों के बीच रंग भरो प्रतियोगिता, एक मिनट शो, डांस प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रतियोगिता, धार्मिक व रंगोली के अलावे विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अरविंद अग्रवाल, गुप्तेश्वर अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, प्रो सुनील अग्रवाल, मदन अग्रवाल, अरूण अग्रवाल, महिला समिति के अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सचिव संध्या अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रीना अग्रवाल, किरण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, ताराशंकर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल सहित नारनौलीय अग्रवाल समाज के कई लोग उपस्थित थे।

बरघुटवा में 54 लाख की लागत से बननेवाली सड़क का विधायक अंबा प्रसाद ने किया शिलान्यास

विधायक के विकास कार्यों से प्रेरित होकर दर्जनों ग्रामीणों ने थामा कांग्रेस का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। पतरातू प्रखंड अंतर्गत बीचा-हरिहरपुर पंचायत के बरघुटवा चैक से जसीमुद्दीन के घर तक 54 लाख की लागत से बनने वाले पथ निर्माण कार्य का विधायक अंबा प्रसाद ने विधिवत पूजा-अर्चना कर व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का ढोल-बाजे के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर जोरदार स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ही विधायक अंबा प्रसाद की कार्यशाली व विकास नीति से प्रभावित होकर हरिहरपुर पंचायत अंतर्गत बरघुटवा के समस्त ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। विधायक अंबा प्रसाद ने सभी को कांग्रेस का अंगवस्त्र एवं फूलमाला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों पर खुशी जाहिर करते हुए ग्रामीणों ने परिवार के सदस्य के रूप में उन्हें अपनाया एवं बतौर शगुन साड़ी भेंट की। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि विधायक अंबा हमारे गांव की बेटी एवं परिवार की सदस्य हैं। ग्रामीणों ने शपथ लेते हुए कहा कि वह उनके साथ सदैव खड़े हैं और आज से विधायक अंबा प्रसाद बरघुटवा गांव की बेटी के रूप में जानी जाएगी। इस दौरान चैता करमाली, संजय करमाली के नेतृत्व में तमाम ग्रामीणों ने अंबा प्रसाद के हर सुख-दुख में खड़े रहने की भी बात कही। मौके पर मुख्य रूप से हरिहरपुर पंचायत के मुखिया गीता देवी, पंसस भरत कुमार महतो, उप मुखिया प्रेम कुमार महतो, पूर्व पंसस सुलेंद्र मुंडा, वार्ड सदस्य ज्योति देवी, नकुल मुंडा, सीता तिरकी, बॉबी देवी, उमेश करमाली, बालदेव करमाली, चैता करमाली, समसुल हक, छेदी मुंडा, अजमुद्दीन अंसारी, सुरेश पाहन, राजेश करमाली, धर्मेंद्र करमाली, शिवप्रसाद करमाली, विजय मुंडा, जागेश्वर मुंडा, गोविंद पाहन, संजय करमाली, सुरेश करमाली, शनिचर करमाली, रामवृक्ष पाहन, प्रेम मुंडा, प्रदीप करमाली, नरेश पाहन, अशोक पाहन, हबीब अंसारी, सूरज करमाली, नागेश्वर करमाली, जय किशोर पाहन, शमीम अंसारी, अंजन प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण व कांग्रेसी मौजूद थें।

मानवता को विनाश की ओर धकेलता युद्ध

सत्तात्मक आधार पर प्रभुत्व जमाना आरंभ से ही मानव स्वभाव का अंश रहा है, किंतु आकांक्षाएं जब अनवरत बढ़ते हुए विद्रूपित रूप धारण करने लगें, तो युद्ध के रूप में समूची सृष्टि पर विनाश का खतरा मंडराने लगता है। निहित स्वार्थों के अतिरेक में उठी हिंसात्मक चिंगारियां अमेरिका-वियतनाम से आरंभ होकर रूस-यूक्रेन में जंग की आग भड़काने के पश्चात, वर्तमान में शांति एवं विकास की अनंत संभावनाओं हेतु प्रयासरत मध्य एशियाई क्षेत्र में बसे नागरिकों को अपनी चपेट में ले चुकी हैं। 7 अक्टूबर को शबात के दिन मौज-मस्ती में डूबे इसराइल की सीमा सुरक्षा प्रणाली ध्वस्त करते हुए हमास के आतंकियों ने ऐसा कहर बरपाया कि प्रतिकार में इसराइली सेना को भी युद्ध का बिगुल बजाना पड़ा। वर्ष 2005 से ही गाजापट्टी पर नियंत्रण स्थापित कर चुके हमास के आतंकियों ने इस बर्बर हमले के दौरान बंधक बनाने में बूढ़ों, बच्चों, महिलाओं तक को नहीं बख्शा। 22 स्थानों पर अकस्मात किये गये इस प्रहार ने अमेरिका पर हुए 9/11 हमले के घाव हरे कर दिये। एक दिन में ही मौत के घाट उतारे गये यहूदियों की संख्या, द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुए सामूहिक यहूदी नरसंहार के पश्चात, सर्वाधिक आंकी गयी। रक्तरंजित लाशों के अंबार के मध्य नारी अस्मिता मर्दन करते हृदयविदारक वीडियो देखकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं। क्रूरता के आवेग में क्या कोई व्यक्ति इतना घृणित व्यवहार भी कर सकता है? हमास हमले के मास्टर मांइड समझे जाने वाले मोहम्मद दीफ द्वारा जारी ऑडियो के अनुसार इसे 2021 में यरूशलम की अल अक्सा मस्जिद में घुसने की जवाबी कार्रवाई बताया जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार मुख्य कारण इसराइल तथा सऊदी अरब के मध्य होने जा रहा व्यापक शांति समझौता भी है। वर्ष 2000 में भी कैंप डेविड सम्मेलन के दौरान हमास ने इसराइल-फिलिस्तीन शांति योजना विफल करने का प्रयास किया था। दूसरे इंतिफादा (विद्रोह) से न केवल दोनों पक्षों के बीच स्थिति सामान्य होने की समस्त संभावनाएं निरस्त हो गयी थीं, अपितु इस संघर्ष में हजारों नागरिक मृत्यु की भेंट चढ़ गये थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन अजय के तहत देशवासियों को सुरक्षित निकालने की शुरुआत हो चुकी है। हमास आतंकवाद का शमन अत्यावश्यक है, ताकि भविष्य में कोई आतंकी गुट सिर न उठा पाये, किंतु तथ्य यह भी है, युद्ध कैसा भी हो, जीव हितैषी कदापि नहीं। भारी बमबारी व नाकाबंदी से गाजा पट्टी का समृद्ध क्षेत्र रेगिस्तान में परिवर्तित हो चुका है। लाखों लोग बेघर हो चुके हैं। भूख-प्यास से बेहाल बच्चे धू-धू जलते आशियाने देखकर केवल यही सवाल कर रहे हैं, सभ्य समाजों में आतंकवाद क्यों, युद्ध क्यों?

हमास आतंकवाद का शमन अत्यावश्यक है, ताकि भविष्य में कोई आतंकी गुट सिर न उठा पाये, किंतु तथ्य यह भी है, युद्ध कैसा भी हो, जीव हितैषी कदापि नहीं। भारी बमबारी व नाकाबंदी से गाजा पट्टी का समृद्ध क्षेत्र रेगिस्तान में परिवर्तित हो चुका है।

अभिमत
आजाद सिपाही

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि 12 अक्टूबर 2005 को आरटीआइ अधिनियम की शुरुआत के बाद भी इसकी 18वीं वर्षगांठ मनाने के लिए कुछ भी नहीं है, खास कर तब जब 29 में से 6 राज्य सूचना आयोग नेतृत्व विहीन हैं और 7 संस्थान अलग-अलग ताकत पर काम कर रहे हैं, जो राजनेताओं की सामान्य मानसिकता को दर्शाता है।

अंतिम सांसें गिन रहा आरटीआइ एक्ट

केएस तोमर

यह परिस्थितियों की विडंबना है कि सूचना का अधिकार (आरटीआइ) अधिनियम हर गुजरते दिन के साथ अपनी चमक खोता जा रहा है, क्योंकि पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने का इसका लक्ष्य एक कारण बन गया है, जिसका श्रेय केंद्र सरकार के प्रयास सहित 2005 के आरटीआइ अधिनियम के हाल के संशोधनों को दिया जा सकता है। डिजीटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 जिसने अपनी निजता के बहाने गोपनीयता को बढ़ावा दिया है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि 12 अक्टूबर 2005 को आरटीआइ अधिनियम की शुरुआत के बाद भी इसकी 18वीं वर्षगांठ मनाने के लिए कुछ भी नहीं है, खास कर तब जब 29 में से 6 राज्य सूचना आयोग नेतृत्व विहीन हैं और 7 संस्थान अलग-अलग ताकत पर काम कर रहे हैं, जो राजनेताओं की सामान्य मानसिकता को दर्शाता है।

आरटीआइ आंदोलन की प्रणेता अरुणा रॉय आज एक दुखी व्यक्ति हैं। पूर्व नौकरशाह अरुणा रॉय के नेतृत्व में मजबूर किसान संगठन ने वर्ष 2000 में राजस्थान में आरटीआइ को वास्तविकता बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया था। अरुणा ने लोगों के सूचना के अधिकार पर राष्ट्रीय अभियान को बढ़ावा दिया था।

केंद्रीय और राज्य आयोगों को प्रतिदिन 4800 से अधिक आवेदक प्राप्त होते हैं।

केंद्रीय और राज्य आयोगों को स्वयं प्रयास करने की जरूरत : अधिकांश राज्य सचना आयोग (एसआइसी) और सीआइसी को अप्रसांगिक बना दिया गया है, क्योंकि संघ के साथ-साथ राज्य सरकार के अधिकारी अवेदकों द्वारा मांगी गयी जानकारी को नजरअंदाज कर देते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इन संस्थानों को राहत उपलब्ध करवाने की सख्त जरूरत है अन्यथा इन्हें बंद कर देना चाहिए।

नौकरशाहों को दंडित करने की शक्तियों की कमी के कारण सीआइसी और आइसी को स्टीरियो टाइप उत्तर भेजे जाते हैं, जो हास्यास्पद है और आमतौर पर कहा जाता है कि जानकारी एकत्र की जा रही है।

दूसरा, केंद्र सरकार को उल्लंघनकर्ताओं को दंडित करने के लिए सीआइसी और आइसी को अदालत की अवमानना की शक्तियां देनी चाहिएं, ताकि नौकरशाहों के बीच भय की मनोवृत्ति की भावना पैदा हो। दिलचस्प बात यह है कि कम से कम 6 राज्यों ने जानबूझ कर सीआइसी और आइसी की नियुक्तियों में देरी की है, क्योंकि यदि प्राथमिकता दी जाती है, तो उनका नाम उनकी सूची में नहीं होता जिससे संस्थान कमजोर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय और राज्य आयोगों को प्रतिदिन 4800 से अधिक आवेदक प्राप्त होते हैं और लंबित मामलों की संख्या करीब 1,75,00,000 के आंकड़े के पार हो गयी है, जो इन संस्थानों की दक्षता के बारे में बहुत कुछ बताती है और ऐसी ही दयनीय स्थिति राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोगों की भी है, जिन्हें लगभग निष्क्रिय बना दिया गया है। खास कर तब जब नियुक्तियां सत्ताधारी दल की पसंद और नापसंद के हिसाब से होती हैं।

मुख्य सूचना आयोग लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा : भारत के मुख्य सूचना आयोग (सीआइसी) की कार्यकुशलता की कल्पना करें, जिसके पास 3 लाख से अधिक शिकायतें लंबित हैं और वह शिकायकर्ताओं से दूर भागता है जो भ्रष्टाचार और मानवाधिकार उल्लंघन के कुछ आरोपों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी चाहता है। लोकतंत्र में किसी भी सरकार का विवेक किसी भी नागरिक को ऐसी जानकारी मांगने से नहीं रोक सकता जो समाज के कल्याण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें जानकारी छिपाने में आदतन अपराधी बन गयी हैं, जो नौकरशाहों की मिलीभगत से किया जा रहा है। भारत के पूर्व सीआइसी यशवंत सिन्हा के कार्यकाल पर एक सरसरी नजर डालने से स्थिति की दयनीय हालत का पता चलता है, क्योंकि वह शायद ही कोई सराहनीय या साहसी आदेश जारी कर सके जो केंद्र को गंभीर और महत्वपूर्ण सार्वजनिक हित की जानकारी देने के लिए मजबूर कर सके।

भारत के पूर्व सीआइसी यशवंत सिन्हा 3 अक्टूबर 2023 को सेवानिवृत्त हुए थे और 4 साल 9 महीने के कार्यकाल में 14000 से अधिक मामलों को उन्होंने संभाला, जिसमें 2 साल सूचना आयुक्त के रूप में और शेष सीआइसी के रूप में शामिल थे। सिन्हा ने कोविड-19 के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी के बारे में कार्यकर्ता के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था क्योंकि सरकार ने इसे राष्ट्रीय हित के बहाने रोक दिया था।

कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश एनडीए शासन के तहत आरटीआइ अधिनियम के अधिकार में गिरावट से परेशान हैं, क्योंकि उन्होंने लगातार इस अधिनियम को कमजोर करने की कोशिश की है। इसलिए यह अपने अंतिम अंत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने शीर्ष अदालत में आरटीआइ अधिनियम में संशोधन के प्रावधान जो 2019 में केंद्र सरकार द्वारा पारित किये गये थे, में से कुछ को चुनौती दी है।

आरटीआइ आंदोलन की प्रणेता अरुणा रॉय आज एक दुखी व्यक्ति हैं। पूर्व नौकरशाह अरुणा रॉय के नेतृत्व में मजबूर किसान संगठन ने वर्ष 2000 में राजस्थान में आरटीआइ को वास्तविकता बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया था। अरुणा ने लोगों के सूचना के अधिकार पर राष्ट्रीय अभियान को बढ़ावा दिया था। 1996 में यह एक बड़ा आंदोलन बन गया, जिसके परिणामास्वरूप 12 अक्टूबर 2005 को यूपीए शासन के दौरान आरटीआइ अधिनियम का जन्म हुआ। वर्तमान में आरटीआइ अधिनियम केवल कागजों पर ही मौजूद है।

जमशेदपुर की खबरें

सात सूत्री मांग को लेकर चार दिवसीय मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा का शुभारंभ

अतिथियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

बहरागोड़ा। पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा बीनापानी हाई स्कूल मैदान से चार दिवसीय मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। रविवार को पदयात्रा में झामुमो केंद्रीय महासचिव बाबूलाल सोरेन, पूर्व डिप्टी स्पीकर देवेंद्र नाथ चम्पिया, पूर्व मंत्री दिनेश सारंगी,वरिस्ट नेत्री डॉ सुनीता व देवदूत सोरेन शामिल हुए। इस अवसर पर विधिवत पारम्परिक तरीके से दिउरी के द्वारा पूजा अर्चना के बाद अतिथियों के द्वारा महापुरुष भगवान बिरसा मुंडा,वीर शहीद पोटो हो, वीर शहीद गंगानारायण सिंह, सिद्धू कानू को संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। चार दिवसीय पदयात्रा का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिलाध्यक्ष सह मानकी रोशन पुरती के नेतृत में सात सूत्री मांगो को लेकर चार दिवसीय मानकी मुंडा अधिकार पदयात्रा में लगभग पांच हजार लोग शामिल है। पदयात्रा रविवार को बहरागोड़ा से निकल कर बुधवार को शहर के डीसी कार्यालय के समक्ष सामप्त होगी। मौके पर झामुमो के केंद्रीय महसचिव बाबूलाल सोरेन ने कहा मानकी-मुंडा आदिवासी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था है। सरकार इस स्वशासन व्यवस्था को नजर अंदाज नहीं कर सकती है। जल जंगल जमीन इसी से बच सकती है। जमीन बचेगी तब जाकर हासा-भाषा भी बचेगा। इसके लिए चाहे केंद्र सरकार व राज्य सरकार से लड़ना पड़े हम लोग एकजुट होकर लड़ेंगे। वही पूर्व डिप्टी स्पीकर देवेंद्र नाथ चम्पिया ने कहा झारखंड के विश्विद्यालय में सभी जनजातीय भाषा हो, मुंडा, भूमिज, कुड़ुख, संथाली की पढ़ाई सुनिश्चित की जानी चाइये। अलग से विभाग की स्थापना होनी चाहिए। पूर्व स्वास्थ मंत्री दिनेश सारंगी ने कहा मानकी मुंडा, ग्राम प्रधान को जो मानदेह पश्चिम सिंहभूम में दिया जा रहा वह पूर्वी सिंहभूम के मानकी मुंडा, ग्राम प्रधान को सम्मान राशि मिलना चाहिए। पद्मश्री डॉ जनुम सिंह सोय ने कहा साहित्य आकादमी हर जनजातीय भाषा की स्थापना हो ताकि उनकी साहित्य बचे रहे। वही मानकी मुंडा की सात सूत्री मांग में केंद्र सरकार वन संरक्षण अधिनियम 2023 को रद्द करें। पूर्वी सिंहभूम के मानकी -मुंडा, डाकुवा, घटवाल, सरदार, नाईक, दिउरी, पाहन, लाया को सम्मान राशि अविलम्ब दिया जाए। हो, मुंडारी, कुड़ुख, संथाली भाषा को झारखंड का प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए। कोल्हान विश्विधालय व महाविधालय में जनजातीय विषयों हो, मुंडारी, भूमिज, कुड़ुख, संथाली के शिक्षकों की रिक्त पदों को अविलंब नियुक्त किया जाए। हो, मुंडारी, भूमिज, कुड़ुख, संथाली भाषा एकेडमी गठित हो। राज्य सरकार पेसा कानून अधिनियम 1996 एवं आदिवासी सलाहकार परिषद् उपविधि अविलम्ब बनाने की मांग शामिल है।

आरोपी : कपाली ओपी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

दो अलग-अलग मामले में हथियार के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

चांडिल। सरायकीला खरसावां जिले के कपाली ओपी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में हथियार के साथ दो युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रविवार को घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ संजय कुमार ने बताया बीते 24 मार्च को जमीन विवाद में सूरज कालिंदी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले के मुख्य साजिशकर्ता कपाली के बंधुगोड़ा निवासी जयद्रथ महतो, कमारगोड़ा के विष्णु महतो, तमोलिया के संतोष गोप व राकेश गोरी को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया था। हत्याकांड का मुख्य शूटर पुलिस गिरफ्त से बाहर था। पुलिस ने एक देसी लोडेड कट्टा व पल्सर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया एक अन्य मामला कपाली मे फायरिंग का है। आरोपी बरकत गद्दी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बरकत अली गद्दी कपाली डांगरडीह का रहने वाला है। वह नशे का आदी है। अपनी मां के साथ हुए विवाद के बाद उसने अपने ही घर पर हवाई फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को एक लोडेड देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया दोनो आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। फिलहाल दोनों आरोपी के न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

विधायक ने गुरमा गांव का किया निरीक्षण

शुद्ध पेयजल व नाली की समस्याओं से हुए अवगत

जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए विधायक मंगल कालिंदी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए विधायक मंगल कालिंदी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। रविवार को विधायक ने जमशेदपुर प्रखंड स्थित बड़ा बांकी पंचायत अंतर्गत गुरमा गांव का निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीणों के संग बैठक के दौरान महिलाओं ने क्षेत्र में शुद्ध पेयजल व नाली की समस्याओं से ग्रामीणों ने अवगत कराया। विधायक ने जल्द ही समस्याओ का समाधान के लिए अश्वाशन दिया। मौके पर झामुमो नेता रुस धीवर, गणेश चंद्र हांसदा, राजा राम मुर्मु, मंगल टूडु, निर्मल महतो, कमल महतो, मनोज धीवर, सुकु टूडु, जोबा महतो सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

भिलाई पहाड़ी हॉट मैदान में श्री श्री दुगार्पूजा समिति का भव्य पूजा का आयोजन

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिला के देवघर पंचायत स्थित भिलाई पहाड़ी हॉट मैदान में आयोजित श्री श्री सार्वजनिक दुगार्पूजा समिति के द्वारा भव्य पूजा का आयोजन किया गया। रविवार को पूजा कमेटी के महासचिव पिंटू दत्त ने जानकारी देते हुए बताया बीते 2007 से भिलाई पहाड़ी हॉट मैदान में स्थानीय लोगों के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन की जाती है। इस बार पूजा में भव्य पंडाल का निर्माण बंगाल के कारीगर द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया पूजा का उद्घाटन पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के द्वारा किया जाएगा। माहा सप्तमी के दिन पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से मिथु बाहुल की टीम द्वारा शाम 8.30 बजे से संगीत प्रस्तुत की जाएगी। महा अष्टमी के दिन कोलकाता के म्यूजिक डांस ग्रुप के द्वारा रात्रि 9 बजे से सोनार बांग्ला नाटक प्रस्तुत की जाएगी। वही नवमी के दिन जात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया प्रतिदिन श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रेसिडेंट घासीराम सिंह,जेनरल सेक्रेटरी पिंटू दत्ता, सेक्रेटरी अर्जुन सोरेन, अस्सिटेंट सेक्रेट्री धीरेंद्र गौड़, बुद्धेश्वर कुंडू, सुखदेव चालक,बसद्दीनाथ प्राधन, हरेंद्र प्रधान, आशीष गौड़, रवि धीवर, आशा महतो, शकुंतला रजक, त्रिलोचन गौड़, महेश राय, जोगेंद्र गौड़, नरेंद्र सिंह,जी पी तिवारी, रामायण दुबे, अरविंद सिंह नरेंद्र प्रधान, काजल दत्ता सहित सैकड़ो लोगो ने शामिल होकर दुगार्पूजा को सफल बनाने में योगदान दे रहे है।

सोनुआ के नुवागांव में असामाजिक तत्वों ने किया ग्रामदेवी की प्रतिमा को खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

चाइबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र के नुवागांव में असामाजिक तत्वों ने शनिवार रात ग्रामदेवी की प्रतिमा को खंडित कर दिया। इसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सोनुआ थाना प्रभारी सोहनलाल दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच की। घटना की जानकारी पर पूर्व विधायक गुरुचरण नायक भी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। बता दें कि नुवागांव में गांव की सुख समृद्धि और रक्षा के लिए ग्रामदेवी की प्रतिमा स्थापित की गयी है। भाजपा नेता सह पूर्व विधायक गुरुचरण नायक ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। लोगों का भी कहना है कि नवरात्र के शुरू होने के ठीक पूर्व मां ग्राम देवी की प्रतिमा को खंडित करना एक साजिश है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। वहीं ग्रामीणों ने भी सोनुआ थाना प्रभारी को एक मांग पत्र सौंप कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है. ।मांग पत्र देनेवाली महिलाओं में रीना कालिंदी सहित दर्जनों महिला शामिल हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि पुलिस जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार नहीं करती है तो इसे लेकर आंदोलन किया जायेगा।

पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र का आगाज, मां शैलपुत्री की हुई पूजा

पर्वतराज हिमाचल के घर पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण मां दुर्गा जी का नाम शैलपुत्री पड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

गढवा। शारदीय नवरात्र के प्रथम तिथि को अनेको पूजा पंडालो में भव्य कलश यात्रा निकल गयी। आज से शारदीय नवरात्र की शुरूआत हो गयी। पहले दिन श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर मां शैलपुत्री की विधि विधान से पूजा अर्चना कर नौ दिन के व्रतों का शुभारंभ किया। तीर्थ स्थानों पर देवी देवताओं के आयुधों को स्नान कराया गया। इससे पूर्व सुबह पवित्र नदियों में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। वही भगलपुर मोहल्ला स्थित जय मां शेरावाली के पूजा पंडाल से भी भव्य कलश यात्रा निकाला गया।

कलश यात्रा में हजारों की संख्या में छोटे-छोटे बच्चे और माताएं बहनों ने भाग लिया और मां के जयकारे का साथ दानरो नदी और विरहा नदी के संगम से कलश में जल भरकर अपने पूजा पंडाल पहुंचे, जहां विद्वान पंडित आशीष वैद्य जी महाराज ने मित्रों के उच्चारण के साथ कलश स्थापना कराकर मां शैलपुत्री की पूजा शुरूआत की।

वहीं आशीष वैद्य जी महाराज ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है पर्वतराज हिमाचल के घर पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण मां दुर्गा जी का नाम शैलपुत्री पड़ा मां शैलपुत्री नदी नाम के ऋषभ पर सवार होती है और उनके दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल होता है मां शैलपुत्री के पूजन से जीवन में स्थिरता और दृढ़ता आती है। कलश यात्रा में अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष उपकोषाध्यक्ष संयोजक संरक्षक सदस्य सहित सभी भक्तजन शामिल थे।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, गढ़वा शाखा का पदस्थापना समारोह बैंक्वेट हॉल में आयोजित

आजाद सिपाही संवादाता

गढ़वा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, गढ़वा शाखा का पदस्थापना समारोह विद्या सिटी मॉल के बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया। जिसमें सत्र 2023-25 के लिए पदाधिकारियों को निर्वाचन टीम (डॉ कन्हैया प्रसाद, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह और डॉ रागिनी अग्रवाल) ने नये पदाधिकारियों का मनोनयन किया। जिसमें डॉ एन के रजक को अध्यक्ष, डॉ कुमार पंकज प्रभात को सचिव और डॉ समशेर सिंह को कोषाध्यक्ष पद के लिए मनोनित किया गया। जबकि डॉक्टर अरशद अंसारी और डॉ आलोक तिवारी को उपाध्यक्ष पद पर आसीन किया गया। वहीं डॉ असजद अंसारी, डॉ जितेंद्र, डॉ सुचित्रा को संयुक्त सचिव का पदभार सौंपा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड आईएमए के उपाध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव डॉक्टर सुरेंद्र सिंह और डॉ संतोष कुमार थे। अन्य अतिथियों में पलामू जिला आईएमए अध्यक्ष डॉ अनिल सिंह, गढ़वा जिला के सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह के साथ के साथ जिले के सभी आईएमए के सदस्य गण सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में झारखंड आईएमए के उपाध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव डॉक्टर सुरेंद्र सिंह और डॉ संतोष कुमार थे।

अलखनाथ पांडेय को भाजपा नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ नारायणपुर विस का प्रभारी बनाया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा गढ़वा नगर परिषद के प्रथम उपाध्यक्ष जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा के संस्थापक एवं विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे अलखनाथ पाण्डेय को केंद्रीय नेतृत्व व प्रदेश नेतृत्व द्वारा आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में बस्तर संभाग के नारायणपुर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। इसके लिए भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने झारखंड प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व एवं केंद्र नेतृत्व का अभार व्यक्त किया हैं। जहां वे 15 अक्टूबर से 7 नवंबर तक नारायणपुर विधानसभा में रहकर प्रभारी के तौर पर कार्य करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व को अपनी ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरने का प्रयास करुंगा।

बाजे-गाजे के साथ निकाली गयी कलश शोभा यात्रा, मां की आराधना में लीन हुए श्रद्धालु

मेराल (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालु कलश स्थापना कर मां की आराधना में लीन हो गये हैं। वही अरांगी शिव स्थान से सैकड़ो श्रद्धालुओ द्वारा बाजे गाजे के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। इस दौरान लोगों में दुर्गा पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। कलश शोभायात्रा में अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता जवाहर पासवान और थाना प्रभारी नीतीश कुमार शामिल हुए। दोनों अतिथियों को भाजपा नेता उदय कुमार कुशवाहा ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा वार्ड नंबर 8 के दुर्गा मंडप का फीता काटकर उद्घाटन किया गया एवं श्रद्धालुओं को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ करायी गयी। दोनों अतिथियों द्वारा शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्वक मां दुर्गा की आराधना करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड सदस्य रामाशीष प्रसाद कुशवाहा, कुलेंद्र मेहता, लव मेहता, संजय मेहता, राजेश मेहता, टार्जन पासवान, संतोष प्रजापति, महेंद्र, विमलेश प्रजापति, गुडलाल मेहता, दिनेश मेहता, कृष्णा मेहता, गंगा महतो, सरजू आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, कलश यात्रा में करीब 300 श्रद्धालु शामिल थे।

आदिवासी महासम्मेलन का आयोजन

भंडारिया (आजाद सिपाही)। भंडारिया मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के मैदान में दिन रविवार को अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के द्वारा प्रखंड स्तरीय आदिवासी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। आदिवासी महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश मिंज ने कहा कि आदिवासीअपना संस्कृत बचाए रखने का आवश्यकता है और आदिवासी का हक पेसा कानून पंचायती राज वन अधिकार अधिनियम के तहत काम करने का आवश्यकता है हमारा आदिवासी के लोग भोले भाले हैं धर्म का राजनीतिक नहीं करते हैं सभी को जीने का और रहने का हक और अधिकार है केंद्रीय महासचिव दिलीप तिर्की ने कहा कि आज आदिवासियों को एकजुट रहने की आवश्यकता है इस मौके पर आदिवासी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष नीलम तिर्की मंच संचालन करते जेम्स कुजूर, केसवर करकेटा हरिदास तिर्की लोरेंस कुजूर आदि भंडारिया बरगढ़ प्रखंड के आदिवासी के लोग उपस्थित थे।

अपराधियों ने कनपटी पर पिस्तौल सटा कर की लूट

गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा शहर के मदरसा रोड निवासी मुन्ना प्रसाद सोनी का पुत्र रोहित कुमार सोनी से शनिवार की रात्रि अज्ञात अपराधियों ने कनपट्टी पर पिस्तौल सटाकर उसकी मोटरसाइकिल मोबाइल सोने के चेन एवं पर्स का लूट कर लिया। इस संबंध में रोहित कुमार सोनी ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध गढ़वा थाने में प्राथमिक की दर्ज कराया है। प्राथमिक में कहा गया है कि रोहित कुमार सोनी गोल्ड मेडल इलेक्ट्रिकल में काम करता है। किसी काम से रात्रि में रंका मोड़ आया था वापस रात्रि 8:00 बजे बाईपास सड़क से निमिया स्थान होकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाकर दो लोगों ने उसे मंगल शाह दाता मजार के पास उसकी मोटरसाइकिल रुकवा लिया इसके बाद उसके कनपटी में पिस्तौल सटकर उसका मोबाइल पर्स और गाड़ी से उतार कर उसकी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। पुलिस ने रोहित कुमार सोनी के द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। बताया गया कि पुलिस इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

खेलेगा भारत, खिलेगा भारत कार्यक्रम के तहत एकल अभियान ने कराया खेल का आयोजन

आजाद सिपाही संवादाता

रमना। एकल आभियान संच बहियार अंचल गढ़वा ने खेलेगा भारत, खिलेगा भारत कार्यक्रम के तहत शनिवार को हाई स्कूल के मैदान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों को कबड्डी,ऊंची दौड़, लंबी दौड़, कुश्ती, दौड़ सहीत अन्य खेल कूद कराया गया। कार्यक्रम का शुरूआत भाग प्रशिक्षण प्रमुख असर्फी चौधरी संच सचिव अर्जुन चौधरी, संजय पासवान, रवि कुमार,संच प्रमुख ऊषा देवी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर भाग प्रशिक्षण प्रमुख असर्फी चौधरी ने कहा कि एकल परिवार पंचमुखी शिक्षा पर कार्य करते हुये सुदूरवर्ती क्षेत्र में संस्कार युक्त शिक्षा देकर सनातन संस्कृति से लोगों जागरूक करता हैं। वही संच सचिव अर्जुन चौधरी ने कहा कि एकल अभियान के माध्यम से संचालित सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विद्यालय ग्राम से खेल कराते हुये चयनित बच्चों को संच स्तर पर खेलाया गया। जिसमे विभीन्न खेलो से 32 बच्चों का चयन किया गया है। बच्चों को शुभकामना देते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सभी चयनित बच्चे अंचल में खेल कर अपने संच बहियार रमना और अंचल गढ़वा का नाम रौशन करेंगे।

मौके पर समिति सदस्य संजय पासवान, रवि कुमार, गौतम कुमार, संच प्रमुख ऊषा देवी, बिमला देवी, अर्चना देवी, किरण देवी, प्रतीमा देवी, सपना कुमारी, संगीता देवी, सोनी देवी, गीता देवी, सुनीता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पतरिया पंचायत के शिवरी गांव में मातम

आजाद सिपाही संवादाता

कांडी। थाना क्षेत्र में शारदीय नवरात्र एक ओर जंहा हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुई वहीं दूसरी ओर यह खुशी प्रखंड वासियों के लिए मातम में बदल गयी। प्राप्त सूचना के अनुसार पतरिया पंचायत के शिवरी गांव निवासी अरविंद सिंह का 21 वर्षीय पुत्र रवि कुमार सिंह की सोन नद में डूबने से मृत्यु हो गयी। घटना रविवार की दोपहर 12 बजे की है। मिली सूचना के अनुसार शिवरी गांव से दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाला गया था। सभी कलशधारी सोन नद से अपने अपने कलश में जल भर कर वापस लौट ही रहे थे कि मृतक रवि सिंह स्नान करने के लिए वापस नदी की बीच धारा में चला गया वह बीच धारा में डूबने लगा परंतु मौके पर ना ही कोई प्रशिक्षित तैराक या गोताखोर था और ना ही प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ देर तक बचाव का प्रयास किया गया परंतू सब विफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही डूमरसोता मुखिया राजेश विश्वकर्मा और कांडी मुखिया विजय राम के द्वारा डूमरसोता गांव के स्थानीय गोताखोर फुलेंद्र चौधरी, नंदन चौधरी, विजय चौधरी, आनंद चौधरी, किरानी चौधरी, सुदामा चौधरी शाम तक प्रयास किये पर विफल रहे। समाचार लिखे जाने तक प्रखंड के ही भजनिया गांव के गोताखोरों को बुलाया गया था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह, कांडी पुलिस और हरिहरपुर पुलिस दल-बल के साथ घटना स्थल पर बने रहे। इस संबंध में युवा समाजसेवी शशांक शेखर ने कहा कि डूमरसोता घाट पर इतने बड़े आयोजन होने के बाद भी सुरक्षा का कोई इंतजाम नही किया गया था। जबकि इस घाट पर आये दिन बड़ी घटना होती ही रहती है जबकि स्थानीय गोताखोरों के द्वारा हद से ज्यादा मेहनत करने के बावजूद भी एक भी रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में नही दिया जाता है। समाचार लिखे जाने तक शव का कुछ पता नही चलने पर खोजबीन जारी था।

शारदीय नवरात्र पूजा कलश स्थापना के साथ शुरू

आजाद सिपाही संवादाता

रमना। प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र पूजा को लेकर विभिन्न मंदिरों व पूजा मंडलों में कलश स्थापना कर पूजा पाठ शुरू कर दिया गया है। जिसमें मुख्य रूप से श्री सीताराम मानस मंदिर में रामदरबार प्रतिमा स्थापित कर नवाहपरायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व गाजे बाजे के साथ मंदिर से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु स्थानीय सुखाडा नदी से जल लाकर कलश स्थापना की। इस दरम्यान श्रद्धालुओं के द्वारा जय माता दी, जय श्री राम, जय हनुमान के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इसी तरह बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, नवयुवक संघ बस स्टेंड, शहीद चौक स्थित सूर्या कल्ब के अलावे सिलीदाग, भागोडीह, कर्णपुरा, बहियार कला, टंडवा देवी धाम, मड़वानिया, बुल्का, गमहरिया, चुंदी देवी धाम सहित अन्य स्थल पर भी कलश स्थापना कर पूजा पाठ शुरू कर दी गयी है। वही बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में पंडित रामचंद्र मिश्रा के नेरतित्व में पूजा पाठ कराया जा रहा है।

अमीन संघ की बैठक में मंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

आजाद सिपाही संवादाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर में रविवार को झारखंड राज्य अमीन संघ की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में संघ की विभिन्न मांगो से संबंधित मांग पत्र प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से मिलकर मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रदेश संरक्षक सह जिला अध्यक्ष नवल किशोर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ससमय मानदेय भुगतान नहीं होने सहित संघ के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से जिसमें झारखंड राज्य अमीन संघ की प्रस्तावित मांग को पुनः झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को समर्पित करने का निर्णय लिया गया। सौंपे जाने वाले मांग पत्र में प्रदेश के अमीन को आउटसोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से मुक्त करते हुए सरकार द्वारा उचित मानदेय देने, सामान्य काम के बदले सामान्य वेतन देने, स्वास्थ्य बीमा, सुरक्षा बीमा का लाभ दिलाने, झारखंड राज्य अमीन नियुक्ति प्रक्रिया में 50 प्रतिशत का आरक्षण देने सहित सरकारी कर्मचारी की तरह सभी सुविधा उपलब्ध कराने आदि मांग शामिल होगा। मांग पत्र सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष कुंदन ठाकुर के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, राजाराम मेहता, रविकांत पांडेय, अशोक प्रजापति, निर्मल कुमार ठाकुर, सबिरू हक, शिवकुमार मेहता, मनोज मेहता, बिगन विश्वकर्मा, बृजेश कुमार और जिला अमीन संघ के प्रतिनिधि मंडल संयुक्त रूप से शामिल होंगे।

दिव्यांग दंपति को एक महीना का राशन उपलब्ध कराया गया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। एआईएमआईएम के प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ एमएन खान अपनी टीम के साथ दुलदुलवा पंचायत के पेशका गांव पहुंच कर दिव्यांग दंपति को एक महीना का राशन उपलब्ध कराया। वहीं सहयोग के रूप में नगद राशि भी दिया। इस अवसर पर डॉ एमएन खान ने कहा कि पेशका गांव निवासी कृष्ण ठाकुर लकवा से ग्रसित हैं। जबकि उनकी पत्नी मंजू देवी नेत्रहीन हैं। उन लोगों को रहने के लिए आवास भी नही है। एक झोपड़ी में गाय और बकरी बांधते हैं। वहीं उसी में रहते हैं। उन्होंने कहा कि उक्त दंपति सोशल मीडिया के माध्यम से मिलने पर वे लोग पेशका गांव पहुंच कर संबंधित दंपति को एक महीना का राशन प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला के सचिव रमजान अंसारी, जिला उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान अंसारी, वरिष्ठ नेता शाह मोहम्मद अंसारी, जिला युवाध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, गुलबाश (सदर), कल्याणपुर पंचायत अध्यक्ष गुलबहार, चामा पंचायत अध्यक्ष इलाही अंसारी, नेजामुद्दीन, एजाज, यासीन खान, इस्तखार आदि उपस्थित थे।

शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन देवी सर्वभुतेषु की गूंज से वातावरण हुआ भक्ति मय

सगमा (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र या देवी सर्वभुतेषु की गूंज से वातावरण में भक्ति रस निकल रहा है। कलश यात्रा के माध्यम से जल लेकर पूजा स्थलों पर घटस्थापन कर नव दिनों तक देवी की उपासना की इस दौरान नौ दिन तक चलने वाली शारदीय नवरात्रि कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में भक्ति मय बना हुआ है। गौरतलब है कि प्रखंड क्षेत्र के सगमा, कटहर कलां देवी धाम और शारदा स्कूल से मुखिया कलावती देवी ने फीता काट कर कलश यात्रा को शुभारंभ किया। इस दौरान देवी धाम और सारदा से कलश उठाकर तुरा नदी पर कलश भरी का कार्यक्रम किया गया। वहीं जयबजरंगबली दुर्गा पूजा कमिटि पुतुर हनुमान मंदिर, सोनडीहा शिव मंदिर, पुतुर के उतमहि नदी से जल भरी कार्यक्रम किया गया। जिसमे मुख्यरूप से प्रखंड प्रमुख अजय साव, सगमा मुखिया तेजलाल भुइयां, कटहर कलां मुखिया कलावती देवी राजेंद्र राम,बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, समाजसेवी योगेंद्र, शिक्षक शशि यादव यादव,विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश बैठा, रमा शंकर यादव, अजित कुमार बैठा, जयंत यादव,राहुल यादव, मनोरंजन कुमार, सुरेंद्र गुप्ता बुलु प्रसाद यादव, राकेश कुमार, नंदलाल बैठा, नीति यादव, अनुज यादव, रआरएसएस के खंड कार्यवाहक रामजन्म गुप्ता का नाम शामिल है ।05

शारदीय नवरात्र कलश स्थापना के साथ दुर्गा पूजा प्रारंभ

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के विभिन्न गांवों में शारदीय नवरात्र के अवसर पर कलश स्थापना के साथ नवदुर्गा की पहली स्वरूप माँ शैलपुत्री की पूजा प्रारंभ हो गयी है। पूजा को लेकर लोग भक्ति रस में डूबे हुए है। इस अवसर पर जय भवानी संघ दुर्गा पूजा कमिटी कमता पिपरी के द्वारा कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा अष्टभुजी कामेश्वरी माता मंदिर कमता से चलकर पिपरी खुर्द भुइया टोला होते हुए पपरवा धाम छोटी जलाशय पर पहुची। जहां वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरा गया। श्रद्धालु कलश में जलभर कर पुनः कमता अष्टभुजी कामेश्वरी माता मंदिर पहुंचे। जहां आचार्य राजु पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण से कलश स्थापना करवायी गयी। कलश स्थापना कर नवरात्र के पहले दिन वैदिक मंत्रोचारण या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः के साथ पहली स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा प्रारंभ किया गया।

प्रांतीय संस्कृति महोत्सव के लिए रवाना हुई इंटर कॉलेज की टीम

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बोकारो के थर्ड सी स्थित विद्या मंदिर में 15 और 16 अक्टूबर को विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेने के लिए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा की टीम आज रवाना हुई। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने शुभकामनाएं देकर तीन मार्गदर्शन शिक्षक सहित 30 सदस्यों की टीम को रवाना किया। टीम में वैदिक गणित प्रश्न मंच में अमर उरांव, मुनिका कुमारी व किरण कुमारी, विज्ञान प्रश्न मंच में ईशा कुमारी, रिया कुमारी व रोहित कुमार साहू, अंग्रेजी प्रश्न मंच में सुष्मिता कुमारी, नेहा कुमारी और अल्फा कुजूर, संस्कृति ज्ञान प्रश्न मंच में आकांक्षा पांडे, ज्योति प्रिया कुजूर व आदित्य, त्वरित भाषण में रोशनी उरांव शामिल है।

जनसुनवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति हुई

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार झारखंड सरकार मे मंत्री बादल पत्रलेख शनिवार को लातेहार दौरा पर थे। लातेहार में कृषि विभाग के तहत कई उपकरण किसानों के बीच बांटने का काम किया। झारखंड सरकार के मंत्री बादल पत्र लेख लातेहार के चंदवा में पथ निर्माण विभाग के प्रशाल में एक जनसुनवाई कार्यक्रम भी करेंगे। जिसका समय 3:30 बजे जनसुनवाई के लिए दी गयी थी। परंतु माननीय कृषि मंत्री श्री बादल 6:00 बजे चंदवा के पथ निर्माण विभाग के प्रशाल में पहुंचने का काम किये। माननीय मंत्री जी के पास चार से पांच लोग अपनी बात को रखें। उसके बाद पार्टी के नेताओं के द्वारा माननीय मंत्री जी को अलग से ले जाकर वार्ता किया। प्रखंड अध्यक्षों ने कहा कि इस पूरे जिले में हम कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों का या पार्टी के कोई भी नेताओं का कोई भी अधिकारी बात नहीं सुनते है तो माननीय मंत्री जी के द्वारा प्रखंड अध्यक्षों से कहा गया कि आप लोग अपने शौक से प्रखंड अध्यक्ष हैं। पार्टी या सरकार से कुछ भी नही हो सकता है।सरकार किसी तरह का कोई और मदद नहीं कर सकती है।

कलश यात्रा के साथ शारदीय नवरात्र पूजन शुरू

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना के साथ झखरा ग्राम के अलावे पूरे प्रखंड क्षेत्र में कलश यात्रा के पश्चात शारदीय नवरात्र पूजा अर्चना आरम्भ हुआ. वही कलश यात्रा के दौरान झखरा ग्राम के अलावे बुटी पंचायत के विभिन्न गाँवों से श्रद्धालु कुमारी कन्या व मताओ ने भाग लिया कलश यात्रा दुर्गा पूजा पंडाल से आरम्भ हुआ जो चमडू नदी से विधिवत पुरोहित प्रेम कुमार मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कन्याओं द्वारा जल उठा कर मंदिर प्रांगण तक लाया गया.इस दौरान माँ दुर्गा,माता अम्बे,माँ शेरावाली के जयघोष से क्षेत्र गूँजमान रहा. कलश यात्रा में 301 कन्या व महिलाओं ने भाग लिया। कलश यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष राजेश जयसवाल, उपाध्यक्ष सीताराम बैठा सचिव विनोद उपसचिव संदीप कोषध्यक्ष रवि, मुख्य संरक्षक विकास संरक्षक महावीर के अलावे श्रद्धालु ग्रामीण शामिल थे।

एचएस इंपीरियल पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो कैंप और बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया

कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित एच एस इंपीरियल पब्लिक स्कूल नागजुआ में एक दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप और बेल्ट ग्रेडिंग का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड के 160 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस कैंप क्लास में जिला कोच अरविंद यादव के द्वारा खिलाड़ियों को आत्मरक्षा और किकिंग पंचिंग फाइटिंग का प्रशिक्षण दिया गया और खिलाड़ियों में बेस्ट खिलाड़ी अवार्ड में बालिका वर्ग में अंजलि उरांव और बालक वर्ग में जीशान अंसारी बेस्ट कीक में सुशांत और अर्चना बेस्ट पूमसे में रोशन कुमार और ममता उरांव तथा बेस्ट अनुशासित खिलाड़ी सुनैना मुंडा इन इन सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कैंप क्लास में बेल्ट ग्रेडिंग में येलो और ग्रीन बेल्ट का बेल्ट टेस्ट लिया गया। जिसमें सभी खिलाड़ी सफल रहे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरौली पंचायत मुखिया अरविंद उरांव और विशिष्ट अतिथि नरौली पंचायत समिति सदस्य प्रवीण साहू ने खिलाड़ियों को इससे बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी दिये।

किस्को क्षेत्र में दुर्गा पूजा को लेकर बीडीओ व थाना प्रभारी की संयुक्त अगुवाई में मॉकड्रिल अभ्यास

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। एसपी हारिस बिन जमां के आदेशानुसार किस्को थाना पुलिस की ओर से थाना क्षेत्र अंतर्गत नारी नवाडीह, होंदगा, तिसिया, हुटाप, कसियाडीह और किस्को क्षेत्र में मॉकड्रिल अभ्यास कर आगामी दुर्गा पूजा को सफल कराने हेतु क्षेत्र वासियों को आपसी भाईचारे का साथ त्यौहार मनाये जाने को लेकर अपील किया गया। इस दौरान मॉक ड्रिल अभ्यास कार्यक्रम की अगुवाई प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी अभिनीत कुमार सूरज और किस्को थाना प्रभारी पालीकार्प टोप्पो के द्वारा किया गया।

छेचा पंचायत में कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन संतोष बने पंचायत अध्यक्ष, बबलू युवा अध्यक्ष

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी प्रदेश कमेटी के निर्देश पर प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता के द्वारा रविवार को प्रखंड के छेचा पंचायत में पंचायत कमेटी की गठन करने को लेकर बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व के पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रसाद को दोबारा अध्यक्ष चुना गया। वह इसके साथ बबलू कुमार को पंचायत का युवा अध्यक्ष जबकि सुनील कुमार पूर्ति को युवा का उपाध्यक्ष बनाया गया है। पंचायत कमेटी के गठन किए जाने के दौरान कांग्रेस पार्टी के युवा प्रदेश संयोजक सह खिजरी विधानसभा प्रभारी विजय बहादुर नगर अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, युवा अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह भी मौजूद थे। वही पार्टी की ओर से नवमनोनीत पंचायत अध्यक्ष संतोष प्रसाद ने कहा कि पार्टी के द्वारा मुझ पर विश्वास करते हुए दोबारा दिए गए जवाब दे ही को मैं पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा।

केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा , हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को लोहरदगा केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति की अगुवाई में पावरगंज देवी मंदिर से अपर बाजार ठाकुरबाड़ी तक भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इसमे रामचरितमानस नवाह्न परायण पाठ का कलश भी शामिल था। बड़ी संख्या में महिलाएं और बालिकाएं भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा में शामिल हुई। भगवा वस्त्र पहने भक्त हाथ में भगवा ध्वज लहराते हुए मां का जयकारा लगा रहे थे। ढोल, नगाडे, शंख, घंट और माता के जयकारे से वातावरण गुंजायमान हो रहा था।

बालू और खनिज की तस्करी बर्दाश्त नहीं : डीएमओ राजाराम

- सात अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर पकड़ाया, दो गिरफ्तार
- सेन्हा, कुडू और सदर थाना में मामला दर्ज
- एनजीटी के अंतिम दिन पुलिस और खनन विभाग की बड़ी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। एनजीटी के अंतिम दिन पुलिस और खनन विभाग द्वारा चलाया गया संयुक्त विशेष छापामारी अभियान में अवैध बालू लोडेड सात ट्रैक्टर को मौके से जप्त किया गया है। कार्रवाई करते हुए दो बालू तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया गया। इस मामले पर सदर थाना समेत सेन्हा और कुडू थाना में डीएमओ ने अलग-अलग प्राथमिक दर्ज किया है। अवैध बालू दोहन करने वाले माफियाओं के विरुद्ध पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से हड़कम मच गया है। लगातार छापामारी से स्थानीय स्तर पर फिलहाल बालू के उत्खनन और परिवहन पर नियंत्रण लगा है। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया गया कि, एनजीटी लागू होने के बाद स्थानीय विभिन्न नदी घाट से बालू के उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा है। बावजूद, बालू तस्कर बालू की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बताया कि रविवार को कुडू के टाटी मोड़ के निकट सुबह की गयी औचक छापामारी में दो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को जब्त किया गया। अवैध बालू तस्करी में रेकी कर रहे दो तस्करों को खदेड़कर गिरफ्त में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी बरवा टोली निवासी अताउल रहमान और कोलसिमरीमरी गांव निवासी प्रमोद पासवान के रूप में पहचान की गयी है। बताया गया कि, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जम्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर सेन्हा थाना क्षेत्र के डाडु कोईल नदी घाट पर छापामारी किया गया। छापामारी में बालू का अवैध खनन और परिवहन करते तीन ट्रैक्टर को मौके पर जब्त किया गया। बालू तस्करी के कार्य में रेकी कर रहे तीन बाइक सवारों को खदेड़ा गया। आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग गये। पुलिस टीम ने तीन बाइक जब्त कर अपनी कस्टडी में ले लिया। बताया गया कि, रविवार शाम को की गयी औचक छापामारी में सदर थाना क्षेत्र से दो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त किया गया। इस मामले पर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि, अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान को खनन विभाग तेज कर दिया है।

धूमधाम से निकली महाराजाधिराज अग्रसेन की शोभायात्रा

- जय अग्रोहा, जय अग्रसेन, महाराजा अग्रसेन की जय आदि के नारों से गुंजायमान रहा शहर

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल यूथ सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को अग्रसेन जयंती की सुबह स्थानीय अग्रसेन धर्मशाला परिसर से महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गयी। सुसज्जित रथ में विराजमान महाराजा अग्रसेन की सुंदर झांकी के साथ निकली शोभायात्रा की आगे चलने वाली अग्र समाज के 18 गोत्र के प्रतीक स्वरूप पताका लहराते हुए शोभायात्रा की शोभा और भी बढ़ा रही थी। अग्र समाज के संस्थापक अग्रसेन महाराज की 5147 वीं जयंती को लेकर सुबह से ही अग्रसेन भवन में गहमागहमी का माहौल था। अग्रसेन भवन परिसर में सबसे पहले झंडोत्तोलन कर इसकी शुरूआत किया गया। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा निकाली गयी। महाराजा अग्रसेन की शोभा यात्रा अग्रसेन भवन से शुरू होकर राणा चौक, तिवारी दुरा, हटिया गार्डन, तेतरतर चंद्रशेखर आजाद चौक, गुदरी बाजार, अपर बाजार, महावीर चौक, ईस्ट गोला रोड, बरवाटोली, मिशन चौक होते हुए पुन अग्रसेन भवन पहुंचा। महाराजा अग्रसेन की जय, कुलदेवी माता महालक्ष्मी की जय, एक रुपया एक ईंट, अग्रवाल समाज अमर रहे, जय अग्रोहा जय अग्रसेन, भारत का सपूत कैसा हो, महाराजा अग्रसेन जैसा हो इत्यादि नारे लगाएं।

कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी पर उतरें खरे: निशीथ जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की मजबूती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रखंड के अंतर्गत प्रखंड, मंडल, पंचायत कमिटी की भौतिक सत्यापन हेतु आवश्यक बैठक किस्को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी की अध्यक्षता और प्रखंड प्रभारी निशीथ जायसवाल एवं प्रखंड सह प्रभारी संतोषी उरांव की उपस्थिति में की गयी। जिसमें किस्को प्रखंड अंतर्गत मंडल और पंचायत स्तर और बूथ स्तर तक के सभी कमिटी का गंभीरतापूर्वक भौतिक सत्यापन किया गया और अपूर्ण कमिटी को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इधर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी निशीथ जायसवाल ने कहा कि यह आवश्यक बैठक संगठन की मजबूती और समीक्षा के लिए रखी गयी है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी कार्यकर्ता अभी से ही समर्पित भाव से अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करें और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करें, साथ ही जल्द से जल्द प्रखंड कमिटी और पंचायत स्तर के सभी कमेटी को बना ले जो भी पदाधिकारी निष्क्रिय हैं उन्हें हटाकर सक्रिय सदस्यों को पदाधिकारी बनाएं, साथ ही सभी बूथ कमेटी में बीएलए का गठन करें।

नवरात्र के उपलक्ष्य में भोजपुरी गायक पंकज के भक्ति अल्बम माई दे दा दर्शनवा का हुआ लोकार्पण

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। नवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रखंड के बाजार निवासी और भोजपुरी के मशहूर गायक पंकज विश्वकर्मा के द्वारा रविवार को प्रखंड मुख्यालय के स्टार सिटी मॉल स्थित होटल हिल व्यू में अपने नए भक्ति एल्बम माई देदा दर्शनवा के शुभारंभ समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर के साथ यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक सह खिजरी विधानसभा प्रभारी विजय बहादुर सिंह विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद रेलवे क्लब महिला समिति की अध्यक्ष रेखा पाठक कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सुरेश मिश्रा और स्टार सिटी मॉल के डायरेक्टर अनिल सोनी शामिल हुए। आयोजन समारोह के दौरान पंकज विश्वकर्मा के एल्बम का विधिवत शुभारंभ फीता काटने और एल्बम के वीडियो को ऑनलाइन रिलीज करने के साथ किया गया। भक्ति एल्बम के शुभारंभ को लेकर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि यह हमारे प्रखंड के लिए गौरव की बात है कि पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद यहां हर क्षेत्र के प्रतिभाओं की कमी नहीं है और इस बात को पंकज विश्वकर्मा जैसे आज के दौर के चर्चित नामिक कलाकार साबित कर रहे हैं जिन्हें आगे बढ़ाने में हम सभी को अपनी ओर से हर संभव मदद देनी चाहिए। वही विजय बहादुर ने कहा की हमारे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है की पंकज विश्वकर्मा जैसे कलाकार अपनी कला का लोहा लगातार साबित रहे हैं और उन्हें जीवन में हर सफलता मुकाम हासिल हो इसकी हम सबको कामना करनी चाहिए। वही पंकज विश्वकर्मा ने कहा कि एक गरीब परिवार के साथ-साथ पिछले क्षेत्र से होने के बावजूद कल के क्षेत्र में सभी के सहयोग से बेहतर करने का प्रयास कर रहा हूं और आगे भी बेहतर सभी के सहयोग से करूंगा। वही पूरा प्रयास रहेगा की खुद को कल के क्षेत्र में वर्तमान समय में फैली हुई अश्लीलता से दूर रखूं।

रैयतों ने भूमि अधिग्रहण का कड़ा विरोध किया

- बैठक में निर्णय लिया गया कि 17 अक्टूबर दिन मंगलवार को 10:00 बजे समहरणालय डीसी ऑफिस में पहुंचना है रैयतो की उचित मांग को स्वीकार करें, नहीं तो आंदोलन बड़ा होगा।

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार सदर प्रखंड का 10 गांव के जा रही रैयतों का जमीन जिसका मुआवजा बहुत ही काम है और जिसका रसीद 2016/17 तक काटा है। उसका मुआवजा नहीं मिलने को लेकर के एक आवश्यक मीटिंग रैयतों का दुरंगी कला पूर्व मुखिया गुर्जर उरांव के आवास पर हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता गुर्जर उरांव ने किया। वही बैठक का संचालन वीरेंद्र प्रसाद ने किया। इस बैठक में ग्राम उदयपुर कडीमा पांडेपुर, लोटो कूरा, दोगला इचाक, दुरंगी कला, दुरंगी खुर्द, होटवाग मतनाग पतकी के सौकडो ग्रामीण पहुंचे। सभी ने भू अर्जन विभाग द्वारा किया जा रहा भूमि अधिग्रहण का कड़ा विरोध किया और इसके लिए सभी रैयत ने आंदोलन करने संघर्ष करने की बात कही। सर्व सहमती से लातेहार फोरलेन विरोध रैयत संघर्ष समिति का गठन किया। जिसमें संरक्षक लक्ष्मण यादव अध्यक्ष गुजर उरांव और संयोजक वीरेंद्र प्रसाद बनाया गया। सभी गांव के प्रमुख लोगों को सदस्य बनाया गया। बृज किशोर उरांव, विजय सिंह, दिलीप कुमार, रंजीत यादव, श्याम किशोर दुबे आदि को बनाया गया। राज बलम सिंह, राज गोविंद सिंह जितेंद्र, मंटु, प्रमोद, राज मुनीराम मनोज, भारती, बालमुकुंदू, सत्यनारायण सिंह, ब्रजकिशोर उरांव, शीलू राम, ईश्वर राम सहित सौकडो रैयत उपस्थित थे।

स्कूली क्रिकेट लीग 27 अक्टूबर से 25 तक होगा स्कूल का निबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता

बालूमाथ/लातेहार। जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित स्कूली क्रिकेट लीग का उद्घाटन 27 अक्टूबर 2023 को होगा। इसके लिए स्कूल का निबंधन 16 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2023 तक होगा। जिला भर के सरकारी, गैर सरकारी स्कूल तथा शिक्षण संस्थान के संचालक इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निर्धारित समय पर अपने संस्थान का निबंधन करवा सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला भर के 16 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी भाग ले सकते है। विशेष जानकारी के लिए रौनक दुबे मो नं 9472729789 पर संपर्क कर सकते हैं।

कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कलश स्थापना के साथ ही नवरात्र का शुभारंभ हो गया। माता की आराधना को लेकर भक्तों द्वारा आवश्यक तैयारियां की गई है। विभिन्न पूजा पंडालों दुर्गा मंदिर घरों आदि में पूजा अर्चना की तैयारी की गयी है। नवरात्र को लेकर शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में नवरात्र पाठ का आयोजन किया गया है। नवरात्र को लेकर भक्ति की धारा बह रही है। भक्ति गीतों के बजने से पूरा वातावरण भक्तिमय में हो रहा है। माता के दर्शन और पूजा अर्चना को लेकर भक्त काफी लालायित नजर आ रहे हैं। भक्तों द्वारा पूजा को लेकर कई दिनों से तैयारियां की जा रही थी। मां अंबे की पूजा-अर्चना और अपने परिवार की सुख-शांति के लिए भक्तों ने माता के स्वागत की तैयारी कर रखी है। मंदिरों-पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। सभी दुर्गा मंदिर एवं पूजा पंडालों में माता की पूजा-अर्चना की तैयारी की जा रही है। घरों को साफ-सुथरा करने पूजा और पूजन सामग्री के इंतजाम को लेकर भी लोग काफी व्यस्त नजर आये। पूजा को लेकर एक प्रकार से पूरा वातावरण अभी से ही भक्ति में हो चुका है। 09 दिनों तक पूरे भक्ति भाव के साथ माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जायेगी।

नवरात्र शुरू होते ही बिजली की आंखमिचौली से लोग हुए परेशान, विभाग के प्रति आक्रोश

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में विद्युत विभाग के द्वारा अनियमित विद्युत आपूर्ति से लोक परेशान हैं वहीं रविवार को नवरात्रि के शुरू होते ही सुबह से अनियमित विद्युत आपूर्ति लोगों की परेशानी का कारण बना रहा जहाँ विभाग के द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर सुबह से देर शाम तक घंटे विद्युत आपूर्ति को बंद कर के रखा गया। उधर अनियमित विद्युत आपूर्ति से पूरे प्रखंड क्षेत्र के लोग कहते परेशान हैं और विभाग के प्रति लोगों का खासा आक्रोश भी देखा जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज की माने तो व्यवसाईयों के द्वारा विभाग को विद्युत आपूर्ति और कार्यशैली में सुधार लाने को लेकर प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी गई थी परंतु विभाग के द्वारा कार्यशैली में कुछ दिनों तक सुधार तो लाया गया पर फिर से वही कार्यशैली उनकी हो गयी है, जिससे व्यवसाईयों के साथ-साथ आम लोगों को पर्व त्यौहार के इस मौके पर भारी परेशानी पिछले कई सप्ताह से झेलनी पड़ रही है।

गायत्री परिवार का शारदीय नवरात्र का अनुष्ठान कलश स्थापना के साथ प्रारंभ हुआ

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। अखिल विश्व गायत्री परिवार बालूमाथ के प्रज्ञा मंडल और महिला मंडल के साधकों द्वारा साई,गायत्री ज्ञान मंदिर दिवाकर नगर में शारदीय नवरात्र का अनुष्ठान हेतु सामूहिक कलश स्थापना हुआ। इसके साथ अन्य स्थानो में भी कलश स्थापना सम्पन्न हुआ। नवरात्र के 9 दिनों के दौरान गायत्री परिवार के कार्यकर्ता 24000 गायत्री महामंत्र का जाप करते है। साथ ही विशेष दिन चर्या का पालन 9 दिनों तक किया जाता है। कर्मकांड कामेश्वर साहु,प्रेम कुमार शर्मा, कृष्णकांत गुप्ता बालूमाथ के द्वारा कराया गया। इस सामूहिक गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान का समापन 23 अक्टूबर नवमी तिथि में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ होगा । इस शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर गायत्री परिवार कार्यकर्ता संतोष सिन्हा,महानन्द कुशवाहा ने सभी बालूमाथ, बारियातु, हेरहंज प्रखंड वासियों के साथ साथ लातेहार जिलावासियों को शुभकामनाएं दिये है। मौके पर आनं दी प्रसाद गुप्ता, कामेश्वर साहु, प्रेम कुमार शर्मा सहित दर्जनों गायत्री परिवार के कार्यकर्ता भाई और माता जी और बहन उपस्थित रहे।

50वीं वर्षगांठ को लेकर रामचरित मानस पाठ नवाह्न परायण पाठ शुरू

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार अम्बाकोठी स्तिथ श्री राम चरित मानस नवाहन परायण पाठ महायज्ञ समिति के 50वें वर्षगांठ (स्वर्ण जयंती) का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष सह पूर्व सांसद इंदर सिंह नामधारी, समिति के मुख्य संरक्षक सह लातेहार के लोकप्रिय विधायक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह कोषाध्यक्ष विनोद कुमार महलका ने संयुक्त रूप से दीप-प्रज्वलित किये। राम चरित मानस के सभी पात्र आदर्श के प्रतिक है हमें उनके जीवन से सीखने व अपने जीवन में इस्तेमाल करने की जरुरत है। मौके पर अशोक महलका, पं अनिल भारद्वाज, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणि तिर्की, राजेंद्र प्रसाद सौंडिक जवहार अग्रवाल, राजधानी प्रसाद यादव, विकास पाठकर्ता मातायें व बहने मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कैरो में शारदीय नवरात्र पर निकली भव्य कलशयात्रा

कैरो लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 अक्टूबर रविवार को शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन दुर्गा पुजा समिति की और से भव्य कलशयात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण करते हुए माता रानी के जयकारे के साथ किया गया कलशस्थापन भक्तिमय हुआ वातावरण। इस अवसर पर कैरो मां अंबे दुर्गा पुजा समिति की और से अहले सुबह दुगार्बाडी भवन से नंदनी नदी के लिये कलशयात्रा मे सैकड़ो माता के भक्तो के द्वारा माताराणी की जयकारा लगाते हुए काफिला नंदनी नदी पहुंची, जहां आचार्य कौशल कांत त्रिपाठी जी के द्वारा जल संकल्प कराकर यात्रा नगर भ्रमण दुगार्बाडी भवन मे कलश स्थापित की गयी।

करमा पर्व धूमधाम से मनाया

बसिया। प्रखंड के दलमादी चर्च परिसर में नवाखानी एवं करमा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिसई विधायक की धर्मपत्नी खिस्तीना होरो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सह पारिस की समानेत्री बसंती डुंगडुंग उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अनुष्ठाता फादर विजय सुरीन के द्वारा मिस्सा पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया गया। इस मौके पर फादर दीपक, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान, पारिस के युवा अध्यक्ष विजय डुंगडुंग, लवीना किंडो, एडिप्लस किंडो, सभापति कारलूस कुजुर, सिस्टर जयंती, फादर पॉलिनुस टोप्पो, हेलेना कुजुर, प्रचारक फवीयन सोरेंग आदि उपस्थित थे।

मेडिकल सेंटर हॉस्पिटल में 21 को कैंप

कामडारा। शांति भवन मेडिकल सेंटर हॉस्पिटल वीरू में 21 अक्टूबर को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ जेम्स थॉमस का कैंप होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जाने माने कार्डियो थोरेसिक सर्जन डॉ जेम्स थॉमस 21 से 22 अक्टूबर दोपहर तक हृदय रोगी का जांच शांति भवन मेडिकल सेंटर वीरू सिमडेगा में करेंगे जहां हृदय से संबंधित सभी प्रकार के जांच एवं इलाज किया जायेगा साथ ही न्यूरो फिजिशियन भी न्यूरो के मरीज का इलाज करेंगे जिन्हे मिर्गी या मानसिक बीमारी का भी इलाज करेंगे। इस आसाय की जानकारी हॉस्पिटल के पीआरओ प्रवीण तिवारी ने दी।

शारदीय नवरात्र की शुरुआत

सिसई। प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में रविवार से पूरे हर्षोल्लास के साथ शारदीय नवरात्र की शुरूआत हुई। पहले दिन विभिन्न पूजा पंडालों में कलश स्थापना के साथ मां शैलपुत्री की पूजा की गई। इस दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं के भीड़ लग रही थी। पूजा पंडालों से निकलती मंत्रोच्चारण व भक्ति संगीत से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है। सभी पूजा समिति के लोग जोर शोर से पंडाल को पूर्ण कराने में लगे हुए हैं।

बैठक : परिसदन में हुई कांग्रेस के जिला कार्यकारिणी की बैठक

विचारधारा और संविधान को मान कर चलती है पार्टी : बंधु

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पर लोगों का अटूट भरोसा है और यह पार्टी भारतीय संविधान की रक्षा करने वाली पार्टी है। उक्त बातें पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कही। वे रविवार को गुमला परिसदन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता से लेकर मतदाता तक, सभी को कांग्रेस पार्टी समुचित मान सम्मान देती रही है। गुमला जिला कांग्रेस पार्टी के समर्थको का गढ़ रहा है वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा यहां के आदिवासी मूलवासी पिछड़ा दलित बेरोजगार युवकों को अपने झूठ झांसे लेकर आज केंद्र में काबिज है। नरेंद्र मोदी को सत्ता से बेदखल करने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में इस देश को नई दिशा देने के लिए हम सभी को संघर्ष करना होगा। हमे पार्टी को मजबूत करना है गुमला जिला के सम्मानित सभी कार्यकर्तागण बहुत ऊजार्वान एवं मेहनती हैं। झारखंड में गठबंधन सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को एवं कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी के साथ करने की

आवश्यकता है। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरॉव की अध्यक्षता में अयोजित इस बैठक में कार्यकारिणी कमिटी के सदस्य शामिल हुए। जिसमें गुमला जिला के 12 प्रखंडों की प्रखंड कमिटी, मंडल कमिटी, पंचायत कमिटी अग्रणी मोर्चा, सेल, प्रकोष्ठ की अलग अलग से बैठकें हुई। जिसमें गठित कमिटी का सत्यापन किया गया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत वह अन्य कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा तमाम कांग्रेस जनों को बुथ स्तर से लेकर जिला कमिटी का सतयापन एवं संगठन की समीक्षा की गयी।कांग्रेस पार्टी के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी अजय नाथ शाहदेव, तिर्की, लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत, विधानसभा प्रभारी पीटर मुंडू, जगदीप भगत, सीमा सीता एक्का, एलडीएम नेसार अहमद, पवन गौतम, प्रदीप केशरी, समन्वय समिति के सदस्य गण, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, महिला अध्यक्ष अमृता भगत, सेवा दल अध्यक्ष कलाम आलम, एस सी अध्यक्ष भुवनेश्वर राम, एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष लोहरा उरॉव, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद साहब, एनएसयूआई, कार्यकारी अध्यक्ष रूपेश कुमार, पंचायती राज विभाग प्रदीप सोरेन, स्वास्थ्य विभाग डॉ अशरफ, फुटपाथ दुकानदार संघ, शिव कुमार राम, असंगठित कामगार अध्यक्ष मुख्तार आलम, खेल विभाग अध्यक्ष रफी अली, विचार मंच अध्यक्ष खुदी भगत दुखी, शिक्षा अध्यक्ष महेश अगस्टिन कुजूर, ओबीसी अध्यक्ष बिंदेश्वर साहू, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष अरुण कुमार,किसान एवं खेत मजदूर, सहकारिता विभाग, वरिष्ठ कांग्रेसी आशिक, प्रदेश सचिव, अकिल रहमान, रमेश कुमार चीनी, मुरली मनोहर प्रसाद, रामनिवास प्रसाद खालिद शाह फिरोज आलम अल्बर्ट तिग्गा, शाहिद वारसी, खालिद शाह, तरुण गोप, देव साहू, अजीत गुड़िया, अख्तर अली, राजीव रंजन महतो, रघुनंदन प्रसाद, प्रेम दत्ता, साबिर फराज, सुजीत जायसवाल, सफीक अंसारी, बन बिहारी भगत, सुशील होता, जेडी नायक, गौरी शंकर चौधरी, विजय ठाकुर, भूषण सिंह सुधीर राम जैस्मिन क्रिस्टीना कुजूर, अनीता खलखो, जयंती टोप्पो एवं सभी सम्मानित प्रखंड अध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्ष गण, पंचायत अध्यक्ष गण एवं सभी कार्यकारी सदस्य गण उपस्थित थे।

संविधान बचाने की लड़ाई है 2024 का लोस चुनाव: सुखदेव भगत

गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी है। जिसके तहत गुमला परिसदन में लोकसभा समन्वय समिति के तहत गुमला जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, गुमला जिला कांग्रेस प्रभारी लाल अजय नाथ शाहदेव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि 2024 का लोक सभा चुनाव भारत के संविधान बचाने की लड़ाई है। भारत में इतिहास बदलने से लेकर कानून बदलने की साजिश रची जा रही है। सुखदेव भगत ने बताया कि आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर एआईसीसी ने जो टास्क दिया है उसे ससमय पूरा करना अनिवार्य है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 20 अक्टूबर तक जिला कमेटी एवं अग्रणी मोर्चा कमेटी अपने-अपने पदाधिकारी के कार्यों का बंटवारा कर बूथ कमेटी तक की सूची को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इसी क्रम में पदाधिकारी द्वारा गठित कमेटियों का फिजिकल वेरिफिकेशन भी किया जायेगा तथा निष्क्रिय लोगों के स्थान पर नए लोगों को जोड़ा जायेगा।

शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए अमीन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

सिसई। नव भारत निर्माण संस्थान की ओर से प्रखंड में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए अमीन प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इस बावत प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि संस्थान के द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्थान के द्वारा सिसई प्रखंड में अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। प्रशिक्षण लेने वाले इच्छुक छात्र -छात्राएं 18 से 27 अक्टूबर तक अपना दो पासपोर्ट साइज फोटो व शैक्षणिक प्रमाण पत्र के साथ प्रखंड कार्यालय आकर नामांकन करा सकते हैं। नामांकन के उपरांत प्रशिक्षण आगामी 29 अक्टूबर से सप्ताह के प्रत्येक रविवार को क्लास कराई जायेगी, प्रशिक्षण सत्र पुरे दो महीने तक चलेगा। नामांकन हेतू सीट सीमित है। प्रशिक्षण के दौरान छात्र -छात्राओं को उत्पाद सिपाही, स्पेशल ब्रांच, झारखंड पुलिस, एस एस सी जीडी, रेलवे ग्रुप डी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित बहुमूल्य प्रश्नों के साथ अमीन की विशेष क्लास कराई जायेगी।

कलश स्थापना के साथ नवरात्र की शुरुआत

भरनो। रविवार को कलश स्थापना के साथ दुर्गा पुजा यानी शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो गयी। देवी भक्त नौ दिनों तक माता दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करेंगे। नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री की पूजा की गयी। नवरात्रि को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इसको लेकर अभी से मां स्कूल चौक, ब्लॉक चौक, भरनो बस्ती, हरिजन मोहल्ला समेत विभिन्न पूजा पंडालों में चहल पहल बढ़ गयी है। विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

अंतरराष्ट्रीय वैल्यू एजुकेशन ओलंपियाड का आयोजन

बसिया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया में अंतरराष्ट्रीय वैल्यू एजुकेशन ओलंपियाड का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली के दिशा निर्देशन में इस्कॉन द्वारा इस परीक्षा का आयोजन किया गया। लगभग एक माह पूर्व सभी छात्रों को श्रीमद्भगवद गीता तथा वैल्यू एडुकेशन की पुस्तक परिवर्तन दिया गया था। सभी छात्रों ने समय निकालकर दोनों पुस्तकों का अध्ययन किया और परीक्षा में शामिल हुए। प्रश्नपत्र दिल्ली से ही आया था।परीक्षा की चार श्रेणी थी-कक्षा-6,7 - 8, 9 - 10 तथा 11 - 12 कुल 340 छात्रों इस परीक्षा में शामिल हुए। यह एक ओपेन बुक परीक्षा होती है जिसमें छात्र दोनों पुस्तकों का प्रयोग परीक्षा देते समय कर सकते हैं। उत्तर कुंजी दिल्ली से सोमवार को प्राप्त होने पर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम दिल्ली भेजा जायेगा। सभी बच्चों के लिए सहभागिता प्रमाण पत्र विद्यालय में आ चुका है। इस परीक्षा में सफल छात्र को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जायेगा।

चैनपुर में कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

चैनपुर। चैनपुर और आस पास के क्षेत्रों में कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र रविवार से आरंभ हो गया। चैनपुर दुर्गा मंदिर परिसर से पुरोहित विश्वनाथ पाठक के वैदिक मंत्रोचार एवं गाजे बाजे के साथ के साथ कलश यात्रा निकाला गयी। कलश यात्रा सुबह 8 बजे निकाली गई। इसमें माताएं बहने अपने सर पर 201 कलश रख कर मंदिर प्रांगण से निकलकर मुख्य मार्ग से होता हुए सफी नदी से जल लेकर कलश यात्रा पुनः मंदिर पर आकर समाप्त हो गयी। नवरात्र के पहले दिन विभिन्न पूजा स्थलों और घरों में शक्ति के अराधकों ने शारदीय नवरात्र का कलश स्थापना की और श्री दुर्गा सप्तशति का पाठ आरंभ किया। नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के प्रथम रूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। लोक मान्यता है कि माता शैलपुत्री की उपासना से मानव में आध्यात्मिक जागरूकता का संचार होता है। अराधक श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी कलश स्थापना कराया और शारदीय नवरात्र का संकल्प लेकर पवित्रता, आस्था और भक्ति से मां दुर्गा का पाठ आरंभ किया। शक्ति की देवी की भक्ति से चैनपुर का माहौल भक्तिमय हो गया है। मौके पर चैनपुर थाना एसआई अलोक कुमार विधि व्यवस्था में लगे रहे। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज साहू ने समस्त ग्राम वासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

दुर्गा पूजा को देखते हुए अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया मॉक ड्रिल का आयोजन

गुमला। दुर्गा पूजा पर्व को देखते हुए विधि व्यवस्था को लेकर गुमला पुलिस ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मॉक ड्रिल का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के दिशा निर्देश में मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल में सर्वप्रथम पुलिस ने हुड दंगियों से निपटने को लेकर मॉक ड्रिल किया एक ओर हुडदंगियों द्वारा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर उपद्रव फैलाया गया। जिसके बाद पुलिस ने पानी का बौछार कर भीड़ को तीतर बितर करने का प्रयास किया। इसके बाद भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद प्रदर्शनकारीयों द्वारा पुलिस पर पथराव किया गया जिसके बाद पुलिस ने भीड़ पर लाठी चार्ज किया लाठी चार्ज करने के बाद भीड़ को तीतर बितर किया गया। इस मॉक ड्रिल में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह की मौजूदगी रही। वही कार्यक्रम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, सार्जेंट मेजर अभिमन्यु कुमार, मेजर अर्जुन महथा, सार्जेंट दीपक के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद थे। मौके पर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश में पवित्र मिट्टी संग्रह किया

सिसई। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पंडरानी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को अमृत कलश में पवित्र मिट्टी संग्रह किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत धरती आबा भगवन बिरसा मुंडा के तस्वीर पर सामूहिक माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि में जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, योग गुरु गजराज महतो, बरगांव उत्तरी मुखिया सुनिता देवी, शिवनाथपुर मुखिया फलोरेंस देवी, सिसई मुखिया शकुंतला उरांव, लकेया मुखिया सुगिया देवी, समाज सेवी रोहित शर्मा, सुहानी देवी, कृष्णा कुमार साहू, एचएम अनिता कुमारी, शिक्षिका स्मिता प्रजापति, श्वेता मिंज, सुमति बाड़ा, शिवानी कुमारी, चंद्रिका कुमारी पुजा उरांव, मीणा उरांव, आरती सिंह, सुजिता महतो, प्रतिमा उरांव, शबा परवीन, सहित सभी छात्राओं ने अमृत कलश में पवित्र मिट्टी डाला। और प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान सभी ने वीर महापुरुषों के नारे लगाए। किरण बाड़ा ने कहा स्वतंत्रता सेनानी व शहीदों के याद में बनने वाली अमृत वाटिका के लिए हमारे प्रखंड से पवित्र मिट्टी का दिल्ली जाना गर्व की बात है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अगुवाई मे देश के शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के याद मे पूरे देश से पवित्र मिट्टी संग्रह कर उन वीर महापुरुषों की सम्मान में राजधानी में अमृत वाटिका बनाना प्रशंसनीय पहल है।

आने वाले चुनाव में युवा कांग्रेस मजबूती के साथ काम करेगी

चुनाव में भाजपा को सबक सिखायेगी जनता : आजाद अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

सिसई। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सिसई प्रखंड युवा कांग्रेस कमिटी की बैठक टाना भगत भवन में प्रखंड युवा अध्यक्ष मनीष तिर्की की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में युवाओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि युवा कांग्रेस हर बुथ पर युवाओं को जोड़ने का काम कर रही है, और मोदी सरकार की विफलताओं व दमनकारी नीतियों को जनता के बीच बताने काम कर रही है। एक ओर देश के प्रधानमंत्री को देश विदेश घुमने से

फुर्सत नहीं मिलती और दूसरी ओर देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और सरकार की गलत निति के कारण आम आदमी व मध्यम वर्ग के परिवार कर्ज व गरीबी के बोझ में दब कर रह गयी है। प्रखंड प्रभारी अरविंद साहु ने कहा मोदी सरकार जब से आई है, युवाओं को ठगने का काम कर रही है। आने वाले चुनाव में देश की जनता व युवा कांग्रेस का समर्थन कर मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी ने कहा केंद्र की मोदी सरकार से देश की जनता परेशान हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। जनता के हित विरोधी व पुंजीपतियों की हितैषी केन्द्र सरकार को आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता सबक सिखाने का काम करेगी। मौके पर सिसई विधानसभा अध्यक्ष नीलेश उरांव भरनो अध्यक्ष आशीष शाहदेव,जिनेश उरांव, तौकिर अंसारी, बेनाम उरांव, अजहर अब्बास, बहुरा उरांव, सफीक अंसारी, नीके उरांव, मुजीब अंसारी, बुधेश्वर उरांव, सफीक अंसारी, बहुरा उरांव, इमरोज मियां, सहित कई युवा कांग्रेस के कई पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

वर्ल्ड स्पेस वीक के अंतिम दिन छात्राओं ने किया मॉडल प्रस्तुत

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। वर्ल्ड स्पेस वीक के अंतिम दिन रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की दो छात्राओं ताशा झा एवं प्रीति कुमारी ने मॉडल प्रस्तुत किया। अंतरिक्ष सप्ताह पर अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हुए ताशा झा ने कहा कि वर्ल्ड स्पेस वीक 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक मनाया जाता है। अंतरिक्ष अन्वेषण में दो महत्वपूर्ण अवसरों चिह्नित करते हुए विश्व अंतरिक्ष सप्ताह की शुरूआत और समाप्ति तिथियों का चयन किया गया था। उनमें से एक 4 अक्टूबर, 1957 को हुआ

था, जब पहला मानव निर्मित पृथ्वी उपग्रह स्पुतनिक 1 लांच किया गया था। दूसरा 10 अक्टूबर, 1967 को बाह्य अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग की गारंटी के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर था। अब हमारे देश की शान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो की बात करते हैं। वर्ष 1969 में अपनी स्थापना के बाद से इसरो ने कई बार भारत को गौरवान्वित किया है। यह 124 अंतरिक्ष यान मिशनों और 94 प्रक्षेपणों के साथ दुनिया के विशिष्ट अंतरिक्ष संगठनों में से एक है। चंद्रयान-3 की सफलता के साथ ही भारत चंद्रमा पर उतरने वाले चार देशों में से एक और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन गया है। इसके पूर्व की उपलब्धियों में आर्यभट्ट,इनसैट श्रृंखला, जीसैट सीरीज, चंद्रयान-1, मार्स ऑर्बिटर मिशन (एमओएम) शामिल है। जीएसएलवी रॉकेट जिसे एलवीएम रॉकेट के नाम से भी जाना जाता है, इसरो द्वारा विकसित सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। यह 5000 किलोग्राम के पेलोड को पृथ्वी की निचली कक्षा में और 2500 किलोग्राम के पेलोड को भूस्थैतिक स्थानांतरण कक्षा में रख सकता है। चन्द्रयान 3 मिशन में इसका उपयोग हुआ। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने विद्यार्थियों को उनकी प्रस्तुति और प्रदर्शन के लिए बधाई दी। नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर, इसरो, हैदराबाद के डिप्टी डायरेक्टर डॉ श्रीनिवास राव ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की प्रशंसा की है।

बिशनपुर में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

बिशनपुर। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा रविवार को राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के शुभ अवसर पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया क इस कार्यक्रम में विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर समाज में महिलाएं सशक्त होंगी तो गांव भी सशक्त होगा साथ ही साथ महिलाओं के सशक्तिकरण से देश भी संपन्न एवं मजबूत होगा कइस कार्यक्रम में विकास भारती बिशनपुर केसरी पंकज कुमार सिंह अपने गांव के विकास में

महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाएं आज जमीन से लेकर आसमान तक कदम रख चुकी हैं जहां तक झारखंड की महिलाओं की बात है आज विभिन्न खेलों में काफी आगे आ रही हैं। इस कार्यक्रम में इंजीनियर एन औ राई महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं कृषि के क्षेत्र में लगभग 75% हिस्सेदारी है क्योंकि कृषि का कार्य सबसे ज्यादा महिलाओं के द्वारा किया जाता है इसलिए महिलाएं जितना प्रशिक्षित होंगे उतना ही समाज के लिए अच्छा होगा। इस कार्यक्रम अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस मनाने का निर्णय 2008 में लिया गया इसके बाद से पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला मनाया जा रहा है वहीं भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय महिला किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया जिसके द्वारा आज पूरे देश में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में अटल बिहारी ने बताया कि कृषि के साथ-साथ पशुपालन में महिलाओं का योगदान सबसे ज्यादा है। इस कार्यक्रम में अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि 15 अक्टूबर को मशरूम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है अगर देखा जाए तो देश में 80 प्रतिशत मशरूम उत्पादन महिलाएं कर रही हैं जो की काफी पौष्टिक एवं स्वास्थ्यवर्धक भी है। इस कार्यक्रम 85 महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा आज 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक पांच दिवसीय लाह उत्पादन पर प्रशिक्षण का भी आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम के अंतर्गत सिसई प्रखंड के नगर पंचायत के 19 प्रशिक्षथीयों ने भाग लिया।

नहन जयंती और सम्मान समारोह का आयोजन

गुमला। रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के परिसर में द्वितीय सहनी उपेन्द्र पाल सिंह नहन जयंती एवं सम्मान समारोह 2023 का आयोजन मधु कुंज के कलाकारों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के बीच किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह विशिष्ट अतिथि उप विकास आयुक्त हेमंत सती थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नहन जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर उनको श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद अतिथि के रूप में आए हुए आगंतुकों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मधु कुंज के संचालक शंकर नायक ने कहा नहन जी आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वह हमेशा हमारे प्रेरणा स्रोत रहे।

जन पुकार सभा की तैयारी को लेकर झानद ने की बैठक

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला के तत्वाधान में जन पुकार सभा की तैयारी को लेकर गुमला में बैठक अयोजित की गई। यह बैठक कचहरी परिसर के समीप महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम शुरू करने के पूर्व नागपुरी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार रहे स्वर्गीय सहनी उपेंद्रपाल नहन जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्व. नहन अमर रहे के नारे लगाए गए। इस मौके पर झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा कि स्व.नहन बहुमुखी प्रतिभा के धनी व बेहतरीन साहित्यकार थे। नागपुरी भाषा साहित्य के लिए उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता है। श्री सिंह ने रांची के राजभवन के समक्ष 7 नवंबर 2023 को होनेवाली जन पुकार सभा में महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी व महिला उत्पीड़न तथा ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों का खून पसीने का जमा पैसे का जल्द भुगतान करने की मांग को लेकर सभा में गुमला जिला से सैकड़ो की संख्या में भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से साहनी बसंत पाल सिंह, राधेश्याम सिंह, शंकर उरांव, सोमरा खड़िया, विनय साहू, ललन साहू, विनय तिर्की, गोपेश्वर गोप, भजन उरांव, साइमन मिंज, संजय कुजूर, अशोक कुजूर, किरण देवी, कुसुम मिंज, तारा मिंज के अलावे काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में खूंटी ने लहरायी विजय पताका

गुमला। जराकेल पैकेला कामडारा के युवा क्लब ने 2 लाख रुपये प्राइजमनी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजित किया गया। टूर्नामेंट के उदघाटन में बतौर मुख्य अतिथि मिशन बदलाव के संस्थापक भूषण भगत मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में प्रतिभा की फौज है और अगर राज्य सरकार प्रतिभाओ को निखारने में ध्यान दे तो राज्य की तकदीर और तस्वीर बदल सकती है। उन्होंने ने कहा कि स्पोर्ट्स और खेलों में रुचि, हमें जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करने और शरीर और मस्तिष्क को तनाव रहित बनाने में मदद करती है। यह टीम सदस्यों के बीच में मित्रता की भावना को विकसित करने, एकसाथ काम करने की आदत को बढ़ावा देती है मस्तिष्क और शरीर को को स्वास्थय रखने में मदद करती है। उदघाटन मैच में हटिया फुटबाल क्लब और खूंटी बिरसा क्लब के बीच खेला गया। जिसमे खूंटी दो गोलों से विजयी रही। उदघाटन समारोह में कामडारा जिला परिषद सदस्य दीपक कंडुलना, मरनो जिला परिषद सदस्य झीगा उरांव, कामडारा प्रमुख सुनीलसुरीन, और मिशन बदलाव सदस्य नमन टोपनो, जेम्स होरो सिकन्दर सिंह, रामबालक बड़ाईक, धनंजय साहु और नगर सचिव बिनय गोप उपस्थित थे।

भक्ति का माहौल : नवरात्र पर निकली कलश यात्रा, जयघोष से गूंजा नीलांबर-पीतांबरपुर

नवरात्र में सच्चे मन से मां दुर्गा की आराधना करने वालों की हर मनोकामना पूर्ण होती है : शशिभूषण

कहा- 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने पांकी से अयोध्या जायेंगें हजारों लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक डॉ शशिभूषण व अन्य।

नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू। शरद नवरात्र को लेकर रविवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना की गई। इसे लेकर इलाके के सभी मंदिरों में भक्तिमय माहौल रहा। भक्तों ने दुर्गा सप्तशती के मंत्रों के उच्चारण कर मां दुर्गा की आराधना की। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों व मंदिरों समेत लेस्लीगंज, बसौरा, झरकटीया जगतपुरवा कुंदरी, कुराईनपतरा सहित प्रखंड क्षेत्र में 48 पुजा पंडालों में देवी प्रतिमा की स्थापना कर पूजन आरंभ किया गया।

वहीं, झरकटीया व बसौरा में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल हुए पांकी के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता को स्थानीय कमेटी के सदस्यों ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता और पूर्णाडीह पंचायत की मुखिया गुड्डी देवी ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच कलश वितरण किया। विधायक ने कहा कि नवरात्र में मां दुर्गा की भक्ति में अपार शक्ति निहित है। नवरात्र में जो भक्त सच्चे मन से दुर्गा पाठ कर मां की आराधना करता है, उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। कलश यात्रा बसौरा पुजा पडाल से शुरू होकर मुंदरिया उडहुलिया गांव होते महावीर मोड़ के समीप मलय नदी पहुंची। जहां आचार्य पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के कलश में जल प्रवाहित कराया। इसके बाद सभी श्रद्धालु कलश लेकर पुनः पूजा पंडाल पहुंचे और कलश स्थापित किया। इस दौरान बसौरा, झगरपुर और तुकार्डीह आदि गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं, कलश यात्रा में लाला प्रसाद यादव, बच्चन ठाकुर, कमलेश यादव, सुधीर कुमार, शक्तिमान युवा क्लब के अध्यक्ष, वरुण जायसवाल, सचिन मनोज सिंह चेरो, कोषाध्यक्ष दिनेश सिंह, जितेंद्र सिंह, बच्चू सिंह सोहर सिंह, गोल्डन सिंह, नवनीत जायसवाल उर्फ गोलू सिंह, भोला सिंह व गुड्डू सिंह आदि मौजूद थे।

कलश स्थापना के साथ नवरात्र पूजन शुरू चहुंओर शुरू हुई वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र के लगभग सभी पूजा पंडालों से नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। कलश स्थापना के साथ ही नौ दिनों तक चलने वाला नवरात्र पूजन भी शुरू हो गया। वैदिक मंत्रोच्चारण व देवी गीतों से पूरा क्षेत्र गूंजमान हो गया है। विश्रामपुर नप मुख्यालय के गढ़ मुहल्ला सार्वजनिक दुर्गापूजा कमेटी, बाजार मुहल्ला नवयुवक संघ, सोरडीहा अदर्शकला केंद्र, नावाडीह कला नवयुवक संघ देवी धाम, जागृति युवा क्लब, हिंदुत्व संघ, कविलाशी सार्वजनिक दुर्गा मंडप, पांडेपुर मां शेरावाली, बीमोड़ मां शेरावाली क्लब, डंडिला खुर्द नवयुवक संघ, जय मां भवानी संघ दुर्गापूजा पंडाल, मल्लाह टोली युवा जागृति संघ, बघमनवा, लालगढ़, पंजरी कला, गुरहा कला और सिगसिगी समेत सभी पूजा पंडालों से कलश यात्रा निकाली गयी। नजदीक के नदियों में जाकर कलश में जल भरा गया। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश की स्थापना करायी गयी। विभिन्न जगहों पर आयोजित कलश शोभा यात्रा में स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, संजय पांडेय, नप के निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, समाजसेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता, विजय कुमार रवि आदि शामिल हुए।

महत्वपूर्ण न्यूज

भाजपा नेता कर्नल संजय सिंह ने नेत्र क्लिनिक का किया उद्घाटन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला हैदरनगर मुख्य मार्ग पर ग्राम दिवान बिघा में शिखा आई केयर का शुभारंभ हुआ। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इसका उद्घाटन किया। इसके बाद पूरे क्लिनिक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नेत्र रोग से संबंधित होने वाले इलाज के सूक्ष्म तरीके को जाना। इस अवसर पर कर्नल संजय सिंह के अलावा पारा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, सहायक शिक्षक अभय सिंह, समाजसेवी चंचल सिंह, सुनील सिंह समेत नेत्र परिक्षक डॉ विपिन कुशवाहा आदि मौजूद थे। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि शिखा आई केयर क्लिनिक आम व गरीब जरूरतमंद लोगों के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। डॉ विपिन कुशवाहा और इनका परिवार मानव सेवा के उद्देश्य से अपने कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। इसके लिए बधाई व शुभकामनाएं।

हैदरनगर के प्रबुद्ध लोगों ने डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन, बंद ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की मांग

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेलवे के बीडी रेलखंड पर शारदीय नवरात्र पूजा शुरू होने से पूर्व ही तीन ट्रेनों को कई कारणों से रेल प्रशासन ने परिचालन बंद कर दिया है। इसमें ट्रेन संख्या 18611 /18612 रांची वाराणासी एक्सप्रेस, 03311/03312 बरवाडीह से डेहरी ओन सोन व 03341/03342 बरकाकाना से डेहरी ओन सोन स्पेश पैसेंजर शामिल है। इन ट्रेनों के बंद होने से आम यात्रियों में नाराजगी है। क्योंकि हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी मंदिर में प्रतिवर्ष दोनों नवरात्र में मेला का आयोजन सदियों से होता आया है। वर्तमान में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच ट्रेन परिचालन बाधित करना रेल प्रशासन का निर्णय न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी हालात में रेल प्रशासन कई अन्य स्पेशल ट्रेन चलाने के बजाय गिनी चुनी ट्रेनों को भी बंद कर यात्रियों की यात्रा कष्टदायक बना दिया है। रविवार को समाजसेवी अरबिंद कुमार सिंह के नेतृत्व में पूर्व जिप प्रत्याशी बसंती देवी, जितेंद्र सिंह, अनील सिंह और अजीत सिंह ने दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) के डीआरएम के नाम हैदरनगर के वरीय स्टेशन प्रबंधक मो सलाउद्दीन को आवेदन देकर इन ट्रेनों का परिचालन अविलंब शुरू कराने व कोरोना काल से पैसेंजर ट्रेनों पर स्पेशल का लगा दर्जा हटाने की मांग की है।

नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना से मिलती है अपार शक्ति : रुद्र शुक्ला

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रथम दिन पांकी विधानसभा के नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम मुंदरीया में दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से आयोजित कलश यात्रा कार्यक्रम का कांग्रेस के युवा नेता रुद्र शुक्ला ने शुभारंभ किया। इस दौरान पूजा कमेटी ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने मां जगत जननी जगदंबा का आशिर्वाद प्राप्त करते हुए मुंदरिया पूजा कमेटी को आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा की आराधना से अपार शक्ति मिलती है। युवा नेता ने पांकी विधान सभा सहित पूरे झारखण्ड की सुख समृद्धि की कामना की।

पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, सौहार्द बनाने की अपील

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। दुर्गापूजा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस हो गई है। एसपी रीष्मी रामेशन के निर्देश पर सार्जेंट मेजर आशीष मोमित कुजूर, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा संयुक्त रूप से जिला मुख्यालय में पुलिस द्वारा दुर्गा पूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। लोगों से शातिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च थाना रोड़, पंचमुहान, सतार सिंह चौक, मुस्लिम नगर, कन्नीराम चौक, धोबी मोहल्ला, छह मुहान समेत पूरे बाजार क्षेत्र के हर गली मोहल्लों का भ्रमण करते हुए वापस शहर थाना पहुंची। असामाजिक तत्वों एवं उपद्रवियों को सबक सिखाने की नीयत से निकाले गए फ्लैग मार्च में सशस्त्र जवान सड़क पर कतारबद्ध होकर चल रहे थे।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कामेश्वर

मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ, सुपरवाइजर व शिक्षक के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कामेश्वर बेदिया की अध्यक्षता में शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर सभी बीएलओ, सुपरवाइजर और प्रधानाध्यापक के साथ बैठक हुई। जिसमें मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संबंध में चर्चा की गई। कहा गया कि एक जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानकर नए मतदाताओं के नाम सूची में चढ़ाएं एवं फोटो युक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मतदाता प्रारूप प्रकाशन करने दवा एवं आपत्ति दाखिल करने दवा एवं अपत्ती निस्तार करने व मतदाता सूची अंतिम प्रकाशन की तिथि के बारे में जानकारी साझा की गई। बताया गया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सूची का सत्यापन किया जाएगा। साथ ही ब्लैक एंड व्हाइट फोटो एवं ब्लर किस्म वाले मतदाता पहचान पत्र मतदाताओं को चिन्हित कर उसे प्रपत्र 8 के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले मतदाता सूची में परिवर्तित किया जाएगा।साथ ही 80 वर्ष के उपर मतदाता का सत्यापन करते हुए अविलंब कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया कि ई वाहिनी के तहत जो भी फार्म दिया गया है उसे सत्यापन कर जल्द जमा करें। अंचल अधिकारी कामेश्वर बेदिया ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार का लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।साथ ही सभी बीएलओ तथा सुपरवाइजर को पारदर्शिता तथा निष्ठा पूर्वक समर्पित होकर गंभीरता से कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

पलामू कांग्रेस ने विश्रामपुर एवं नावाबाजार में किया नुक्कड़ नाटक

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड एवं विश्रामपुर प्रखण्ड मुख्यालय में कांग्रेस की ओर से पोल खोल-हल्ला बोल अभियान के तहत नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया लक्ष्य-2024 को लेकर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोल हल्ला-बोल अभियान पलामू जिला के सभी प्रखंड में आयोजित किया जा रहा है। नवा में आयोजित नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता मीर खुर्शीद आलम और विश्रामपुर में रविंद्र शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला ने किया। पलामू लोकसभा के संयोजक भीम कुमार बतौर मुख्य अतिथि उशामिल हुए। मौके पर प्रदेश महासचिव विजय चौबे, विधानसभा प्रभारी पूर्णिमा पांडे, संतोष चौबे, भिखारी राम आदि थे।

विद्यार्थियों में वैचारिक, अनुसाशन व नैतिक मूल्यों को जागृत करना बेहद जरूरी: शकील

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। आल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रामवि हुसैनाबाद में राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत टीचर्स मीट का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षकों का ज्ञानवर्धन, प्रतिभाओं का पोषण, परिवर्तनकारी समाज है। इसकी अध्यक्षता मुजफ्फर हुसैन व संचालन राज्य एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य मो जुबैर अंसारी ने किया। शकील अहमद ने कहा कि यह एसोसिएशन शिक्षक पेशे में काम करने वाले, प्राथमिक, मध्य, उच्च विद्यालय, कालेज, विश्वविद्यालय, मदरसों के शिक्षकों का राष्ट्रव्यापी पंजीकृत संगठन है। इसका उद्देश्य, शैक्षिक संस्थाओं में बेहतर शैक्षिक माहौल को बढ़ावा देना, शिक्षा को अज्ञानता के प्रभाव से मुक्त करना, तकनीकी, नैतिक और व्यवसायिक क्षमताओं के विकास के लिए मार्गदर्शन करना आदि है। वहीं, मो नासिर ने कहा कि जीवन में अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का विशेष महत्व होता है। विद्यालय में इसको छात्रों में विकसित करना आवश्यक है, ताकि एक स्वस्थ समाज और मजबूत देश का निर्माण हो। अवधेश राम ने कहा कि इस संस्था के उद्देश्य बहुत ही प्रासंगिक हैं। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए। बैठक को जितेंद्र पासवान, मनोज चौधरी, प्रमोद पासवान, शमीम कुरैसी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मतीन अहमद, इजहार खान, सैयद हाशिम, नदीम आदि उपस्थित थे।

भक्ति के आयोजन से ही मिलता है सुकून व शांति : बिनोद

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। महावीर जी भवन परिसर में रविवार को 43वां रामचरितमानस परायण महायज्ञ की शुरूआत हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल और संचालन सचिन आनंद ने किया। मानस नगरी से पधारे आचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में महायज्ञ की विधिवत शुरुआत की गयी। इसके पूर्व ब्राह्मण पाठकर्ताओ सौरभ पांडेय उर्फ बाला जी, नवनीत रंजन मिश्रा, संजय पाठक, महेंद्र पांडेय, पवन मिश्रा, शिवम पांडेय, रविंद्र मिश्रा, पियुष मिश्रा,संजीत मिश्रा आदि को अतिथि बिनोद कुमार सिंह, रवि कुमार सिंह यादव, ओम प्रकाश अग्रवाल, दिनेश प्रसाद कश्यप, देवेंद्र नाथ गुप्ता, राजेश सिंह, कामख्या सिंह, मनीष कश्यप, मुरारी अग्रवाल आदि ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, अपने संबोधन में बिनोद सिंह ने कहा कि शारदीय नवरात्र पर हर क्षेत्र में मां का जयकारा शुरू हो गया है। कहा कि भक्ति आयोजन से ही सुकून मिलेगी। वहीं, आचार्य जी ने महायज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए तन मन धन से सहयोग की सराहना की। मौके पर महावीर मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक, रामेश्वर राम, ध्रुव अग्रवाल, उदयनाथ विश्वकर्मा, सूरज गुप्ता, उदय सोनी, अजित अग्रवाल, सचिन, सुबोध कश्यप, राजेश सिंह, मनीष कश्यप, कल्लू ठाकुर, प्रदीप देवेंद्रगुप्ता, मनोज शर्मा, डॉ मलय कुमार राय, राजेंद्र प्रसाद, शंकरगुप्ता, पप्पू आदि मौजूद थे।

स्पोर्ट्स

प्रथम सुकोकाई झारखंड राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का समापन हो गया। 100 स्वर्ण, 75 रजत और 50 कांस्ट पदक के साथ रांची पहले स्थान पर रहा। जबकि 50 स्वर्ण समेत कुल 120 पदक के साथ बोकारो दूसरे स्थान पर रहा।

प्रथम सुकोकाई राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप संपन्न, रांची प्रथम और बोकारो दूसरे स्थान पर

हर परिस्थिति में खिलाड़ी अपना हौसला बरकरार रखें : डॉ प्रणव कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अधिवक्ता, समाजसेवी और झारखण्ड प्रदेश उत्कल कराटे स्कूल के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा है कि कराटे केवल एक खेल नहीं, बल्कि हर हाल में बिना अस्त्र-शस्त्र के आत्मरक्षा और दूसरों की रक्षा करने का माध्यम भी है। रविवार को प्रथम सुकोकाई झारखंड राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप का समापन समारोह राजधानी के करमटोली चौक स्थित धूमकुडिया भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. बब्बू ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है और उन्हें हर परिस्थिति में अपना हौसला बरकरार रखना चाहिए।

इस चैंपियनशिप में झारखंड के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन के दौरान सभी खिलाड़ियों ने यह संकल्प लिया कि वे अगले नवरात्रि के दौरान और हमेशा राज्य में सांप्रदायिक सद्भावना को मजबूत करने के प्रति संकल्पित रहेंगे। समापन समारोह में झारखण्ड विधानसभा की मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुपर्णा दत्ता, समाजसेवी स्वप्ना चटर्जी, समाजसेवी अभिषेक कुमार मिंकू, नृत्यागना एवं कलाकार सिम्मी गोश्वामी ने मुख्य रूप से पुरस्कार वितरण किया। इस प्रथम राज्य स्तरीय सुकोकाई कराटे चैंपियनशिप में राज्य के रांची, बोकारो, धनबाद, हजारीबाग, गिरिडीह, खूंटी, लोहरदगा, गुमला, दुमका आदि जिलों के छात्र-छात्राएं शामिल हुईं।

प्रथम सुकोकाई झारखंड राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप आयोजन एवं देखरेख, उत्कल कराटे स्कूल झारखंड शाखा अध्यक्ष डॉ.प्रणव कुमार बब्बू द्वारा किया गया। इस राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में सभी प्रतिभागियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में निर्णायक के रूप में संसाई विमलदीप लाल, संसाई संदीप लाल, संसाई महादेव गोप, संसाई चंदन कुमार, अमृत मुंडा, आशीष भुट कुमार, विक्रम कुमार नायक, राहुल कालिंदी, सूरज चिक बढ़ाइक, आशु तिर्की, आकांक्षा तिर्की, नकुल यादव, पायल कुमारी, रवि कुमार, आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

100 स्वर्ण समेत कुल 225 पदक के साथ रांची अव्वल

प्रथम राज्य स्तरीय सुकोकाई कराटे चैंपियनशिप में प्रथम स्थान रांची जिला ने 100 स्वर्ण, 75 रजत पदक और 50 कांस्य पदक लाकर प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बोकारो जिला रहा जिसने 50 स्वर्ण पदक, 40 रजत पदक और 30 कांस्य पदक प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर हजारीबाग की टीम रही, जिसने 40 स्वर्ण पदक, 30 रजत पदक और 25 कांस्य पदक प्राप्त किया. इस प्रतियोगिता के जूनियर मेल इंडिविजुअल काटा में प्रथम स्थान रांची के दिव्यांश श्रीवास्तव दिव्यांश, द्वितीय स्थान राहुल कुमार बोकारो, तृतीय स्थान रोहित सिंह हजारीबाग ने, जबकि बालिका वर्ग सीनियर में प्रथम स्थान पलक साहु रांची, द्वितीय स्थान रानी कुमारी खूंटी और तृतीय स्थान सपना कुमारी बोकारो ने प्राप्त किया। कैडेट मेल काटा अर्णव सिन्हा प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर संजीत कुमार खूंटी और तृतीय स्थान पर धनबाद के कुमार गौरव रहे।

पंचायत के विकास के लिए करूंगी काम : मुखिया

उंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)। जिला के उटारी रोड प्रखंड के लुम्बा सतवहिनी पंचायत के मुखिया शकुंतला देवी ने छतरपुर गांव में 300 फिट फेभर ब्लॉक रोड निर्माण कार्य का उद्घाटन किया, जिसका निर्माण 15वें वित्त से किया जाना है। मुखिया ने कहा कि उनके पंचायत में बिल्कुल सड़क नहीं है।पंचायत के कुछ ऐसे गांव है जहां सड़क नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोड के कारण ग्रामीण जनता को रोड के चलते बहुत परेशानी होती है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री से मांग की और पलामू डीसी को भी पत्र दिया है। कहा कि अधिकारी से मिलकर पंचायत लुम्बा सतवहिनी पंचायत में जितने भी सड़क है उसे बनवाऊंगी।कहा कि क्षेत्र की जनता ने पंचायत की मुखिया का दायित्व दिया है तो मैं निश्चित रूप से पंचायत के विकास के लिए काम करूंगीं।

जल यात्रा के साथ श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण यज्ञ का 32 वां अधिवेशन हुआ शुरू

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। दुर्गापूजा के शुभ अवसर पर सतबरवा महावीर चौक में श्री रामचरितमानस नवाह पारायण महा यज्ञ का 32वां अधिवेशन आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ रविवार को सतबरवा थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने मुख्य जजमान लक्ष्मण प्रसाद सोनी को कलश सौंपकर किया। जल यात्रा महावीर चौक से शुरू होकर रामघाट पहुंची जहां मलय नदी में जल भरकर एनएच 39, मेलाटांड़ मस्जिद मोहल्ला होते हुए पुन: महावीर चौक पहुंची जहां वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ पंडित जी ने यज्ञ मंडप में कलश स्थापना कराया। नवयुवक संघ के सदस्यों ने बताया कि यह नवाह पारायण यज्ञ 9 दिनों तक चलेगा जिसमें दिन में रामचरितमानस का पाठ और रात में वृंदावन से आए हुए कथावाचक द्वारा कथा सुनाया जाएगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, समाज सेवी अजय उरांव, चंदन प्रसाद आदि मौजूद थे।

एग्यारकुंड प्रखंड में तीनों मंडल से एकत्रित माटी को दिल्ली ले जाने के लिए अमृत कलश में किया गया संग्रहित

भाजपा जाति की नहीं, राष्ट्रवाद की बात करती है: पीएन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत एग्यारकुंड भाजपा ने चिरकुंडा में कार्यक्रम आयोजित कर तीनों मंडल से संग्रहित की गई माटी को दिल्ली ले जाने के लिए एक अमृत कलश में संग्रहित किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद के भाजपा सांसद पशुपतिनाथ सिंह भी शामिल थे। उन्होंन अमृत कलश को दिल्ली ले जाने के लिए मंडल अध्यक्ष को सौंप दिया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चिरकुंडा अध्यक्ष बापिसेन गुप्ता और संचालन एग्यारकुंड मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी ने किया। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि भाजपा जात की नहीं राष्ट्रवाद की बात करती है। इसी के तहत प्रत्येक गांव, जिला और राज्य से मिट्टी संग्रहित कर दिल्ली के अमृत कलश वाटिका में भाजपा कार्यकर्ता जाकर सौंपेंगें और वीर शहीदों के प्रति सम्मान अर्पित करेंगे। वहीं, निरसा विधायक अर्पणा सेन गुप्ता ने कहा कि भारत वीरों की धरती है। जहां शहीदों का वंदन और अभिनंदन भाजपा कार्यकर्ता सबसे पहले करेंगे, क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की बात करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यह कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश महापुरुषों एवं शहीदों के प्रति नमन है। इस मौके पर जयप्रकाश सिंह, एग्यारकुंड प्रखंड उप प्रमुख विनोद दास, जिला मंत्री अनिल यादव, दीपा दास, संजय महतो, मुखिया काकोली मुखर्जी, मुखिया रंजीत पासवान, सांसद प्रतिनिधि डीएन पाठक, विजय राय पालस बॉस मुकेश दास और सोनू राय आदि उपस्थित थे।

कलश संग्रह कार्यक्रम को संबोधित करते धनबाद के भाजपा विधायक पीएन सिंह, विधायक अपर्णा सेनगुप्ता व अन्य।

रक्तदान करने से डरें नहीं, बल्कि खुल कर सामने आयें : उपायुक्त

धनबाद डीसी ने खुद रक्तदान कर किया रोटरी ब्लड कलेक्शन वैन का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। डीसी वरुण रंजन ने रोटरी क्लब ऑफ धनबाद की ब्लड कलेक्शन वैन का शुभारंभ रविवार को खुद रक्तदान करने के बाद किया। डीसी ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान शिविर लगाने में यह वैन कारगर सिद्ध होगा। इसमें रक्तदान करने, रक्त को संरक्षित करने सहित अन्य सारी सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो प्रचलित मिथकों के कारण रक्तदान करने से घबराते हैं वे इस वैन को अपने निकट के क्षेत्रों में देखकर प्रोत्साहित होंगे। वहीं रोटरी धनबाद के अध्यक्ष नंद लाल अग्रवाल ने बताया कि डीसी ने नवरात्रा के उपवास के बावजूद रक्तदान कर मिसाल पेश की है। वैन को मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में रक्तदान शिविर के लिए लॉन्च किया जा रहा है जो दूर-दराज में है और बड़े शिविरों के लिए अव्यवहार्य हैं। वैन को धनबाद और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में जाने के अलावा समय-समय पर नेक काम के लिए किसी भी आवासीय परिसर, कॉलेज, बाजार, मॉल में पार्क किया जा सकता है। कोई भी संस्था संपर्क कर इस वैन को रक्तदान शिविर के लिए ले जा सकते है। इस अवसर पर रोटरी क्लब धनबाद ने गिफ्ट ऑफ लाइफ कार्यक्रम की भी घोषणा की। जिसके तहत 6 महीने से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क हृदय सर्जरी अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि, केरल में की जाएगी। इस सर्जरी का पूरा खर्च रोटरी क्लब वहन करेगा। इसके लिए जरूरतमंद लोग जिला प्रशासन और रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के किसी भी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर धनबाद के 25 से भी अधिक समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि सहित सीआईएसएफ डीआईजी विनय कजला, आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह, कमल संघवी, रोटरी क्लब धनबाद के सचिव संजीव बीयोत्रा, राजन गंडोत्रा, रविप्रीत सिंह,गगन दूधानी, अंजू गण्डोत्रा, वीरेश दोषी,राजेश मटालिया आदि उपस्थित थे।

रक्तदान करते धनबाद के डीसी वरुण रंजन।

विस्थापित संवेदक समिति के सदस्यों की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

कथारा (आजाद सिपाही)। विस्थापित संवेदक समिति के सदस्यों की बैठक रविवार को कृष्ण चेतना क्लब प्रांगण में हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने की। यहां 16 अक्टूबर को कथारा कोल वाशरी के पीओ के साथ होने वाली वार्ता, 29 या 30 अक्टूबर को मिलन समारोह करने और विभिन्न प्रकार का निर्णय किया गया। सचिव विजय कुमार सिंह ने कहा कि इनदिनों कथारा क्षेत्र के संवेदकों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। वे जिस क्षेत्र में कार्य करते हैं, वहां बाहरी लोग की दखल बढ़ गयी है। इसके लिए आगामी दिनों बड़े अमूल चूल परिवर्तन देखने को मिलेगा। कुछ बाहरी लोग जो कार्य में विघ्न डालने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोग के कार्यो को लेकर वरीय अधिकारियों से मिलकर बात रखी जाएगी।

प्रबंधन अपनी कार्यशैली में सुधार लाये : योगेंद्र प्रसाद

बरवाबेड़ा के विस्थापितों और बीएंडके प्रबंधन की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली/बेरमो। बरवाबेड़ा के विस्थापितों और सीसीएल बीएंडके प्रबंधन के साथ रविवार को बैठक हुई। बैठक सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के करगली स्थित ऑफिसर क्लब में आयोजित हुई। इसमें दर्जा प्राप्त मंत्री सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र महतो भी उपस्थित रहे। बैठक में रैयत विस्थापित को नियोजन, मुआवजा व पुनर्वास को लेकर चर्चा हुई। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रबंधन विस्थापितों को टाल मटोल और प्रशासन का भय दिखाकर खदान संचालित करना चाहता है। जिसे कभी नहीं होने दिया जाएगा। प्रबंधन अपनी कार्य शैली में सुधार लाये। उन्होंने कहा कि प्रबंधन एक कदम बढ़ाए विस्थापित प्रबंधन की तरफ तीन कदम बढ़ायेगा। उन्होंने कहा कि प्रबंधन विस्थापितों को घर, बाड़ी, पशु, कुआं आदि का मुआवजा पैकेज बनाकर उपलब्ध करें। प्रबंधन अब तक जितने लोगों को भी नियोजन मुआवजा दिया है उसकी सूची उपलब्ध कराये। वहीं, महाप्रबंधक एमके राव ने कहा कि प्रबंधन विस्थापितों को साथ लेकर परियोजना संचालित करना चाहती है। जहां भी समस्याएं हैं उसका बैठक कर निदान किया जाएगा। जिला सचिव जयनारायण महतो व आलमगीर खान ने कहा कि प्रबंधन हमेशा से विस्थापितों को ठगते हुए सिर्फ कोयला उत्पादन में लगी रहती है। विस्थापितों के सुख-सुविधा व गांव के विकास में कोई भी ध्यान नहीं देता है। खदान गांव के नजदीक आ चुका है। ब्लास्टिंग के कारण गांव का अधिकांश मकान क्षतिग्रस्त हो चुका है। बैठक के दौरान प्रबंधन के द्वारा कई जानकारी व दस्तावेज प्रस्तुत नही किये जाने के कारण बैठक में कोई निष्कर्ष नही निकल सका। दुर्गा पूजा के बाद पुनः बैठक करने का निर्णय लिया गया। वहीं, विस्थापितों ने बताया कि एकेकेओसीपी (खासमहल) परियोजना में बरवाबेड़ा, दरगाह मोहल्ला, कुरपनिया एवं अन्य गांव का जमीन वर्ष 1976 में अधिकरण किया गया था। जिसमें लगभग 500 घरों से अधिक लोग प्रभावित हैं। जो वर्तमान में प्रदूषण, ब्लास्टिंग, पेयजल आदि विभिन्न समस्याओं से ग्रसित हैं। प्रबंधन द्वारा गांव के लगभग 482.50 एकड़ जमीन अधिकरण कर खदान, रेलवे, कोनार साइडिंग निर्माण कर गांव से सटकर कंपनी नियम विरुद्ध काम कर रही है। कहा कि प्रबंधन द्वारा अबतक 2 प्रतिशत विस्थापितों को नौकरी व जमीन का मुआवजा उपलब्ध कराया है। जबकि अब भी 98 प्रतिशत लोग अधिकार से वंचित है। प्रबंधन अन्य रैयत विस्थापित को नियोजना मुआवजा कोल इंडिया की आरएंडआर पॉलिसी के तहत उपलब्ध कराये। इस मौके पर पीओ केएस गेवाल, रेवेन्यू अधिकारी बीके ठाकुर व दीपक कुमार, आरआर नायक, भोलू खान, रंजीत महतो, दीपक महतो, किशोर कुमार, रीतलाल महतो, मो सफिरूद्दीन, मो कसीन, मो हैदर, मो कुर्बान, हाजी यशीन, मो कुतुब, मो कमरुद्दीन, मो हाकिम, मो जहीर आदि उपस्थित थे।

आर्थिक रूप से कमजोर को झरिया विधायक ने इलाज के लिए की 50 हजार रुपये की मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भौंरा निवासी धर्मेंद्र वर्मा की बीमार पत्नी पूनम देवी के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकानुदन निधि से मिले 50 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट रविवार को अपने आवास रघुकुल में सौंपा। बताते चलें कि धर्मेंद्र की पत्नी पूनम देवी डेंटिजेरस सिस्ट नामक बीमारी से ग्रसित है। उसका इलाज सीएमसी वेल्लोर में निर्धारित है। आर्थिक स्तिथि खराब होने के कारण धर्मेंद्र ने झरिया विधायक से मदद की गुहार लगाया था। जिसके बाद विधायक ने धर्मेंद्र को शल्य चिकित्सा के लिए 50 हजार की सहायता राशि सौंपी।

अभाविप जरीडीह प्रखंड इकाई का हुआ पुनर्गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

जरीडीह/बेरमो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जरीडीह प्रखंड का पुनः इकाई गठन बोकारो जिला सोशल मीडिया संयोजक रोशन जायसवाल के नेतृत्व में जैनामोड़ हनुमान मंदिर प्रांगण में हुआ। जिसमें जिला संयोजक मंजीत सिंह एवं बोकारो महानगर मंत्री पवन कुशवाहा भी उपस्थित रहे। जिला संयोजक ने छात्रों को अभाविप की कार्य पद्धति और सिद्धांतों के बारे में बताया। दायित्व को लेकर बताया कि जरीडीह प्रखंड के नगर मंत्री देवराज साव, सह नगर मंत्री जयराज साव, रितेश सिंह, सोनू सिंह, गौतम तिवारी, एसएफडी प्रमुख ऋषभ पांडे, एसएफडी सह प्रमुख सुदीप नायक, सूरज कुमार, एसएफएस प्रमुख रूपेश मोदी, ऋषि शर्मा, एसएफएस साह, प्रमुख सत्यम कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य आशुतोष लहरी, सोनू कुमार, कलामंच प्रमुख श्रुति कुमारी, सोशल मीडिया प्रभारी शिवम सिंह आदि को पदभार सौंपा गया है।

बोकारो के सभी क्षेत्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार कर रहा प्रयास : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। कार्तिक नगर में विधायक मद से बनने वाले पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने किया। उन्होंने कहा कि वे सभी क्षेत्रों की समस्याओं को दूर करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। बोकारो में स्वस्थ्य सेवा को बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। इस पथ के निर्माण की पुरानी मांग थी जिसे आज पूरा किया। इसके बन जाने से आम जन को काफी सुविधा मिलेगी। उइस मौके पर संजय त्यागी, अमित सिंह, मनजीत सिंह, अजय कुमार, संतोष कुमार, सुरेश बड़ाइक, आनंद कुजूर, निमाई माझी, महेश बड़ाईक, पिंटू उरांव, राजेंद्र लोहरा, मनोज कुमार, विजय कालिंदी, श्रीराम कुमार, राम सागर गुप्ता, पन्नालाल चौरसिया, लालबाबू यादव, गंगासागर गुप्ता और देवीलाल गुप्ता आदि मौजूद थे।

एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक में प्रबंधन ने दिया पांच हजार का उपहार, हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। निरसा मासस कार्यालय में रविवार को एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महेश मंडल ने की। जिसमें यूनियन के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी उपस्थित थे। बैठक में एमपीएल कामगार यूनियन द्वारा एमपीएल प्रबंधन से बोनस की मांग की सफलता पर खुशी जाहिर की गई। एमपीएल प्रबंधन पांच हजार रुपये का उपहार देने के लिए तैयार हो गया है। सभी मजदूर यूनियन ने अरूप चटर्जी का आभार प्रकट किया। महेश मंडल ने कहा कि एमपीएल के विस्थापित, गैर विस्थापितों एवं कर्मचारी की एकता का ही नजीता है कि आज इतनी बड़ी जीत हासिल हुई है। वहीं, अरूप चटर्जी ने कहा कि प्रबंधन ने कहा कि मजदूरों की मांग 20 फीसदी बोनस था, लेकिन इस वर्ष पांच हाजर रुपये का गिफ्ट दिया जाएगा। 2024 में 90 दिन पूर्व बोनस की घोषणा की जाएगी। मजदूरों की शिकायत थी कि कैंटीन में उच्च गुणवत्ता युक्त भोजन नहीं मिलता है। इस समस्याओं का भी समाधान हो गया है। 21 हजार तक जिनका वेतनमान है उनके आश्रितो को स्वास्थ्य सहित अन्य समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। बैठक में तुलसी तिवारी, एमपीएल कामगार यूनियन के प्रभु सिंह, रंजीत दे, महेश मंडल, चंदन मंडल, केशव तिवारी, मनोज मंडल, हराधन बाउरी, चिरंजीत मंडल, शमीम अथर, आनंद महतो, बंकीम दास, अशोक गोराई, याकूब अंसारी आदि उपस्थित थे।

सड़क किनारे फुटपाथों को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत के प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने रविवार को शहरी क्षेत्र सहित सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बने फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को 500 रुपये जुर्माना देना होगा। वहीं, दुर्गा मंदिर मोड़ के समीप ऑटो लगाने पर भी जुर्माना वसूल किया जाएगा। पदाधिकारी ने बताया कि दक्षिण की ओर जाने वाले ऑटो न्यू बस स्टैंड यात्री शेड में रहेंगे। जबकि उत्तर की ओर जाने वाले तालाब के समीप रहेंगे। शहर को सुसज्जित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में चेताते हुए कहा कि नियम कानून के उल्लंघन करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बोकारो मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से विद्यापति सम्मान समारोह का आयोजन

मैथिली भाषा की मधुरता और कला-संस्कृति मिथिला की पहचान: एसपी प्रियदर्शी आलोक

हमर मोनक गाम में ई शोर भ' गेलै अहां एलियै अन्हार में इजोर भ' गेलै

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से शुक्रवार की शाम सेक्टर-4 स्थित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यापति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के एसपी प्रियदर्शी आलोक के अलावा डालमिया सीमेंट, बालीडीह, बोकारो के सीईओ प्रिय रंजन, मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार, उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, महासचिव अविनाश कुमार झा, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष हरि मोहन झा, सचिव पीके झा चंदन और मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर महाकवि विद्यापति की तस्वीर पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर एसपी प्रियदर्शी आलोक, प्रिय रंजन व निक्की रंजन को मिथिला की परंपरानुसार पाग, शॉल व मिथिला पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। परिषद् द्वारा इस वर्ष अप्रैल में आयोजित दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह में नाटक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शामिल बोकारो के कलाकारों सहित परिषद् के सक्रिय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एसपी व प्रिय रंजन ने सम्मानित किया। साथ ही मिथिला से आये शिक्षाविद अरुण कुमार झा, मंजू झा व दिगंबर झा को भी सम्मानित किया गया।

कलश स्थापन के साथ नवरात्र का शुभारंभ

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। नवरात्र के प्रथम दिन रविवार को विभिन्न पंडालों और मंदिरों में कलश स्थापित किया गया। प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना की गयी। कई लोगों ने घर में नवरात्र की पूजा शुरू की। कई मंडपों में रविवार से ही संध्या आरती शुरू हो गयी। नवरात्र शुरू होने से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। फुसरो नगर क्षेत्र के करगली गेट दुर्गा मंदिर, ढोरी स्टाफ क्वार्टर दुर्गा मंदिर, बैंक मोड़ फुसरो दुर्गा मंदिर, सेंट्रल कॉलोनी दुर्गा मंदिर, जवाहर नगर दुर्गा मंदिर, शारदा कॉलोनी, कल्याणी दुर्गा मंदिर, नावाखाली पाड़ा दुर्गा मंदिर, करगली बाजार, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, सुभाष नगर दुर्गा मंदिर, फुसरो स्टेशन दुर्गा मंदिर सहित पिछरी, अंगवाली आदि पंडालों में कलश स्थापना की गयी। नवाखाली पाड़ा करगली बाजार में बंगाली रीति-रिवाज के साथ पूजा हो रही है। यहां पंडित मुंकुद भट्टाचार्य पूजन कराने में लगे हुए है। पूजा के यजमान अनादी चटर्जी है। यहां मां दुर्गा की एक अलग प्रतिमा कमरे में स्थापित कर पूजा हो रही है। नवरात्र प्रारंभ होते ही पूरे बेरमो में दुर्गा पूजा की छटा प्रारंभ हो गयी।

न्यूज रील्स

होमगार्ड और चालक गिरफ्तार

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। खोरधा जिले के बेगुनिया पुलिस थाने से जब्त की गयी समान की तस्करी की एक घटना रात में हुई। होमगार्ड और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार होमगार्ड की पहचान प्रकाश मुदुली के रूप में हुई है।खोरधा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीपीओ को जांच का जिम्मा सौंपा गया है। बेगुनिया पुलिस ने शनिवार को बेगुनिया कंटाबाड गांव से बड़ी मात्रा में पटाखे जब्त किये। बाद में रात को बेगुनिया मिनी स्टेडियम के सामने एक कार ने सीरीज दुर्घटनाएं घटायी। इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की भी मौत हो गयी। हालांकि जब कार को जब्त किया गया, तो उसमें भारी मात्रा में शराब थी और उक्त कार को बेगुनिया पुलिस स्टेशन लाया गया। हालांकि, दोनों घटनाओं के जब्त किये गये सारे सामान को पुलिस स्टेशन के पिछले गेट से एक मारुति ओमिनी कार से लेते समय स्थानीय लोगों ने घेर लिया। इसके बाद गांव वालों ने इसकी सूचना एसडीपीओ को दी। घटना के सिलसिले में एक होमगार्ड और एक कार चालक को गिरफ्तार किया गया है। खोरधा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और एसडीपीओ को जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य संयुक्त सचिव आराधना पटनायक ने एम्स का दौरा किया

एम्स ने अपनी दशकों की यात्रा में जनता का विश्वास जीता : डॉ आशुतोष विश्वास

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एम्स भुवनेश्वर ओड़िशा के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोगों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदान कर रहा है। राष्ट्रीय संस्थान में मरीजों की दैनिक उपस्थिति एम्स, भुवनेश्वर पर जनता के भरोसे को साबित करती है। भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की संयुक्त सचिव आराधना पटनायक (आइएएस) ने कहा कि चाहे वह चिकित्सा शिक्षा हो, अनुसंधान हो, उपचार हो या सहयोग हो, इसने शानदार दशकों की यात्रा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और ख्याति अर्जित की है। राष्ट्रीय संस्थान के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान आराधन पटनायक ने विभिन्न विभागों का दौरा किया और रोगियों और उनके रिश्तेदारों से बातचीत की। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने संस्थान में संयुक्त सचिव का स्वागत करते हुए चल रही विकासात्मक परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। डॉ विस्वास ने कहा कि एम्स भुवनेश्वर चिकित्सा पेशेवरों और कर्मचारियों के समर्पण और सहानुभूतिपूर्ण प्रयासों के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जनता की धारणा को बदलने में सक्षम है। डॉ विस्वास ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपने व्यापक दृष्टिकोण के साथ इसने कई उपलब्धियां और गौरव हासिल किया है।

संयुक्त सचिव ने अस्पताल में स्वच्छ और स्वच्छ वातावरण बनाये रखने की प्रतिबद्धता के लिए एम्स भुवनेश्वर की भी सराहना की। एनआइआरएफ और इंडिया टुडे रैंकिंग में साल दर साल आगे बढ़ने के लिए उन्होंने एम्स को बधाई दी। संयुक्त सचिव के साथ कार्यकारी निदेशक डॉ विश्वास के साथ डीइएएन डॉ पीआर महापात्रा, डॉ सत्यजीत मिश्रा, डॉ सौभाग्य कुमार जेना, चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा और डीडीए (प्रभारी) रस्मी रंजन सेठी भी मौजूद थे। अपनी यात्रा के दौरान आराधना पटनायक ने प्रधानमंत्री के डिजिटल भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एम्स की सफलता को स्वीकार करते हुए ओपीडी काउंटर से अपना एबीएचए नंबर जेनरेट किया।

आराधना पटनायक एम्स भुवनेश्वर के छात्रों से विशेष रूप से प्रभावित हुईं और उन्होंने समाज के प्रति उनके दृष्टिकोण और करुणा की प्रशंसा की। उन्होंने बाहंगा रेल त्रासदी से निपटने, विशेष कर मृतकों के शवों के प्रबंधन में एम्स भुवनेश्वर के कुशल प्रबंधन की भी सराहना की। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि एम्स भुवनेश्वर ने अनुसंधान और रोगी देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई राष्ट्रीय संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।

रिटेलर विक्रेता प्रशिक्षण शुरू

मिलेगी 1.40 करोड़ रिटेलर विक्रेताओं को डिजिटल ट्रेनिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। रिटेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम रविवार से शुरू हो गया। केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसका उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से देश के 1 करोड़ 40 लाख रिटेलर विक्रेताओं को डिजिटल प्रशिक्षण मिलेगा। आपके मोबाइल पर ऐप डाउनलोड करके या वेबसाइट के माध्यम से आपको कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा। रिटेलर विक्रेताओं के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कौशल विकास मंत्रालय के तहत कोका-कोला इंडिया और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा आयोजित किया गया है। अजय देश में पहली बार सोआ यूनिवर्सिटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रशिक्षण के बाद रिटेलर विक्रेताओं को सुपर पावर रिटेलर का दर्जा मिलेगा। यह कार्यक्रम व्यापारियों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है कि वे कैसे अधिक कुशल बनें और अपने व्यापार के दायरे और मुनाफे को कैसे बढ़ायें। कौशल विकास ऐप में कई वीडियो हैं, जिनके माध्यम से व्यापारी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा विभाग का लक्ष्य अधिक से अधिक बड़े औद्योगिक संगठनों और व्यवसायों को इस ऐप से जोड़ना है। आइआइएम इस कार्यक्रम में जोड़ी व्यापारियों की शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ऐप में पाठ्यक्रम शामिल करेगा।



संबलपुर मंडल की अंतरमंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। पूर्व तट रेलवे संबलपुर मंडल ने शनिवार को रेलवे सामुदायिक हॉल, संबलपुर में अंतर मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य)-2023 का आयोजन किया। इसमें संबलपुर मंडल, खुर्दा रोड मंडल, वाल्टेयर मंडल, पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) और मंचेश्वर वर्कशॉप, भुवनेश्वर की टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और पूर्व तट रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सिद्धार्थ काती और संबलपुर के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि विनीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता के आयोजन से प्रतियोगियों को अपनी छिपी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में समूह नृत्य की श्रेणी में संबलपुर मंडल ने पहला, मंचेश्वर वर्कशॉप ने दूसरा और खुर्दा रोड मंडल ने तीसरा स्थान हासिल किया और एकल नृत्य की श्रेणी में खुर्दा रोड मंडल के लिप्सा रे ने पहला, पूर्व तट रेलवे (मुख्यालय) की निकिता श्रीवास ने दूसरा और संबलपुर मंडल कि प्रियंसा साहू ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के निर्णायक आलोक कुमार पांडा, आरके कनहर और सुंदरलाल पटेल थे। संबलपुर के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी जुसुफ कबीर अंसारी ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

सोआ कृषि विवि में राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राष्ट्रीय विकास कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षा और अनुसंधान विभाग (सोआ) द्वारा संचालित कृषि विज्ञान संकाय (आइएएस) में आयोजित किया गया। प्रो प्रदिप्त कुमार नंद कुलपति सोआ ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कृषि विज्ञान में कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। समापन समारोह में कृषि महाविद्यालय के डीन प्रो संतोष कुमार राउत ने भाग लिया और विचार व्यक्त किया कि विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है। यह कार्यक्रम अशोक कुमार नायक डीजीएम कौशल विकास और उद्यमिता सोआ के सहयोग से आयोजित किया गया था। सोआ के अतिरिक्त डीन (अनुसंधान) डॉ प्रियब्रत पटनायक, सलाहकार प्रो बिजय कुमार साहू भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

समापन कार्यक्रम में 240 छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, जबकि इस वर्ष 28 से 29 अप्रैल तक कार्यक्रम में जैविक खेती, मशरूम की खेती और मधुमक्खी पालन से संबंधित तकनीकों का अध्ययन किया गया। कौशल विकास कार्यक्रम प्रशिक्षक डॉ. राकेश रोशन शतपथी, डॉ बिष्णुप्रिया पत्र, डॉ स्वयं सिंह, डॉ सत्य नारायण शतपथी, प्रो ब्रज किशोर साहू, डॉ अभिषेक त्रिपाठी, डॉ दीप्तनु दत्त, डॉ रिटन चौधरी उपस्थित थे।

23 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनायें : नवीन जिंदल

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर। फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने रेवेनशॉ विश्वविद्यालय में एक स्मारक राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए आग्रह किया कि चूंकि हमें 23 जनवरी को सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित करने का अधिकार मिला है, इसलिए हमें इस दिन को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनाना चाहिए। भारत के लिए भी राष्ट्रीय ध्वज दिवस मनाने का समय आ गया है और 23 जनवरी इसके लिए उपयुक्त दिन है।

श्री जिंदल ने प्रत्येक भारतीय को गर्व, सम्मान और गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज को उड़ाने और प्रदर्शित करने का अधिकार देने के लिए एक दशक लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी। 23 जनवरी को, भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि सभी भारतीयों को गरिमा के साथ भारतीय ध्वज को स्वतंत्र रूप से प्रदर्शित करने का मौलिक अधिकार है।

इस अवसर पर कटक नगर निगम के महापौर सुभाष सिंह, विधायक (चौद्वार-कटक) सौविक बिस्वाल, कटक नगर निगम के आयुक्त निखिल पवन कल्याण (आइएस), रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के उप-कुलपति डॉ संजय कुमार नायक और रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कान्हू चरण मलिक (ओएएस) के साथ श्री जिंदल ने ऐतिहासिक रेवेनशॉ विश्वविद्यालय परिसर में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्थापित 108 फुट ऊंचे स्मारक ध्वज स्तंभ पर 36 फुट गुणा 24 फुट का तिरंगा फहराया।

सुभाष सिंह ने राज्य के विकास में मुख्य रूप से औद्योगीकरण में पर्याप्त निवेश के माध्यम से श्री जिंदल के महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनकी सराहना व्यक्त की। सौविक बिस्वाल ने पूरे भारत में स्मारकीय झंडे स्थापित करके राष्ट्रवाद के आदर्शों को फैलाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए श्री जिंदल की सराहना की।

राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ असीमा साहू, रेवेनशॉ यूनिवर्सिटी टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ धर्मब्रत महापात्र, एफएफओआई के सीइओ मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) असिम कोहली, जेएसपी के अध्यक्ष और समूह प्रमुख (सीएसआर और शिक्षा), प्रशांत कुमार होता और विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**